kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-125 ❒ शुक्रवार, 05 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



'एलओपी का मतलब 'लीडर ऑफ प्रोपेगैंडा' (प्रचार का नेता) है, न कि 'लीडर ऑफ अपोजिशन' (विपक्ष का नेता)। वह अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बारे में उन दावों के ज़रिए दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे थे, जो बेबुनियाद हैं। शहजाद पूनावाला

अमेरिका का रूस के साथ संबंध बनाए रखना जरूरीः मार्को रुबियो 11

भारत-पाक सीमा से सटे पठानकोट क्षेत्र में पुलिस-बीएसएफ ने चलाया सर्च ऑपरेशन 12

## संक्षेप

### भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित किये 11 उम्मीदवारों के नाम

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विभिन्न राज्यों से राज्यसभा चुनाव के लिए गुरुवार को 11 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग मध्य प्रदेश से प्रत्याशी बनाये गये हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने अरुणाचल, गुजरात मध्य प्रदेश, मणिपुर और राजस्थान से राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव तथा ओडिशा से राज्यसभा के उप चुनाव के पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर अपनी सहमति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने अरुणाचल से श्री ताई तागाक को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, गुजरात से श्री राजूभाई शुक्ला, श्री मुकेश राठवा, श्री मानसिंह परमार और जीतेद्र मेघजीभाई कंजारिया पार्टी के उम्मीदवार होंगे। इसके साथ ही पार्टी ने श्री तरुण चुघ और श्री सतीश अग्रवाल को मध्य प्रदेश से , श्रीमती ए. शारदी देवी को मणिपुर से और डॉ. अलका गुर्जर तथा डॉ. सतीश पूनिया को राजस्थान से उम्मीदवार बनाया है। श्री सिंह ने बताया कि ओडिशा से एक सीट के लिए होने वाले उप चुनाव के लिए श्री देबाशीष सामंतराय पार्टी के उम्मीदवार बनाये गये हैं।

### इजरायल-लेबनान सशर्त संघर्ष विराम समझौते पर हुए सहमत

**वाशिंगटन।** इजरायल और लेबनान अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद संघर्ष विराम लागू करने पर सहमत हो गए हैं। अल जज़ीरा के रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों ने हालांकि स्पष्ट किया है कि इस शांति समझौते का भविष्य पूरी तरह से 'हिजबुल्ला के हमलों को पूर्णतः बंद करने' और दक्षिणी लेबनान से अपने लड़ाकों को हटाने पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि वाशिंगटन डीसी में बुधवार को हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया था। आधिकारिक तौर पर आपस में कोई राजनयिक संबंध न रखने वाले दोनों पड़ोसी देशों ने इस बैठक में सीमावर्ती इलाकों में कुछ सुरक्षित क्षेत्र (पायलट जोन) बनाने पर भी सहमति जताई। इन विशेष क्षेत्रों में किसी भी गैर-सरकारी हथियारबंद संगठन या बाहरी तत्व के प्रवेश पर पूरी तरह रोक होगी और पूरे क्षेत्र का नियंत्रण विशेष रूप से लेबनान की सरकारी सेना के हाथों में सौंप दिया जाएगा।

### जमीन में दफन होगा परमाणु कचरा

**हेलसिंकी।** फिनलैंड ने परमाणु कचरे को हमेशा के लिए ठिकाने लगाने का एक अनोखा और सुरक्षित तरीका ढूंढ निकाला है। वैज्ञानिकों ने दुनिया का पहला ऐसा 'परमाणु डस्टबिन' तैयार किया है, जहां रेडियोएक्टिव (परमाणु) कचरे को एक लाख साल के लिए बंद कर दिया जाएगा। इतने लंबे समय में यह कचरा प्राकृतिक रूप से शांत होकर सुरक्षित हो जाएगा।

# अफसरशाही की जवाबदेही तय करने का समय आ गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



❒ हाईकोर्ट का यूपी सीएम से आग्रहः अधीनस्थों की गलतियों के लिए शीर्ष अधिकारियों को भी ठहराया जाए जवाबदेह, लालफीताशाही और भ्रष्टाचार पर जताई चिंता

❒ कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह इस फैसले को सीधे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करें

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक अहम आदेश में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वह इस बात को स्वीकार करें कि अब वह समय आ गया है, जब वरिष्ठ अफसरों और शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को उनके विभागों या उनके अधीन काम करने वालों की चूकों के लिए जवाबदेह और यहां तक कि आपराधिक रूप से भी ज़िम्मेदार ठहराया जाए। जस्टिस विनोद दिवाकर की बेंच ने कहा कि राज्य को 'उच्च ज़िम्मेदारी' का सिद्धांत अपनाना चाहिए, जिसके तहत प्रशासनिक पदानुक्रम में वरिष्ठ अफ़सरों को जवाबदेह ठहराया जाता है।

हाईकोर्ट ने आगे कहा कि उचित मामलों में उन्हें अपने अधीन काम करने वालों द्वारा किए गए गलत कामों या चूकों को रोकने या दंडित करने में उनकी विफलता के लिए आपराधिक रूप से भी ज़िम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। बेंच ने अपने 16 पृष्ठ के आदेश में कहा, 'वरिष्ठ अफ़सरों को अपने अधीन काम करने वालों के आचरण और प्रदर्शन के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना उनकी पेशेवर और प्रशासनिक, दोनों तरह की ज़िम्मेदारी है।'

कोर्ट ने संस्थागत पतन के दो अलग-अलग रूपों के प्रति आगाह किया-'मन का भ्रष्टाचार' जिसके तहत आधिकारिक सत्ता की आड़ में निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया को जानबूझ कर विकृत किया जाता है। 'पैसे का भ्रष्टाचार', जिसके तहत सार्वजनिक पद को व्यक्तिगत आर्थिक लाभ का ज़रिया बना लिया जाता है। बेंच ने कहा, 'ऐसी जवाबदेही को वैध रूप से आपराधिक दायित्व तक बढ़ाया जा सकता है, जहां रोकने या दंडित करने में विफलता के कारण भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, रिकॉर्ड को जानबूझकर छिपाना, सरकारी आदेशों और राजपत्र अधिसूचनाओं की अवमानना और 'राज्य की नीतियों' तथा 'कार्यक्रमों' (जैसे कि संगठित और संस्थागत भ्रष्टाचार के प्रति 'शून्य सहनशीलता' की नीति) को लागू करने में विफलता जैसे आपराधिक कृत्य होते हैं...'। यह टिप्पणी एकल जज द्वारा व्यवसायी (याचिकाकर्ता-अवनीश कुमार अग्रवाल) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की गईं। इस याचिका में बरेली स्पेशल कोर्ट द्वारा पारित उस आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें याचिकाकर्ता के पासपोर्ट के नवीनीकरण के लिए 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' जारी करने की उसकी अर्जी खारिज की गई। इसके अतिरिक्त, 'कुछ अज्ञात शरारती तत्वों' द्वारा सरकारी कार्यालय में आग लगाकर आधिकारिक रिकॉर्ड को नष्ट करने के आरोप भी लगाए गए।

हाईकोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ता ने दलील दी कि एक एफआईआर में जांच लगभग 2 दशकों से लंबित है। दूसरी एफआईआर में 18 वर्षों की देरी के बाद वर्ष 2024 में ही आरोप-पत्र दाखिल किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि आरोप उन्हें परेशान करने के लिए ही लगाए गए और हाईकोर्ट की एक कोऑर्डिनेट बेंच ने उनके खिलाफ चल रही कार्यवाही पर पहले ही रोक लगा दी थी। इस पृष्ठभूमि में याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि वह एनओसी पाने का हकदार है। हालांकि, राज्य के वकील ने आरोपों की गंभीरता का हवाला दिया और याचिका में मांगी गई राहत का विरोध किया। हाईकोर्ट ने मनीष कुमार सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में हाईकोर्ट के 2023 के आदेश का ज़िक्र किया, जिसमें राज्य सरकार को एक उच्च-स्तरीय समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। इस समिति का काम भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के मामलों में सरकारी विभागों द्वारा दर्ज एफआईआर की जांच की निगरानी के लिए दिशा निर्देश तैयार करना था। उस मामले में अन्य निर्देशों के अलावा, डिवीज़न बेंच ने निर्देश दिया था कि जाँच को चरणबद्ध तरीके से और तेज़ी से पूरा किया जाए। मौजूदा मामले में बेंच को बताया गया कि 2023 के फैसले के बाद उच्च-स्तरीय ● शेष पेज 11 पर

# सैन्य कमांडरों के वित्तीय अधिकार दोगुने



**एजेंसी**

## बढ़ेगी ताकत

❒ सेनाओं को सालाना खरीद के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की वित्तीय शक्तियां मिलीं


❒ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फील्ड कमांडरों की वित्तीय सीमा दोगुनी करने को मंजूरी दी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेनाओं की परिचालन दक्षता मजबूत करने के लिए फील्ड कमांडरों की वित्तीय सीमा दोगुनी करने को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज 'रक्षा सेवाओं को वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन' जारी किया। इसके तहत राजस्व से जुड़ी खरीद के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की सालाना कीमत वाली वित्तीय शक्तियां दी गई हैं। इस फैसले से फील्ड कमांडरों को और ज्यादा अधिकार मिलेंगे, जिससे फैसले लेने की प्रक्रिया तेज होगी और ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार रक्षा विभाग में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए स्वदेशीकरण, अनुसंधान और विकास के लिए संशोधित वित्तीय शक्तियां दोगुनी कर दी गईं हैं। सशस्त्र सेनाओं के लिए संयुक्त खरीद को तेज करने के लिए बढ़ी हुई शक्तियों के साथ नए प्रावधान पेश किए गए हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार की यह पहल फील्ड कमांडरों को और ज्यादा अधिकार देगी, जिससे फैसले लेने की प्रक्रिया तेज होगी और आखिरकार हमारी ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ावा मिलेगा। 'रक्षा सेवाओं को वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन' जारी करते हुए उन्होंने कहा कि इस नए दस्तावेज का मकसद रक्षा क्षेत्र में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा देना और विदेशी निर्भरता को कम करना है। उन्होंने कहा कि यह रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने में बहुत मददगार साबित होगा, जिसमें लघु उद्योग और स्टार्टअप्स समेत निजी कंपनियों की भी भागीदारी होगी। काम से जुड़े प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए दी गई वित्तीय शक्ति को दोगुना करने से काम तेजी के साथ समय पर पूरा हो सकेगा। वित्तीय शक्तियों के दोगुना करने से मौजूदा साल के बजट आवंटन के अनुसार 1.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की खरीद आसान हो जाएगी। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद का विकेंद्रीकरण करने के लिए कई नए सक्षम वित्तीय अधिकारियों को पेश किया गया है। ● शेष पेज 11 पर

# 206 पुलिस उपाधीक्षकों का तबादला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। पुलिस विभाग में तबादलों का सिलसिला जारी है। डीजीपी मुख्यालय ने 206 पुलिस उपाधीक्षकों की तबादला सूची जारी की है। मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात सीओ जितेन्द्र कुमार (द्वितीय) को शाहजहांपुर भेजा गया है। ऐसे ही अनुरुद्ध कुमार को महाराजगंज से महोबा, अभिषेक सिंह को कौशांबी से बलरामपुर, पंकज पंत को शाहजहांपुर से रामपुर, उदय प्रताप सिंह (द्वितीय) को गोरखपुर से कमिश्नरेट लखनऊ, मनीष कुमार यादव को मुख्य एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी प्रयागराज से सहायक सेनानायक 4 वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज, प्रशान्त सिंह को मंडलाधिकारी गोरखपुर से कमिश्नरेट वाराणसी, पवन कुमार वर्मा को एलआईयू गोंडा से एलआईयू अयोध्या, विवेक वार्ष्णेय को एलआईयू अयोध्या से मंडलाधिकारी आगरा, रवि प्रकाश सिंह को हरदोई से फतेहपुर, रत्नेश्वर सिंह को गोरखपुर से झांसी, सतीश कुमार राय को कमिश्नरेट लखनऊ से सहायक सेनानायक 6 वीं वाहिनी पीएसी मेरठ, चित्रांश गौतम को कमिश्नरेट कानपुर नगर से बहराइच, भगत सिंह को मुख्य सुरक्षा अधिकारी सचिवालय से सहायक सेनानायक 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के पद पर भेजा गया है।

संतोष कुमार सिंह (द्वितीय) को उन्नाव से रायबरेली, स्तुति सिंह को हापुड़ से संभल, वीर सिंह को फतेहपुर से कमिश्नरेट वाराणसी, हर्षित चौहान को बाराबंकी से सीतापुर, रविन्द्र कुमार सिंह को एएनटीएफ प्रयागराज से महाराजगंज, ज्योतिश्री को बलरामपुर से कमिश्नरेट कानपुर नगर, आशीष निगम को अयोध्या से रायबरेली, अमन सिंह को सीतापुर से संभल, प्रफुल्ल कुमार गुप्ता को एलआईयू बस्ती से सीआईडी मुख्यालय ● शेष पेज 11 पर

# बिहार के मुजफ्फरपुर में अस्पताल में भीषण आग, पांच लोगों की मौत

**एजेंसी**



मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर शहर के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र स्थित प्रसाद अस्पताल में लगी भीषण आग की घटना में अब तक 05 लोगों की मौत हो चुकी है। नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

आग तड़के करीब 3 बजे अस्पताल के आईसीयू वार्ड में लगी थी। इसके बाद देखते ही देखते पूरे अस्पताल में धुआं फैल गया। इससे अस्पताल परिसर के अंदर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि घटना में अब तक 05 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अभी तक की जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है। इससे आईसीयू वार्ड में लगे एसी में ब्लास्ट हुआ और आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। घटना के बाद करीब 12 बड़ी-छोटी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। अस्पताल को खाली कराया गया है। अस्पताल के मरीजों को दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फॉरेंसिक टीम घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रही है। मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर के औराई निवासी शशांक कुमार, मोतीपुर निवासी गीता देवी, शिवहर जिले के तरियानी निवासी उदय कुमार, कृष्ण नंदन और चंचला कुमारी के रूप में हुई है। वहीं घटना में झुलसे कई लोगों का अभी भी अस्पतालों में इलाज चल रहा है, जिनके बारे में ज्यादा जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आग लगने से व्यक्तियों की मृत्यु अत्यंत दुःखद है। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस कठिन समय में संबल दें। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को अविलंब 4-4 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है तथा घायलों के उपचार के लिए सदर अस्पतालों में समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच होगी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में आग लगने से ● शेष पेज 11 पर

# दक्षिण-पश्चिम मानसून ने केरल में दी दस्तक

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तीन दिन की देरी से केरल में गुरुवार को दस्तक दे दी। इसके असर से केरल के साथ-साथ तमिलनाडु और कर्नाटक में कुछ जगहों पर अगले सात दिनों तक भारी बारिश का पूर्वानुमान है। अगले दो-तीन दिन में यह पूरे गोवा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों के अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में आगे बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार मानसून ने तेजी से आगे बढ़ते हुए केरल के साथ-साथ लक्षद्वीप, माहे, कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया है। इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम तथा दक्षिण-पूर्व अरब सागर के बचे हुए हिस्सों और बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ चुका है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 2 से 3 दिनों के भीतर दक्षिण-पश्चिम मानसून के और आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं। इसके जल्द ही पूरे गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक और तमिलनाडु के बाकी हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम ● शेष पेज 11 पर

# दिल्ली में अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट, सघन जांच के निर्देश

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

## सुरक्षा

❒ मुख्यमंत्री योगी ने दिए सभी होटलों-भवनों की फायर सेफ्टी आडिट का निर्देश, गड़बड़ी मिलने पर नपेंगे अधिकारी और गरजेगा बुलडोजर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अग्निशमन सुरक्षा सुनिश्चिचत करने के लिए सभी बहुमंजिला भवनों, सरकारी व निजी दफ्तरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी व गैर सरकारी अस्पताल और होटलों की व्यापक स्तर पर सघन जांच करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली में आग लगने की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी ने संबंधित विभागों को जांच कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि संबंधित भवनों में आग से बचाव के सभी उपाय हैं या नहीं। अन्यथा घटना होने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होगी। माना जा रहा है कि अब नियमों के खिलाफ होटलों-दुकानों और शोरूम व अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ बुलडोजर जैसी कार्रवाई हो सकती है।

दिल्ली के मालवीय नगर में एक होटल में आग लगने की दुखद घटना में 21 लोगों की मौत व कई अन्य घायल हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने इस घटना के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में भवनों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी प्रकार के हादसे में जान की रक्षा की जा सके; मुख्यमंत्री योगी ने जीवन को अमूल्य बताते हुए भवनों में अग्नि व अन्य कारणों से होने वाली घटनाओं से व्यक्ति को बचाया जा सके; इसके लिए लोक निर्माण विभाग,विद्युत सुरक्षा निदेशालय, स्थानीय व नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग और संबंधित संस्थाओं के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थिति भवनों की गहन जांच करें और देखें सुरक्षा के ● शेष पेज 11 पर

# पर्यटन को सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण और रोजगार से जोड़ें: योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

## नीम करोली बाबा सर्किट तथा बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट का होगा विकास



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। पर्यटन विकास को केवल आधारभूत संरचना निर्माण तक सीमित न रखते हुए उसे सांस्कृतिक पुनर्ज़ागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। पर्यटन विकास के माध्यम से स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान, संस्कृति और सेवा क्षेत्र को भी व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े ज्ञान भारतम् मिशन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की प्राचीन पांडुलिपियां हमारी सभ्यता, दर्शन, विज्ञान और सांस्कृतिक चेतना की अमूल्य धरोहर हैं। इनका संरक्षण और डिजिटलीकरण केवल अभिलेखीकरण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम है। बैठक में अब तक 13 लाख 70 हजार से अधिक पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण की प्रगति की जानकारी दी गई। पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश, नवाचार और अनुभव आधारित पर्यटन का अग्रणी केंद्र बनाया जाए। बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट तथा बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट के रूप में नए क्षेत्रों के विकास पर चर्चा हुई। साथ ही 'परंपरा' विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन तथा वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन नीति ऐसी हो जो निवेश आकर्षित करे, रोजगार बढ़ाए और पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नव लोकार्पित 'नौसेना शौर्य वाटिका' और निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना राष्ट्रभक्ति, सैन्य गौरव और भारत की समुद्री विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि इसका संचालन लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय में भारतीय नौसेना के गौरवशाली इतिहास, समुद्री शक्ति, नौसैनिक अभियानों, आईएनएस गोमती की यात्रा, नौवहन परंपरा और भारत की समुद्री विरासत को आधुनिक तकनीक, इंटरैक्टिव गैलरियों, सिम्युलेटर, युवा कैडेट एरीना तथा विविध अनुभवात्मक प्रदर्शनों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना युवाओं में राष्ट्रसेवा, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को और सशक्त करेगी। आगरा में निर्माणाधीन छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रनायकों की प्रेरक गाथाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना राष्ट्रीय दायित्व है। संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, स्वराज्य स्थापना, आगरा आगमन, औरंगजेब के दरबार में उनके अदम्य साहस, आगरा से ऐतिहासिक प्रस्थान, राज्याभिषेक, सैन्य नेतृत्व, हिंदवी स्वराज्य, किलों के ● शेष पेज 11 पर

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान, महापौर ने दी भावभीनी शुभकामनाएं

❒ कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम से दिनांक 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को उनके दीर्घकालीन, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की।



इस अवसर पर महापौर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि नगर निगम के विकास, जनसेवा और शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देने वाले कर्मचारी संस्थान की अमूल्य पूंजी होते हैं तथा उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

सम्मानित किए गए कर्मचारियों में महेन्द्र कुमार, राजू, अशोक कुमार, फारूक, आफताब हैदर, राम कुमार एवं राकेश शामिल रहे। सभी कर्मचारियों को उनके सेवाकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त, मुख्य लेखा अधिकारी महामिलिंद लाल सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

### जलकल मुख्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान, मृतक आश्रितों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

लखनऊ। जलकल मुख्यालय ऐशबाग में गुरुवार को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तथा मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मई-2026 में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में जोन-1 के चौकीदार वीरेन्द्र, जोन-2 के पम्प ऑपरेटर राम बहादुर मौर्य, जोन-5 के गैंगमैन सीता राम, जोन-6 के पम्प ड्राइवर सुरेंद्र विक्रम सिंह तथा जोन-30 के फोरमैन कृष्ण देव मिश्रा शामिल रहे। महापौर ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उनके दीर्घ सेवाकाल और जनसेवा में दिए गए योगदान की सराहना की। इस अवसर पर मृतक आश्रित के रूप में मंजू एवं माया देवी को गैंगमैन पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# सिपाही पर अवैध कारोबार को बढ़ावा देने का आरोप डीसीपी जमुनापार से हटाने की मांग, जांच की अपील

❒ क्षेत्र के लोगों ने डीसीपी जमुनापार से सिपाही को चौकी से हटाने और मामले की जांच कराने की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के जमुनापार औद्योगिक थाना अंतर्गत रामपुर चौकी में तैनात एक सिपाही पर अवैध कारोबार को बढ़ावा देने का आरोप लगा है। क्षेत्र के लोगों ने डीसीपी जमुनापार से सिपाही को चौकी से हटाने और मामले की जांच कराने की मांग की है।

बताया गया है कि यह सिपाही डेढ़ वर्ष से अधिक समय से रामपुर चौकी पर तैनात है। चर्चा है कि वह चौकी इंचार्ज और अन्य उच्चाधिकारियों के आदेशों की अनदेखी करता है। सिपाही का करछना पुलिस सर्किल में लंबे समय से कार्यकाल रहा है, जिसमें कुछ समय के लिए मेजा सर्किल में भी उसका तबादला हुआ था। इससे पहले वह नैनी थाना की जेल रोड चौकी पर भी कई वर्षों तक तैनात रहा है।

आरोप है कि सिपाही बेदो गांव में रात में मिट्टी खोदने वाली जेसीबी मशीनों से प्रति रात 5000 रुपये के अलावा 2000 रुपये अतिरिक्त वसूलता है। इसके अलावा, वह वन माफियाओं के साथ मिलीभगत कर हरे पेड़ों की कटाई में भी कथित तौर पर शामिल है।सिपाही पर बेदो, रामपुर, मुगारी सहित अन्य गांवों में गांजा और कच्ची शराब के अवैध कारोबार को संरक्षण देने और हर महीने धन उगाही करने का भी आरोप है। मध्य प्रदेश से आने वाली काली ओवरलोड गिट्टी को बिना वैध प्रपत्रों के पास कराने के लिए प्रति गाड़ी 1000 रुपये वसूले जाते हैं। नो-एंट्री का समय रात 8 बजे होने के बावजूद, सिपाही कथित तौर पर शाम 6 बजे से ही 100 रुपये प्रति गाड़ी लेकर प्रतिदिन लगभग 80 से 100 गाड़ियों को पास कराता है। इसके अतिरिक्त, सिपाही पर गलुआ बाग, रामपुर और मुगारी में जुए के फड़ लगवाने और प्रतिदिन के हिसाब से अलग-अलग सुविधा शुल्क लेने का भी आरोप है। क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने पुलिस उपायुक्त यमुनापार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच कार्यवाही की माग की है।

### दहेज हत्या की वांछित आरोपी सास गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कलान पुलिस ने दहेज हत्या की वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। थाना परौर क्षेत्र के गांव बर्खेमई निवासी मुकेश कश्यप ने बीती 13 मई को थाना कलान पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री नीलम की शादी हैसियत के अनुसार थाना कलान क्षेत्र के गांव भर्रामई निवासी सोमवीर से की थी। शादी के बाद नीलम का पति और ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में मोटर साइकिल की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन आएदिन उसकी पुत्री का शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने लगे। ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर उसकी पुत्री नीलम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति सोमवीर, ससुर धर्मपाल, सास भानवती, देवर ओमवीर, अनमोल और ननद श्याम प्यारी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और आरोपियों की तलाश में दबिशें दीं। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्ता भानवती पत्नी धर्मपाल को उदियावारा मोड़ के पास गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता भानवती को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना कलान के एसआई पंकज कुमार के साथ कास्टेबल वसु आर्य और महिला कास्टेवल सोनम मौजूद थे।

### मामूली बात पर फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कांट पुलिस ने मामूली बात पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। 13 मई को थाना कांट क्षेत्र के गांव अभायन निवासी कमल किशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पानी खोलने से मना करने पर विपिन कुमार आदि ने उस पर जान से मारने की नियत से फायर किए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फायरिंग करने के आरोपी वांछित अभियुक्त विपिन कुमार पुत्र रामलड़ैते निवासी ग्राम अभायन को रामलीला मैदान के पास गैस एजेंसी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त पर पूर्व में थाना कटरा में अपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त विपिन कुमार के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना कांट के प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह के साथ उपनिरीक्षक शुभम सिंह, हेड कास्टेवल उपदेश कुमार, कास्टेवल राहुल कुमार मौजूद रहे।

### गोसाईंगंज में 40 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को गोसाईंगंज क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही चार अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर किए गए अनियोजित विकास कार्यों पर बुलडोजर चलाया गया।एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने यह अभियान संचालित किया। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के अनुसार ग्राम दुलारमऊ एवं महमूदपुर में अनिल सिंह, काजमी, मनीष कुमार, शुधांशु वर्मा समेत अन्य लोगों द्वारा बिना स्वीकृति के अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी।निरीक्षण के दौरान अवैध प्लाटिंग में बनाई गई सड़कें, चिह्नांकन और अन्य विकास कार्य पाए गए, जिन्हें ध्वस्तीकरण अभियान के तहत हटाया गया। एलडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र और विकास प्राधिकरण की अनुमति के की जाने वाली प्लाटिंग के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के दौरान प्रवर्तन जोन-1 के अधिकारी, अभियंता तथा पुलिस बल मौजूद रहा। एलडीए ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी भूखंड की खरीद से पहले उसकी वैधता की जांच अवश्य कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### हरदोइया बाजार में सड़क किनारे धड़ल्ले से बिक रहा मीट, शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के हरदोइया बाजार में सड़क किनारे खुलेआम संचालित हो रहीं मीट की दुकानों को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नगराम-गंगागंज मार्ग के बीच बाजार क्षेत्र में सरकारी भूमि पर कब्जा कर बिना अनुमति और बिना लाइसेंस के मीट की दुकानें चलाई जा रही हैं। इससे गंदगी, दुर्गंध और यातायात अव्यवस्था की समस्या लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों के मुताबिक अनैय्या खरगापुर स्थित गाटा संख्या 847 की सरकारी भूमि पर कई दुकानदारों ने अवैध कब्जा कर कारोबार शुरू कर रखा है। दुकानों के आसपास सफाई व्यवस्था नहीं होने से मांस के अवशेष इधर-उधर पड़े रहते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र बाजार का व्यस्त इलाका है। मीट की दुकानों से करीब 100 मीटर की दूरी पर पंचशील शिक्षा शांति निकेतन इंटर कॉलेज , सी.पी.एल पब्लिक इंटर कालेज समेत आसपास कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान मौजूद हैं। इसके बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि दुकानों के आसपास आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है, जो मांस के अवशेष उठाकर सार्वजनिक स्थानों तक पहुंचा देते हैं। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। बाबा जय गुरुदेव के अनुयायी रविंद्र कुमार ने बताया कि दुर्गंध के कारण दुकानदारों और ग्राहकों को काफी परेशानी होती है। वहीं मीट खरीदने आने वाले लोगों द्वारा सड़क पर वाहन खड़े किए जाने से जाम की स्थिति भी बनी रहती है। व्यस्त समय में मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो जाता है और राहगीरों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीण रविंद्र कुमार, सुरेश चंद्र मिश्रा सहित कई लोगों ने बताया कि मामले की शिकायत पुलिस प्रशासन और एसडीएम मोहनलालगंज से कई बार की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द अवैध दुकानों को हटाया नहीं गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मामले में नगराम थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि शिकायत की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी और अनियमितता मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन का चाबुक, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**काकोरी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ऐतिहासिक धरती काकोरी के घुरघुरी तालाब पुलिस चौकी क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे अवैध मिट्टी खनन के खेल पर आखिरकार प्रशासन का चाबुक चल ही गया। खनन विभाग की टीम ने अचानक छापेमारी कर मौके से अवैध रूप से मिट्टी ले जा रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़कर सीज कर दिया। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने इस कदम की सराहना की है।छापेमारी से मचा हड़कंप, घेराबंदी कर पकड़े वाहन मिली जानकारी के अनुसार, खनन विभाग को क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। टीम ने रणनीति बनाकर घुरघुरी तालाब पुलिस चौकी क्षेत्र में अचानक दबिश दी। अधिकारियों को देखते ही मौके पर मौजूद अवैध खनन में लगे माफियाओं और मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। अधिकारीयों ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल घेराबंदी की और मौके से मिट्टी से लदे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर लिया। खनन विभाग की इस सख्त कार्रवाई के बाद माफियाओं के हौसले पस्त नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर गूंजा था खनन का मुद्दा, तब जागी व्यवस्था स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस क्षेत्र में सरकारी प्रतिबंध के बावजूद लंबे समय से अवैध खनन का काम धड़ल्ले से जारी था। भारी वाहनों के आवागमन से स्थानीय लोग परेशान थे। हाल ही में सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद उच्च अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और इस सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया।?अधिकारियों की सख्त चेतावनी का कहना है सैफलपुर बहरु भलिया बड़ा गांव बहुरिया खेड़ा वह अन्य जगहों की शिकायत भी है आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई खनन विभाग के अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि क्षेत्र में खनन माफिया पर सख्त से सख्त कार्रवाई पकड़े जाने पर कि जाएगी ।

# देवीबांध हरिजन बस्ती की सड़क जर्जर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

❒ पीडब्लूडी को जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव ,प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव विकास खंड स्थित देवीबांध की हरिजन बस्ती में सड़क की खराब हालत को लेकर सीएम हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत दर्ज कराई गई है। स्थानीय निवासी रवि कांत ने सड़क की मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग की है। यह सड़क बनने के बाद से दोबारा मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं किया गया है, जिससे आवागमन करने वाले लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। विशेषकर, छोटे स्कूली छात्र-छात्राओं को बारिश या अन्य समय में स्कूल आते-जाते समय गिरने का खतरा बना रहता है।

देवीबांध गांव के रवि कांत ने सड़क की मरम्मत के संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर संदर्भ संख्या 92617500063497 के साथ शिकायत दर्ज कराई है। इसका उद्देश्य लोक निर्माण विभाग का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करना है। दर्ज की गई शिकायत को निस्तारण हेतु अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग को प्रेषित किया गया है। अब देखना होगा कि विभाग इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है और सड़क को दुरुस्त करने के लिए मौके पर कोई कदम उठाया जाता है या नहीं।

# नगर आयुक्त ने बारिश से पहले नाला सफाई कार्यो का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर निगम शहर में जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार प्रयासरत है । इस क्रम में मानसून से पूर्व नाला सफाई के दावों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया।




निरीक्षण के दौरान सुंदरपुर, साकेत नगर और संकट मोचन सहित कई इलाकों में मानक के अनुरूप काम न होने और लापरवाही बरतने पर नगर आयुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित फर्म पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और जिम्मेदार अवर अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है ।नगर आयुक्त की इस सख्त कार्रवाई से सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और जिम्मेदार अभियंताओं में हड़कंप मचा हुआ है। निरीक्षण की शुरुआत सुंदरपुर सब्जी मंडी स्थित पुलिया से हुई, जहां मशीनों के माध्यम से नाला सफाई का कार्य चल रहा था। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि काम केवल खानापूर्ति है। सुंदरपुर मछली मंडी के पीछे का नाला पूरी तरह से सिल्ट से भरा हुआ था और उसमें झाड़-झंखाड़ तथा पेड़-पौधे उगे हुए थे। नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पूर्व में कई बार स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि नालों की तली-झाड़ सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके बावजूद गुणवत्ता से लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है।

इस क्रम में उन्होंने साकेत नगर पुलिया, संकट मोचन पुलिया और गांधीनगर कॉलोनी स्थित नरिया नाले का भी निरीक्षण किया। हर जगह लापरवाही मिलने पर नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से संबंधित फर्म अध्या ट्रेडर्स पर 50,000 रुपये का अर्थदंड आरोपित किया। साथ ही कार्य के प्रति उदासीनता बरतने वाले अवर अभियंता पंकज पटेल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त के साथ अधिशासी अभियंता आगम कटियार, सहायक अभियंता कपीश बुधौलिया, विभागीय अवर अभियंता एवं संबंधित सफाई निरीक्षक मौजूद रहे।वाराणसी : नगर निगम शहर में जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार प्रयासरत है । इस क्रम में मानसून से पूर्व नाला सफाई के दावों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुंदरपुर, साकेत नगर और संकट मोचन सहित कई इलाकों में मानक के अनुरूप काम न होने और लापरवाही बरतने पर नगर आयुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित फर्म पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और जिम्मेदार अवर अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है ।

# किशोरियों का अपहरण कर राजस्थान में बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

❒ सरगना समेत पुलिस पांच को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने नाबालिग किशोरियों का अपहरण कर उन्हें दूसरे राज्यों में बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह की सरगना समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इससे पहले अपहृत दो नाबालिग किशोरियों को राजस्थान से सकुशल बरामद कर चुकी है। मामले के खुलासे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।जानकारी के अनुसार 12 मई को मोहनलालगंज क्षेत्र की एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी बेटी की मृत्यु हो चुकी है और उसकी 16 वर्षीय व 12 वर्षीय दो नातिनें उसके साथ रहती हैं। महिला ने आरोप लगाया था कि रायबरेली की एक किशोरी दोनों नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।गौरा पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस की मदद से जांच आगे बढ़ाई। विवेचना के दौरान सामने आया कि रायबरेली निवासी प्रिया पटेल ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों किशोरियों को अपहरण कर राजस्थान पहुंचाया था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि किशोरियों को बेचने की नीयत से वहां ले जाया गया था।इसके बाद मोहनलालगंज पुलिस की टीम राजस्थान रवाना हुई और अभियान चलाकर दोनों नाबालिग किशोरियों को सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने गिरोह के सदस्यों की तलाश तेज कर दी।जांच में यह भी खुलासा हुआ कि यह गिरोह पहले भी रायबरेली जिले की दो अन्य नाबालिग लड़कियों का अपहरण कर उनका सौदा कर चुका है। पुलिस के अनुसार गिरोह सुनियोजित तरीके से किशोरियों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें दूसरे राज्यों में ले जाकर बेचने का काम करता था।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह की सरगना प्रिया पटेल, अनुराग यादव निवासी कोडरस बिजौर थाना मिल एरिया रायबरेली, मोहम्मद अख्तर निवासी कोरिहर थाना गुरुबक्शगंज रायबरेली तथा दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर लिया। अपहरण में प्रयुक्त कार भी पुलिस ने बरामद कर ली है।एसीपी मोहनलालगंज ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि नाबालिग किशोरियों के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमों का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों और सतत निगरानी के आधार पर दोनों किशोरियों को राजस्थान से सकुशल बरामद किया गया। जांच में एक अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता सामने आई, जिसके प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरोह के अन्य संपर्कों और संभावित मामलों की भी जांच की जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है। वहीं मामले में आगे की जांच जारी है ताकि गिरोह के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

# ग्रामीणों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । माल क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी गोकरन के बड़े बेटे ने पिता से सारी जमीन का बैनामा करवा लिया।जिसको लेकर छोटी बहू सुनीता पत्नी राजकुमार ने अपने बेटे प्रियांशू के हिस्से के लिए आपत्ति जताई तो उसे मार पीट कर घर से भगा दिया था। सुनीता घर से भगाये जाने पर अपने मौसी रुदुही बीकेटी के घर जाने को निकली थी, लेकिन रास्ते में उसका एक्सीडेंट हो गया। जिसे गत29मई को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था।सुनीता की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गयी। जब सुनीता का शव पीएम हाऊस से गुरुवार को उसके मायके अकबरपुर गांव पहुंचा तो ग्रामीणों ने शव को सैदापुर चौराहे पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। अकबरपुर गांव निवासी कढ़िले लोध और ग्रामीणों की मांग थी कि मृतका के बेटे प्रीयाँशू को उसके पिता राजकुमार के हिस्से की जमीन दिलाई जाय। सुनीता का पति और गोकरन का बेटा राजकुमार कुछ मंद बुद्धि था। जिसे पिता गोकरन और बड़े भाई संतलाल ने पांच/छह वर्ष पूर्व मार पीट कर घर से भगा दिया था। तब से राजकुमार का आज तक कोई सुराग नहीं लगा। उधरसुनीता का पति न होने से उसका सुसराल में कोई मान सम्मान नहीं था। जिससे वह अपने मायके अकबरपुर में अपने एकलौते बेटे प्रियांशू के साथ पिता कढ़ीले के घर रहने लगी। कभी कभी ससुराल बेटे को लेकर जाती थी।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-सिग / टेंडर / 15 / 2026-27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन में डेल्ट्रॉन द्वारा निर्मित यूनिवर्सल फेल-सेफ ब्लॉक इंटरफेस (यूएफएसबीआई) की 36 (छत्तीस) महीनों की वार्षिक मरम्मत का अनुबंध। |
| अनुमानित लागत | रु. 81,39,771.81 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 1,62,800.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.06.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-सिग / टेंडर / 15 / 2026-27 दिनांक: 03.06.2026 1905/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-सिग/टेंडर/16/2026-27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन में वेबफाइल निर्माता यूनिवर्सल फेल-सेफ ब्लॉक इंटरफेस (यूएफएसबीआई) की 36 (छत्तीस) महीनों की वार्षिक मरम्मत का अनुबंध। |
| अनुमानित लागत | रु. 6219098.45/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 124400.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीना |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 24.06.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106-सिग / टेंडर / 16 / 2026-27 दिनांक 03.06.2026 1904/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विधायक ने लतीफनगर में पंचायत भवन (मिनी सचिवालय) का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने आज ग्रामसभा लतीफनगर में 36 लाख की लागत से निर्मित पंचायत भवन (मिनी सचिवालय) एवं विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केवल आधारभूत संरचना का विस्तार नहीं, बल्कि सुशासन, जनसुविधाओं एवं ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि पंचायत भवन (मिनी सचिवालय) ग्रामीण नागरिकों को प्रशासनिक सेवाएं उनके द्वार तक उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने लतीफनगर राजकीय डिग्री कॉलेज के निर्माण हेतु ?13.5 करोड़ की स्वीकृति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परियोजना सरोजनीनगर के विद्यार्थियों और ग्रामीण युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित है। कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल परीक्षा में 89.5% अंक प्राप्त करने वाली कु. शेजल चौरसिया को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मालती शुक्ला (प्रधान), तरुण शुक्ला (प्रधान प्रतिनिधि), वीरेंद्र तिवारी, अजय शुक्ला, आशु शुक्ला, सोनू त्रिवेदी, शंकरी सिंह, राजेश सिंह, गिरीश तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण एवं जनसेवा के माध्यम से सरोजनीनगर को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं विकसित बनाना है।

# प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना व महापौर ने किया वार्डों का निरीक्षण

❒ खरगापुर सरसवां, भरवारा-मल्हौर, चिनहट प्रथम और राजीव गांधी प्रथम वार्ड का निरीक्षण कर विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं का जायजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना तथा महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार सुबह नगर निगम के जोन-4 के अंतर्गत आने वाले खरगापुर सरसवां, भरवारा-मल्हौर, चिनहट प्रथम और राजीव गांधी प्रथम वार्ड का निरीक्षण कर विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए गए। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना व महापौर ने किया वार्डों का निरीक्षणनिरीक्षण की शुरुआत खरगापुर सरसवां वार्ड से हुई, जहां सेक्टर-5 गोमती नगर विस्तार, गीतापुरी चौराहा एवं खरगापुर क्षेत्र का दौरा किया गया। संकट मोचन द्वार के निकट निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण करते हुए प्रभारी मंत्री और महापौर ने संबंधित अधिकारियों को 19 जून तक निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। भरवारा मल्हौर वार्ड में एसटीपी एमिटी रोड स्थित खाली प्लॉट का निरीक्षण करते हुए क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खाली प्लॉट मालिकों को नोटिस जारी कर बाउंड्री वॉल निर्माण सुनिश्चित कराने को कहा गया, जिससे कूड़ा डंपिंग और अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर अंकुश लगाया जा सके।

चिनहट प्रथम वार्ड के चिनहट चौराहा बाजार क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण की समस्या पर चिंता व्यक्त की गई। अधिकारियों को अवैध अतिक्रमण हटाने तथा बाजार क्षेत्र के आसपास पार्किंग की समुचित व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए गए, ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों को सुविधा मिल सके तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

वहीं राजीव गांधी प्रथम वार्ड के मिठाई वाला चौराहा स्थित पीसीटीएस केंद्र के निरीक्षण के दौरान स्वच्छता एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर प्रभारी मंत्री और महापौर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता, जल निकासी, यातायात प्रबंधन एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अभिनव रंजन श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, चीफ इंजीनियर आरआर मनोज प्रभात, जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर पंकज शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने हाजियों से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनी नगर, लखनऊ । हज के सफर से वापस आये हाजिओं से लखनऊ एयरपोर्ट पर अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया और हज का सफर पूरा करने पर बधाई दी।

मुलाकात के दौरान हाजिओं से मिलकर खुशी का इज़हार किया। और आने वाले विधान सभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की दुआ की। हाजी ने कहा की अगर प्रदेश में समाजवादी सरकार होती तो आज उन्हे सफर में इतनी परेशानिओं का सामना न करना पड़ता। सफर के दौरान मौजूदा सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओ को लेकर बातचीत हुई। जिसमे उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हाजिओं को दी जाने वाली सुविधाओं में भारी लापरवाही देखने को मिली। तमाम हाजिओं का एयरपोर्ट पर सामान चोरी हो गया। जो की बेहद ही शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा उनकी फ्लाइट्स भी काफी देरी से पहुंच रही है, जिसमें कुछ फ्लाइट्स 36 घंटे से भी ज़्यादह देरी से पहुँच रही है। इस बीच खाने-पीने की समुचित व्यवस्था न होने के चलते सफर में काफी दिक्कतें हो रहीं है। सरकार द्वारा हाजिओं को दी जाने वाली सुविधाओं के दावे झूठे दिखाई दे रहें है। जिस पर हाजिओं ने नाराज़गी जताई है। और कहा की समाजवादी सरकार में कभी ऐसा नहीं हुआ जो इस सरकार में हो रहा है।

इस मौके पर शाह आलम प्रदेश उपाध्यक्ष, अतीक उर्फ़ मम्मू प्रदेश सचिव, अकील खान प्रदेश सचिव, शफीन कुरैशी प्रदेश सचिव, एड0 बदरुल हसन प्रदेश सचिव, मो0 मोहसिन प्रदेश सचिव, जुनेद अहमद खान प्रदेश सचिव, जमालुद्दीन बेग प्रदेश सचिव, मो0 सिराज राईनी प्रदेश सचिव, जावेद अली प्रदेश सचिव, मो0 हसीन अख्तर प्रदेश सचिव, वजहुल क़मर प्रदेश सचिव, मो0 असलम प्रदेश सचिव के साथ काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

# बिजली कनेक्शन बना बाधा, तैयार महिला थाना भवन में नहीं पहुंची पुलिस

❒ 6.12 करोड़ से बना महिला थाना भवन व आवास छह माह से खाली

❒ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरवरी 2024 में किया था वर्चुअल उद्घाटन

❒ महिला थाना द्वितीय में तैनात 28 पुलिसकर्मी सुविधाओं का कर रहे इंतजार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । महिलाओं की सुरक्षा और उनसे जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए करोड़ों रुपये की लागत से तैयार कराया गया महिला थाना द्वितीय का भवन उद्घाटन के दो वर्ष बाद भी पूरी तरह संचालित नहीं हो सका है। करीब छह माह पहले निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बावजूद विद्युत कनेक्शन और विभागीय हैंडओवर न होने से भवन खाली पड़ा है, जबकि महिला थाना आज भी बख्शी का तालाब थाने के परिसर में एक कमरे से संचालित हो रहा है।

फरवरी 2024 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से महिला थाना द्वितीय के निर्माणाधीन भवन का उद्घाटन किया था। करीब 612.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस परिसर में प्रशासनिक भवन के साथ पुलिसकर्मियों के आवास भी बनाए गए हैं। निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण किए जाने के बाद भवन उपयोग के लिए तैयार है, लेकिन आवश्यक औपचारिकताएं पूरी न होने से इसका संचालन शुरू नहीं हो पाया है।महिला थाना द्वितीय पिछले करीब पांच वर्षों से बख्शी का तालाब थाने के एक कमरे में संचालित हो रहा है। सीमित संसाधनों के बीच महिलाओं से जुड़े अपराधों और शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। वर्तमान में थाने में एक प्रभारी निरीक्षक, एक वरिष्ठ उपनिरीक्षक, तीन उपनिरीक्षक, तीन हेड कांस्टेबल, 19 कांस्टेबल और एक वाहन चालक तैनात हैं।

पुलिसकर्मियों का कहना है कि नए भवन में कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, महिला परामर्श कक्ष और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। भवन शुरू होने से न सिर्फ पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा बल्कि शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं को भी सुविधाजनक माहौल मिल सकेगा।

राजधानी में महिलाओं से जुड़े मामलों की बढ़ती संख्या के बीच तैयार भवन का लंबे समय तक खाली रहना सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार भवन का शीघ्र संचालन शुरू कराया जाना चाहिए, ताकि इसका उद्देश्य पूरा हो सके।

गौरतलब है कि लखनऊ जिले में वर्तमान में केवल दो महिला थाने संचालित हैं। इनमें एक हजरतगंज और दूसरा महिला थाना द्वितीय बख्शी का तालाब क्षेत्र में स्थित है, जिसकी जिम्मेदारी ग्रामीण और बाहरी क्षेत्रों से आने वाले मामलों के निस्तारण की भी है।

## ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए अहम है यह थाना

बीकेटी स्थित महिला थाना द्वितीय राजधानी के ग्रामीण और बाहरी क्षेत्रों की महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, साइबर उत्पीड़न और महिला अपराधों से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं यहां पहुंचती हैं। नए भवन के शुरू होने से शिकायतकर्ताओं को बेहतर सुविधाएं और अधिक गोपनीय माहौल मिल सकेगा।

## उद्घाटन के बाद भी नहीं खुला नया परिसर

फरवरी 2024 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से महिला थाना द्वितीय के निर्माणाधीन भवन का उद्घाटन किया था। इसके बाद भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया, लेकिन विद्युत कनेक्शन और हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी न होने से अब तक संचालन शुरू नहीं हो सका है। करोड़ों रुपये की लागत से बना परिसर छह माह से अधिक समय से उपयोग के इंतजार में खड़ा है

## कंचनपुर मटियारी में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र के कंचनपुर मटियारी इलाके में एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार 4 जून 2026 की रात करीब 1:30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि कंचनपुर मटियारी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर उपनिरीक्षक धीरेन्द्र राय, उपनिरीक्षक विशाल यादव एवं उपनिरीक्षक अंकुश पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर मौजूद पति आशुतोष तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह जोमैटो में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्य करता है। रात करीब 1 बजे घर लौटने पर उसने अपनी पत्नी मोनिका मिश्रा को दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका हुआ देखा। इसके बाद उसने तत्काल उसे नीचे उतारकर बरामदे में रखा और परिजनों व पुलिस को सूचना दी। बताया गया कि मृतका की शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व हुई थी तथा उसकी आठ माह की एक पुत्री भी है। घटना की जानकारी मृतका के मायके पक्ष को दे दी गई है। मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट ने साक्ष्य संकलित कर जांच की। पुलिस ने शव को एंबुलेंस के माध्यम से डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## फाइंड एक्स कैफ़े मालिक ने दर्ज कराई शिकायत, युवक पर गाली-गलौज, जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी का आरोप

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट कोतवाली क्षेत्र में स्थित फाइंड एक्स कैफ़े के मालिक अनुराग उपाध्याय ने एक युवक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार आरोपी ने कैफ़े पर पहुंचकर कर्मचारियों के साथ अभद्रता की, गाली-गलौज की तथा जान से मारने और दुकान को बम से उड़ाने की धमकी दी। शिकायत में बताया गया है कि बीबीडी क्षेत्र स्थित साई कॉम्प्लेक्स में संचालित फाइंड एक्स कैफ़े पर रात करीब 8 बजे एक युवक सुमित सिंह पहुंचा और वहां सिगरेट पीने लगा। कैफ़े कर्मचारियों द्वारा सिगरेट के पैसे मांगने पर वह आक्रोशित हो गया और कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि युवक ने कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि वह गोली मार देगा और दुकान को बम से उड़ा देगा। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी अक्सर शराब के नशे में बाजार क्षेत्र में विवाद करता है और महिलाओं पर भी अभद्र टिप्पणियां करता है। घटना के संबंध में कैफ़े परिसर की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध होने का दावा किया गया है। कैफ़े संचालक अनुराग उपाध्याय ने पुलिस को दी गई तहरीर में यह भी उल्लेख किया है कि आरोपी पूर्व में भी इसी प्रकार का विवाद और अभद्र व्यवहार कर चुका है, जिसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नगर निगम लखनऊ में 12 जून को आयोजित होगा संपूर्ण समाधान दिवस

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अब 12 जून 2026 (शुक्रवार) को किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस इस माह 05 जून को प्रस्तावित था, किन्तु विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर के सभी 110 वार्डों में व्यापक स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कारण संपूर्ण समाधान दिवस की तिथि परिवर्तित कर 12 जून 2026 निर्धारित की गई है। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी करेंगी। नगर निगम लखनऊ ने शहरवासियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी शिकायतों के समाधान हेतु 12 जून 2026 (शुक्रवार) को समय से उपस्थित होकर इस जनहितकारी पहल में सहभागिता करें तथा स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित लखनऊ के निर्माण में अपना योगदान दें।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र के अमेठी मंडल में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की मंडल अध्यक्षता पंकज नयन पटेल ने की। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र कपेरा के मंडल प्रभारी/जिला उपाध्यक्ष के.के. अवस्थी भी उपस्थित रहे ।

इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की भी विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। इसी मौके पर संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श भी किया गया।इस आयोजन में पूर्व जिला महामंत्री बलीराम वर्मा , पूर्व जिला उपाध्यक्ष अभिषेक रावत, जिला प्रतिनिधि, राम सिंह मौर्य , रघुवर रावत , मंडल महामंत्रीगण डीडी त्रिपाठी , उमाकांत साहू , मंडल उपाध्यक्षगण संतोष सिंह, अंकित वर्मा , रासू मिश्रा, मंडल मंत्रीगण अनिल निगम, सुनील दिवाकर ,मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजेशकनौजिया , सत्यनाम चौधरी , अनिल कुमार जायसवाल ,चंद्रशेखर गौतम , संतोष शर्मा सम्मानित शक्ति केंद्र संयोजकगण और बहुत से कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सन टेस्टिंग सेंटर की अव्यवस्थाओं पर फूटा लोगों का गुस्सा, पुलिस को सौंपा ज्ञापन

❒ पार्किंग व्यवस्था न होने से सड़क पर लग रहा जाम, कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ । बख्शी का तालाब क्षेत्र में संचालित सन टेस्टिंग सेंटर की अव्यवस्थाओं और सड़क पर लगने वाले जाम से परेशान क्षेत्रवासियों ने गुरुवार को थाना बख्शी का तालाब पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने सेंटर के बाहर पार्किंग और यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग करते हुए जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

क्षेत्रवासियों के अनुसार भौली, सैरपुर, रैथा, एयरफोर्स रोड से किसान पथ को जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित सन टेस्टिंग सेंटर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आते हैं। सेंटर में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण अभ्यर्थियों के वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।लोगों का कहना है कि सैनिक विहार कॉलोनी, शंभूनाथ कॉलोनी, ड्रीम्स कॉलोनी समेत आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को रोजाना आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को परेशानी होती है। कई बार एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं।ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने सड़क पर अतिक्रमण हटाने, वाहनों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था कराने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी समाधान नहीं निकाला गया है। इस मौके पर संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेद रतन सिंह, सभासद मनोज रावत समेत दर्जनों स्थानीय लोग शामिल रहे।

# अधिवक्ताओं के आंदोलन की जीत: तहसील मुख्यालय के पास बनेगा नया सब-रजिस्ट्रार कार्यालय

❒ बार एसोसिएशन ने सरकार का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को तहसील स्थित बार भवन में प्रेस वार्ता आयोजित कर सरकार द्वारा नए सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के लिए तहसील मुख्यालय के निकट भूमि आवंटित किए जाने पर खुशी व्यक्त की।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कोशलेंद्र शुक्ला और महामंत्री राम लखन यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद सरकार ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए तहसील परिसर के समीप नए सब-रजिस्ट्रार कार्यालय की स्थापना का रास्ता साफ कर दिया है।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कोशलेंद्र शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में मोहनलालगंज तहसील भवन के दूसरे तल पर संचालित सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में स्थान की भारी कमी है। क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में रजिस्ट्रियां और विभिन्न प्रकार के विलेखों का पंजीकरण होता है, जिससे कार्यालय में आने वाले लोगों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में इस समस्या को लेकर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन को प्रार्थना पत्र दिए थे। इसके बाद बार एसोसिएशन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों और शासन स्तर पर ज्ञापन भेजकर नए एवं विस्तृत सब-रजिस्ट्रार कार्यालय की मांग उठाई थी। सरकार ने इस मांग को संज्ञान में लेते हुए प्रारंभिक रूप से मुहारी क्षेत्र में भूमि चिन्हित की थी, लेकिन वह स्थान तहसील मुख्यालय से काफी दूर था।बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि मुहारी क्षेत्र में कार्यालय बनाए जाने से वादकारियों, दस्तावेज पंजीकरण कराने आने वाले लोगों तथा अधिवक्ताओं को अनावश्यक परेशानी होती। इसी कारण बार एसोसिएशन ने उस प्रस्ताव का विरोध किया और विभिन्न माध्यमों से आंदोलन चलाया। अधिवक्ताओं ने धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन और अन्य।लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी आवाज शासन तक पहुंचाई।

महामंत्री राम लखन यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के विरोध और सुझावों को सरकार ने गंभीरता से लिया। इसके बाद तहसील मुख्यालय के बिल्कुल निकट ईवीएम कार्यालय के पास स्थित लगभग 17 बिस्वा भूमि को नए सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के लिए चयनित किया गया। हाल ही में इस प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी भी मिल गई है, जिससे कार्यालय निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि तहसील मुख्यालय के पास नया और विस्तृत सब-रजिस्ट्रार कार्यालय बनने से क्षेत्र के हजारों लोगों को सुविधा मिलेगी। साथ ही अधिवक्ताओं और वादकारियों का समय भी बचेगा तथा पंजीकरण संबंधी कार्य अधिक व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेंगे।प्रेस वार्ता के दौरान बार एसोसिएशन ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने अधिवक्ताओं और आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लिया है। पदाधिकारियों ने कहा कि इस निर्णय से अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है और पूरा अधिवक्ता समाज सरकार का कृतज्ञ है।अंत में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता में उपस्थित सभी पत्रकारों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मीडिया ने भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर जनहित की आवाज शासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# सौर ऊर्ज़ा में उत्तर प्रदेश का ऐतिहासिक प्रदर्शन

❒ पीएम सूर्य घर पुरस्कारों में कई श्रेणियों में बनाया रिकॉर्ड

❒ सौर ऊर्ज़ा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए देश भर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । प्रधानमंत्री सूर्य घर पुरस्कार समारोह में उत्तर प्रदेश ने सौर ऊर्ज़ा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए देश भर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

पीएम सूर्य घर योजना के तहत देशभर में हुए सौर ऊर्ज़ा संयंत्रों की स्थापना के आधार पर उत्तर प्रदेश ने टॉप थ्री स्टेट इंस्टॉलेशन श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस श्रेणी में गुजरात पहले स्थान पर रहा। यह उपलब्धि प्रदेश में सौर ऊर्ज़ा के प्रति बढ़ती जागरूकता और प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाती है। जिला स्तर पर लखनऊ ने पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। जिले में 1,02,596 सौर संयंत्र स्थापित किए गए, जबकि दूसरे स्थान पर रहे नागपुर में 89,255 इंस्टॉलेशन दर्ज किए गए। यह उपलब्धि प्रदेश की राजधानी में सौर ऊर्ज़ा के तेजी से बढ़ते विस्तार और लोगों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है।

नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने इन उपलब्धियों का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ए.के. शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए उत्तर प्रदेश, नोएडा तथा इससे जुड़े सभी अधिकारियों, विक्रेताओं और लाभार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी सौर ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी। सौर ऊर्ज़ा न केवल स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बिजली उपलब्ध कराती है, बल्कि ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सौर ऊर्ज़ा क्रांति का अग्रदूत बनकर उभरा है। यह उपलब्धि प्रदेश की जनता, सरकारी तंत्र और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

# 21 जून तक चलेगा समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान: प्रभारी मंत्री

❒ पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत होगी कार्यक्रमों की शुरुआत




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूरे प्रदेश में समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान 05 जून से 21 जून तक चलाया जाएगा। जिसके सफल संचालन को लेकर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने विकास भवन सभागार में बैठक की।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने अभियान को जनसहभागिता व माइक्रो प्लानिंग के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए। कहा कि अभियान के तहत सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार किया जाए और पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाए। डीएम ने जन जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रमों की शुरुआत होगी और जनपद में 08 लाख 64 हजार पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसकी जियो टैगिंग भी कराई जाएगी। वृक्षारोपण हेतु स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय लोगों का सहयोग लिया जाएगा। विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया जाएगा। जुलाई माह में प्रदेश स्तर पर 35 करोड़ पौधों के वृक्षारोपण का विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। 05 जून से 21 जून तक विशेष जन-संपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम होंगे। निकायों में मलिन बस्तियों का चयन कर स्वच्छता अभियान चलेगा। योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाया जाएगा। मलिन बस्तियों में संवाद तथा सरकार आपके द्वार स्वरूप जन समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा मीडिया को संबोधित किया जाएगा और सरकार की अद्यतन उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। समस्त विकास खंडों में त्रिदिवसीय जन-कल्याण मेलों आयोजित होंगे और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कराया जाएगा। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तथा विकास प्रदर्शनी के अंतर्गत प्रदेश के सुशासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा। प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, रात्रि चैपाल का आयोजन होगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जनपद, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर मनाया जाएगा। साइकिल एवं पैदल जन-जागरूकता यात्राएं भी आयोजित की जाएंगी। इस दौरान ददरौल विधायक अरविन्द सिंह, पुवायां विधायक चेतराम, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, एमएलसी सुधीर गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मिश्रिख में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता की अलख चौपाल और पदयात्रा से किसानों को किया प्रेरित

❒ अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम हिमांशु विक्रम सिंह का कार्यकाल किसानों के लिए अभी तक रहा लाभदायक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखण्ड मिश्रिख के ग्रामऽझलिया स्थित राजकीय नलकूप संख्या 196 पर एक प्रभावशाली ग्रामीण चौपाल एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया और जल बचाने की शपथ लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

चौपाल के दौरान किसानों को जल संरक्षण के विभिन्न उपायों—जैसे वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज और सीमित सिंचाई तकनीकों—के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नलकूपों के संचालन में विभागीय निर्देशों का पालन करना बेहद आवश्यक है, ताकि पानी का अनावश्यक दोहन रोका जा सके और संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित हो। इस दौरान किसानों की समस्याएं भी सुनी गई और उनके समाधान पर खुलकर संवाद किया गया।

इसी क्रम में राजकीय नलकूप संख्या 359 (मिश्रिख, ग्रामऽजलेपा) और 356 (मिश्रिख जलेपा) तक क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं किसानों के साथ पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के बाद वहां भी ग्राम चौपाल आयोजित कर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई गई। किसानों को समझाया गया कि बढ़ते जल संकट को देखते हुए हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह जल बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपने परिवार, मित्रों और रिश्तेदारों को भी जल बचाने के लिए जागरूक करें। साथ ही शासन के निर्देशानुसार तीनों नलकूप स्थलों पर वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण को और मजबूती मिल सके। यह आयोजन न केवल किसानों को जागरूक करने में सफल रहा, बल्कि जल संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का भी संदेश देने में अहम साबित हुआ। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम हिमांशु विक्रम सिंह ने किसानों को संबोधित कर जल संचयन एवं वर्षा जल के समुचित उपयोग के बारे में बताया वही नलकूपों के उपयोग और उनकी सुरक्षा के लिए भी ग्रामीण को प्रेरित किया इस अवसर पर हिमांशु विक्रम सिंह-अधिशासी अभियन्ता ,महेन्द्र सिंह सहायक अभियन्ता, हरेन्द्र कुशवाहा - सहायक अभियन्ता, धर्मेन्द्र सिंह - उपराजस्व अधिकारी , अवर अभियन्ता अजय सैनिक ,प्रशान्त कुमार मौर्य , अशोक कुमार ,अनिल सिंह परमार, प्रवीण चौरसिया , अभय पटेल ,देवेश यादव,ज्ञानेंद्र सिंह,दीप कुमार अवर अभियंता के साथ साथ स्थानीय किसान मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक होंगे विशेष कार्यक्रम

❒ 05 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक

❒ प्रभारी मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून, 2026 तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में जनपद सीतापुर के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री मनोज कुमार पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा, विभागवार दायित्वों, प्रचार-प्रसार, जनसहभागिता तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों के दौरान सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक एवं जनहितकारी कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 05 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जाएगा।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यक्रमों का आयोजन जनपद, तहसील, विकास खंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से किया जाए तथा इसमें आमजन की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्यक्रमों की तैयारियां समय से पूर्ण कर लें तथा सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को विशेष रूप से सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में से एक है तथा वृक्षारोपण के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों से अपनी-अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम से एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए, जिससे यह अभियान एक जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों के दौरान व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं जन जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभार्थी सम्मेलन, विकास प्रदर्शनी, संगोष्ठियां, गोष्ठियां, जन जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, योग कार्यक्रम, युवा एवं महिला समूहों की सहभागिता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को आमंत्रित किया जाए तथा उनके अनुभव साझा कराए जाएं, जिससे अन्य पात्र व्यक्तियों को भी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रेरणा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जाए तथा कार्यक्रमों के आयोजन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। आयोजन स्थलों पर पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, सुरक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। साथ ही कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग एवं समीक्षा भी की जाए।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर. ने कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है तथा सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां आवंटित कर दी गई हैं। कार्यक्रमों के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए निरंतर समीक्षा की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि मंत्री आश्वस्त किया कि उनके एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझावों एवं निर्देशों को अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जायेगा।

# मुठभेड़ में लूट के 02 आरोपी गिरफ्तार दोनों के पैर में लगी गोली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । बीती रात एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान महिला से सोने की चैन व मंगलसूत्र लूटने के 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने 02 तमंचे, कुछ कारतूस और लूट के माल की बिक्री के 21 हजार रूपए नकद बरामद किए हैं।

मुठभेड़ में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी है। उपचार के लिए दोनों अभियुक्तों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।25 मई को थाना सदर बाजार के कैन्ट क्षेत्र में बाइक सवार लुटेरों ने एक महिला से सोने की चेन और मंगलसूत्र लूटा था। इस मामले में थाना सदर बाजार में अज्ञात बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसी क्रम में बीती रात पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त लूट के आरोपी मोटरसाइकिल से मछली मार्केट कैंट क्षेत्र से पुवायां की ओर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने चांदमारी बट की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर चेकिंग की। इसी दौरान पुलिस को एक मोटरसाइकिल पर दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो वो मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया, तो बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जबावी फायरिंग की। जोकि दोनों लुटेरों के पैर में लगी। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने 02 तमंचे, कुछ कारतूस और लूटी गई सोने की चैन और मंगलसूत्र की बिक्री के 21 हजार रूपए नकद बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्त उत्तराखण्ड के जनपद उधमसिंह नगर के थाना गदरपुर क्षेत्र के ठंडा नाला गूलरभोज निवासी अकरम अली पुत्र जाफर अली और रफीक पुत्र नत्थूदीन हैं। पुलिस ने घायल दोनों अभियुक्तों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने पूछताछ में आए तथ्यों के आधार अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध, पुलिस ने भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।28 मई को थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर देकर एक युवती ने बताया कि क्षेत्र के मोहल्ला बरादरी निवासी आसिफ अली पुत्र महबुल्ला ने शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम किया और जब उसने शादी के लिये कहा, तो आसिफ ने उसे गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी आसिफ के खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम समेत अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की।

इसी क्रम में आज थाना सदर बाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त आसिफ को ईदगाह तिराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रियवृत दुहूण के साथ हेड कास्टेवल वीरपाल, कास्एवल अनुज सैनी और परिक्षित सैनी मौजूद रहे।

# धौरहरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा, खीरी। जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धौरहरा पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक धौरहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0 252/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, सारिफ पुत्र बजऊ (22 वर्ष) निवासी मोहल्ला लालापुरवा/सरोजनी नगर, कोतवाली धौरहरा, जिला खीरी को मंगलवार को बसंतापुर मार्ग स्थित ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 87/137(2)/64(1) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## ऐरा-अम्बरपुर तटबंध के स्पर पुनरोद्धार कार्य का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

लखीमपुर-खीरी । जनपद में बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा न्यूनीकरण हेतु शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन पूर्णतः संवेदनशील है। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने गुरुवार दोपहर शारदानगर बाढ़ खंड के अंतर्गत ऐरा पुल से अम्बरपुर तटबंध के किमी 2.600 पर क्रियान्वित किए जा रहे स्पर पुनरोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परियोजना की अद्यतन वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की। 393.58 लाख (अनुबंधित लागत 336.00 लाख) की इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति का आंकलन करते हुए आसन्न मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए कार्य की गति को और तीव्र करने के कड़े निर्देश निर्गत किए। मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने डीएम को अवगत कराया कि उक्त परियोजना के अंतर्गत 165.00 मीटर की निर्धारित लंबाई में स्पर के पुनरोद्धार का कार्य प्रगति पर है, जिसका लगभग 60 प्रतिशत भाग पूर्ण कराया जा चुका है। परियोजना के तकनीकी प्राविधानों के अनुसार, स्पर के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम दोनों ओर मिर्ज़ापुर स्टोन बोल्डर को जीआई वायर क्रेट में भरकर स्लोप पिचिंग तथा लॉन्चिंग एप्रन डालने का कार्य किया जा रहा है।

## नवागत बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया स्वागत



**महमूदाबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ महमूदाबाद इकाई के पदाधिकारियों ने नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में महासंघ के अध्यक्ष संदीप वर्मा, महामंत्री पुनीत वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीयूष कुमार, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार तथा मंत्री विवेक विमल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने संगठन के पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा, शिक्षक एवं विद्यार्थियों का हित उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षकों से संबंधित लंबित कार्यों के निस्तारण तथा संगठन स्तर पर आने वाले विभिन्न मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।महासंघ के पदाधिकारियों ने नवागत बीएसए के समक्ष शिक्षकों एवं विद्यालयों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और अपेक्षाओं को भी रखा। डॉ. पटेल ने सभी मुद्दों पर सका रात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में महासंघ के पदाधिका रियो ने डॉ. गोरखनाथ पटेल के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आशा जताई।

## सीतापुर में दिल दहला देने वाली घटना! नहर में मिले दो नवजातों के शव

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के थाना सदरपुर क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब शारदा सहायक नहर में दो नवजात शिशुओं के शव मिलने की सूचना सामने आई। एक साथ दो मासूमों के शव मिलने की इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया और लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। जानकारी के अनुसार, सुबह ग्रामीण शौच के लिए नहर किनारे गए थे। इसी दौरान उनकी नजर नहर के उत्तरी हिस्से में पड़े दो नवजात शिशुओं के शवों पर पड़ी। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 और थाना सदरपुर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। साथ ही मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के गांवों और क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नवजातों के शव नहर में कैसे पहुंचे। घटना के पीछे की परिस्थितियों और जिम्मेदार लोगों की तलाश की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश वर्मा ने बताया कि मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। दो नवजात शिशुओं के शव मिलने की यह हृदयविदारक घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# जिलेभर में 17 दिन चलेगा जनकल्याण महाअभियान, गांव-गांव पहुंचेंगी सरकारी योजनाएं

❒ डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, विकास मेले, स्वास्थ्य शिविर, रात्रि चौपाल और योग कार्यक्रम होंगे आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद में 05 जून से 21 जून तक समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। तैयारियों को लेकर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों संग बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।

डीएम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और लोगों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जनसहभागिता के साथ किया जाए, ताकि उसका प्रभाव धरातल पर दिखाई दे। डीएम ने बताया कि अभियान के दौरान गांवों और नगर निकायों में विकास एवं जनकल्याण मेले, रात्रि चौपाल, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, लाभार्थी संवाद, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम और योग आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर कार्यक्रमों को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि सभी कार्यक्रम प्लास्टिक मुक्त होंगे। सादगी, अनुशासन, ईंधन बचत और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे अभियान में सेवा, संस्कार, सुशासन और सम्मान की भावना परिलक्षित होनी चाहिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही उन्होंने अभियान की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए अधिकारियों को उनके दायित्वों का स्पष्ट निर्धारण कराया।

**पर्यावरण दिवस पर खीरी में रोपे जाएंगे 15.86 लाख पौधे**

डीएफओ तापस मिहिर ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 05 जून को जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। शासन की ओर से जिले को कुल 15,86,000 पौधे रोपने का लक्ष्य मिला है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सभी विभागों को पौध उठान की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। ?अभियान के तहत गुरुवार शाम 5 बजे तक सभी नोडल अफसर को अपनी रिपोर्ट वन विभाग के कंट्रोल रूम में दर्ज करानी होगी। मुख्य रूप से ग्राम्य विकास को 9.98 लाख, कृषि विभाग को 2.50 लाख, उद्यान को 1.67 लाख, पंचायती राज को 66 हजार, नगर विकास 7000 और वन विभाग को 98 हजार पौधे लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जिला मुख्यालय पर सेठघाट नदी किनारे मुख्य पौधारोपण कार्यक्रम प्रस्तावित है। सभी बीडीओ वन विभाग के साथ समन्वय कर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पौधारोपण सुनिश्चित करें। ब्लॉक, ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में अमृत सरोवरों पर व्यापक जनसहभागिता के साथ वृक्षारोपण होगा। साथ ही जलकुंभी सफाई एवं प्लास्टिक फ्री जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

**ऐसे चलेगा 17 दिनों का अभियान**

विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा। अमृत सरोवरों, सड़कों तथा सार्वजनिक स्थलों पर फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएंगे।

**8 से 14 जून तक ''सरकार आपके द्वार''**

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रबुद्ध वर्ग से संवाद, स्वच्छता अभियान तथा मलिन बस्तियों में जनसमस्या समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी अवधि में जनपद स्तर पर प्रेस वार्ता और विकास कार्यों की प्रस्तुति भी होगी। 14 से 16 जून तक सभी ब्लॉकों में 03 दिवसीय जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले लगाए जाएंगे, जहां विभिन्न विभागों की ओर से योजनाओं की जानकारी, पंजीकरण और लाभार्थी चयन की प्रक्रिया संपन्न होगी। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल, छायादार पंडाल और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

धौरहरा, संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के सिसैया-धौरहरा मार्ग पर टॉपरपुरवा के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार दुर्घटना में नीरज (27) पुत्र अज्ञात निवासी देवीदीनपुरवा होलागढ़ तथा विमल (28) निवासी देवीदीनपुरवा होलागढ़ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं त्रिपुरेश (35) निवासी लखाही थाना पढ़ुआ तथा देवेंद्र प्रताप (62) निवासी लखाही गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों बाइकें विपरीत दिशा से आ रही थीं। टॉपरपुरवा के पास पहुंचते ही उनकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और चारों गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर धौरहरा कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा तथा एसआई वीरेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए आगे रेफर किए जाने की तैयारी की गई।

## डीएम की बैठक में बड़ा फैसला, नैमिषारण्य में शुद्ध देसी घी के लड्डू बनेंगे

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, सीतापुर द्वारा वर्तमान एवं विगत वित्तीय वर्ष में किये गये प्रवर्तन कार्यों, अभियोजन तथा विभिन्न योजनाओं का विवरण जिलाधिकारी महोदय तथा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति में शामिल व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न विषय जिलाधिकारी तथा समिति के समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत किये गये।जनपद में संचालित मछली मण्डी में व्याप्त गंदगी तथा दुर्गन्ध की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका को साफ-सफाई तथा अन्यन्त्र स्थान पर चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया गया तथा नगर पालिका के ई0ओ0 तथा पुलिस विभाग के सहयोग से खुले में नीट-मांस की बिक्री पर करने वालों को ग्रीन शेड नेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। नैमिषारण्य में प्रसाद के रूप में बेसन के लड्डू, जिनका निर्माण शुद्ध देशी घी का प्रयोग कर बनाया जायेगा। इस हेतु एक से दो प्रतिष्ठानों का चिन्हीकरण कर उन्हें प्रसाद के रूप से उस लड्डू का निर्माण कर विक्रय किये जाने हेतु प्रमोट किया जायेगा तथा इस संबंध में प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। लड्डू की पैकिंग के संबंध में ओ0डी0ओ0पी0 के तहत जूट का बैग, जिस पर चक्रतीर्थ तथा मा0 ललिता देवी जी का फोटो अंकित हो, बनाया जाये।अखाद्य रंग को खाद्य सामग्रियों को बनाने में प्रयोग न करने तथा खाद्य रंगो (यथा- Tartrazine, Sunset Yellow FCF, Fast Green FCF) के अनुमन्य मात्रा (100 पी0पी0एम0 तक) प्रयोग करने के बारे में खाद्य कारोबारकर्ताओं को जागरूकता के लिए निर्देशित किया गया तथा मीडिया के माध्यम से भी जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आयुष चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 48 वर्ष बाद सम्भल में दंगा पीड़ित परिवारों की घर वापसी की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्व. रामशरण रस्तोगी के परिवार को मिला भूमि पट्टा**

**प्रभारी मंत्री ने शेरखां सराय में रामशरण रस्तोगी परिवार को सौंपा पट्टाभिलेख, वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रखी भवन की नींव**

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की जनता सुरक्षित, जनपद प्रशासन भी कर रहा उत्कृष्ट कार्य : प्रभारी मंत्री**

सम्भल (बहजोई)। आज मा. प्रभारी मंत्री एवं उ.प्र. सरकार के सहकारिता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जे. पी.एस. राठौर ने तहसील सम्भल के ग्राम शेरखां सराय में श्रीमती रुक्मन रस्तोगी पत्नी स्वर्गीय सुभाष चन्द्र रस्तोगी को 100 वर्गमीटर (लगभग 150 वर्ग गज) भूमि का पट्टाभिलेख प्रदान किया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना के साथ भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं नींव रखी गई।

कार्यक्रम में मण्डलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। वर्ष 1978 के दंगों में अपनी जान गंवाने वाले स्वर्गीय रामशरण रस्तोगी के परिजन रुक्मन रस्तोगी एवं कपिल रस्तोगी ने भी वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार भूमि पूजन किया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1978 के साम्प्रदायिक दंगों में रामशरण रस्तोगी की हत्या हो गई थी। उनके पुत्र सुभाष चन्द्र रस्तोगी द्वारा उस समय प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, किन्तु उन्हें न्याय नहीं मिल सका। इसके बाद परिवार सम्भल से पलायन कर गया था। गत वर्ष उनके पौत्र कपिल रस्तोगी अपनी वृद्ध माता के साथ मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से मिले थे। मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा मृतक की पुत्रवधु रुक्मन रस्तोगी को ग्राम शेरखां सराय (बाहर चुंगी) में आवासीय प्रयोजन हेतु 100 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई। वर्ष 1978 के दंगा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल तथा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा यह एक महत्वपूर्ण पहल है। आवंटित भूमि ग्राम शेरखां सराय स्थित गाटा संख्या 128/2 (रकबा 0.105 हेक्टेयर) एवं गाटा संख्या 129 (रकबा 0.109 हेक्टेयर) में स्थित है। उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर तारबंदी कर दी गई थी तथा उसे कब्रिस्तान के रूप में प्रयुक्त किया जा रहा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। अपने संबोधन में मण्डलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि यह दिन लम्बे प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि दंगा प्रभावित परिवारों के मामलों की जांच एवं सत्यापन के उपरांत संबंधित पत्रावलियां शासन को प्रेषित की जा चुकी हैं तथा अग्रिम कार्रवाई शासन के निर्देशानुसार की जाएगी। उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप दंगा पीड़ित परिवारों को पुनः सम्भल में बसाने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जो भी परिवार दंगों के कारण सम्भल से पलायन कर गए थे, वे अपने उपलब्ध प्रमाणों सहित जिला प्रशासन से संपर्क करें। जांच के उपरांत उन्हें भी भूमि आवंटन की कार्रवाई की जाएगी। इससे प्रभावित परिवारों में विश्वास का वातावरण बनेगा तथा समाज में सौहार्द और सामाजिक समरसता को बल मिलेगा। मा. प्रभारी मंत्री श्री जे. पी.एस. राठौर ने कहा कि वर्ष 1978 के दंगों में जिन परिवारों के आशियाने उजड़ गए थे, उनके पुनर्वास की दिशा में यह अत्यंत भावुक एवं ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश एवं जनपद सम्भल का प्रत्येक नागरिक सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में जीवन यापन कर रहा है। शासन, प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश दंगामुक्त वातावरण की ओर अग्रसर है तथा कानून का राज स्थापित हुआ है। दंगा पीड़ित परिवारों ने वर्षों तक कठिन परिस्थितियों का सामना किया है, किन्तु अब उनके जीवन में सम्मान, सुरक्षा एवं स्थायित्व का नया अध्याय प्रारम्भ हो रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अन्य पात्र दंगा प्रभावित परिवारों के मामलों का भी शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सत्यप्रिय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, क्षेमनाथ तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ जी महाराज, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) राजेश सिंघल, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, नगर पालिका परिषद बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर (राजू), छत्रपाल सिंह, संजय पोली तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देवरिया में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 14 बच्चों को मिले लैपटॉप

देवरिया। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत लाभान्वित बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को जनपद देवरिया के विकास भवन स्थित गांधी सभागार में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने की। इस दौरान योजना के तहत चयनित 14 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। ये सभी बच्चे कक्षा 9 या उससे ऊपर की कक्षाओं में अध्ययनरत हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डिजिटल संसाधनों का सदुपयोग कर वे अपनी पढ़ाई को बेहतर बना सकते हैं और अपने भविष्य को नई दिशा दे सकते हैं। जिला प्रोबेशन विभाग के अनुसार जनपद में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत कुल 439 बच्चे आच्छादित हैं, जिन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सावित्री राय, राजकीय बाल गृह (बालक) के अधीक्षक रामकृपाल, वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, जिला प्रोबेशन कार्यालय के कनिष्ठ सहायक सैफ खान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले कार्यक्रम जनसहभागिता का अभियान बनें : अनिल कुमार

मुरादाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले ''12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के'' अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम विश्व पर्यावरण दिवस से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक चलेंगे। प्रयास करें कि यह सभी कार्यक्रम जनजागरण और जनसहभागिता का अभियान बनें।

यह बातें गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर मुरादाबाद की कोर कमेटी की बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान उप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री मुरादाबाद जनपद के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने कही। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत

# वाराणसी आने वाले पर्यटक की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपर पुलिस उपायुक्त ने की गोष्ठी

एजेंसी



वाराणसी। अपर पुलिस उपायुक्त (गोमती ज़ोन) नृपेन्द्र ने गुरुवार को थाना बड़ागांव क्षेत्र में आने वाले समस्त होटल संचालकों के साथ बड़ी परिचर्चा गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम को सुनिश्चित करने तथा वाराणसी आने वाले पर्यटक की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त नृपेन्द्र ने होटल संचालकों से कहा कि होटल संचालन पूर्ण रूप से वैध लाइसेंस के अंतर्गत ही किया जाए। सभी होटल और गेस्ट हाउस के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध लाइसेंस अनिवार्य रूप से उपलब्ध एवं प्रदर्शित रहे। होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पूर्ण सत्यापन (वैध पहचान पत्र एवं रजिस्टर में अनिवार्य प्रविष्टि) सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी जाए।

उन्होंने कहा कि होटल परिसर एवं आसपास क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तथा उनका रुख मुख्य प्रवेश द्वार, पार्किंग एवं सार्वजनिक स्थानों की ओर सुनिश्चित किया जाए।


सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखा जाए एवं आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को उपलब्ध कराया जाए। अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत होटल में फायर सेफ्टी उपकरणों की समुचित व्यवस्था, नियमित जांच एवं प्रशिक्षित स्टाफ की चौबीस घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए स्पष्ट रूप से चिन्हित इमरजेंसी एग्जिट अनिवार्य रूप से बनाए जाए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव हेतु होटल परिसर में जागरूकता संबंधी पोस्टर, पम्पलेट लगाए जाएं तथा डिजिटल लेन-देन में सतर्कता बरती जाए।

यातायात एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत होटल के आसपास सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने, अवैध गतिविधियों की रोकथाम तथा किसी भी प्रकार की अराजक या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराई जाए।

# सूर्या हत्याकांड : पुलिस सत्यापन से घबराए 524 संदिग्धों ने रातों-रात खोड़ा कॉलोनी से किया पलायन

एजेंसी





गाजियाबाद,। उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद में स्थित खोड़ा कॉलोनी में सूर्या हत्याकांड के बाद तीन दिन तक चले अपराधियों का सत्यापन अभियान आज पूरा हो गया। तीन दिन में 1200 अपराधियों के घर तक पुलिस पहुंची है। हालांकि पुलिस ने 1600 से ज्यादा अपराधी चिंहित किए हैं। इनमें 620 अपराधी घरों से गायब मिले। अभियान के दौरान 524 संदिग्ध परिवार पलायन कर गए और कई के परिजन ने दरवाजे तक नहीं खोले। इस दौरान एक हिस्ट्रीशीटर को भी हिरासत में लिया गया। कमिश्नरेट पुलिस ने सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद खोड़ा कालोनी में सर्च अभियान चलाया तो करीब आठ लाख की आबादी वाले इस क्षेत्र में करीब 1600 अपराधियों को चिंहित किया गया। 75 हिस्ट्रीशीटर और 37 गैंगस्टर परिवार सहित रातोंरात घर छोड़कर भाग गए। इनमें केवल 42 का सत्यापन हो सका, बाकी के घरों पर नोटिस चस्पा किए गए हैं। पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड ने बताया कि 524 संदिग्ध परिवार पलायन कर गए। उनके घरों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई है। इनके अलावा 94 परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर मकान बनाए हैं। उन्होंने बताया कि खोड़ा क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त, कट्टरपंथियों और अराजक तत्वों का सत्यापन पुलिस कर रही है। कई लोग मकान छोड़कर भाग गए हैं। सत्यापन रिपोर्ट में 600 से अधिक अपराधी व परिवार घरों पर नहीं मिले तो कुछ में वृद्ध और केवल महिलाएं ही हैं। उन्होंने बताया कि इनकी संपत्ति का ब्यौरा भी एकत्र किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि सूर्या हत्याकांड में शामिल 5 वें और 25 हजार रुपए के इनामी शारिक को पुलिस ने इंदिरापुरम अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होने बताया कि आरोपी मूलरूप से अलीगढ़ के बादशाह नगला स्थित छर्रा गांव का रहने वाला है। वर्तमान में वह खोड़ा के नवनीत विहार स्थित गली नंबर एक में परिवार के साथ रह रहा था। उस पर 25 हजार इनाम घोषित था। आरोपित ने असद, फरहान और अतीक के साथ मिलकर चाकू मारने की बात स्वीकार की।

# मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में बाहरी प्रभाव की चर्चा, कुछ नामों को लेकर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर की ओपीडी व्यवस्था को लेकर एक बार फिर विभिन्न स्तरों पर चर्चाएं तेज हो गई हैं। मरीजों एवं विभागीय सूत्रों के अनुसार मेडिकल कॉलेज परिसर में कुछ बाहरी व्यक्तियों की सक्रियता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि मिश्रा, राय एवं सिंह उपनाम से पहचाने जाने वाले कुछ व्यक्तियों की गतिविधियां लंबे समय से चर्चा का विषय बनी हुई हैं। हालांकि इन व्यक्तियों के विरुद्ध लगाए जा रहे आरोपों की स्वतंत्र एवं आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार उक्त व्यक्तियों की कथित सक्रियता मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के आसपास देखे जाने की चर्चा है। यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ बाहरी लोग मरीजों को प्रभावित करने तथा चिकित्सकों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं के संबंध में अप्रत्यक्ष रूप से हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि किसी सक्षम जांच अथवा आधिकारिक अभिलेख से नहीं हुई है। विभागीय सूत्रों का यह भी कहना है कि मेडिकल कॉलेज परिसर एवं उसके आसपास संचालित कुछ मेडिकल स्टोर्स पर मरीजों की बढ़ती भीड़ को लेकर भी समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह मांग की जा रही है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान में बाहरी व्यक्तियों द्वारा दवा लेखन प्रक्रिया अथवा मरीजों के उपचार संबंधी निर्णयों को प्रभावित करने जैसी गतिविधियां संचालित होती हैं, तो यह स्वास्थ्य सेवाओं की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर सकती हैं। इसलिए ऐसे मामलों में समय-समय पर प्रभावी निगरानी और जांच आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार पूर्व में मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा अनधिकृत हस्तक्षेप पर नियंत्रण के प्रयास भी किए गए थे, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आने की चर्चा रही। बावजूद इसके, एक बार फिर कुछ नामों को लेकर उठ रही चर्चाओं ने आमजन के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज प्रशासन तथा जिला प्रशासन से मांग की है कि मेडिकल कॉलेज परिसर में कथित बाहरी हस्तक्षेप, दवा लेखन व्यवस्था एवं संभावित दलाली तंत्र से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। उनका कहना है कि जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएं, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। फिलहाल मामला चर्चाओं और आरोप-प्रत्यारोपों तक सीमित है तथा किसी भी व्यक्ति की संलिप्तता आधिकारिक रूप से सिद्ध नहीं हुई है। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी इन शिकायतों एवं चर्चाओं का संज्ञान लेकर क्या कदम उठाते हैं।

# सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ नवजात शिशु सरकार की प्राथमिकता : सुभाष त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जिले के आकांक्षी ब्लॉक हुजूरपुर के सीएचसी में गुरुवार को प्रोजेक्ट मातृ छाया के अन्तर्गत अत्याधुनिक प्रसव एवं मातृ-शिशु देखभाल केन्द्र का भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने फीता काटकर लोकर्पण किया। यह परियोजना पीएसआई इंडिया और एसबीआई फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से विकसित की गई है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण इलाके में मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना है।

लोकार्पण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि अब हुजूरपुर सीएचसी में गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को भी कारपोरेट हॉस्पिटल जैसी सुविधाएं एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ नवजात शिशु सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि अत्याधुनिक प्रसव केन्द्र और नवजात शिशु देखभाल इकाई के संचालन से क्षेत्र में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में सहायता मिलेगी। इस परियोजना के अन्तर्गत हुजूरपुर प्रदेश का पहला ऐसा सीएचसी होगा,जहां अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना की गई है। शुभारम्भ के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कविता चौधरी ने दो गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड कर सेवा को शुरू किया।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी कराई गई। नवजात शिशुओं के अन्नप्राशन कराया गया। पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड का वितरण किया गया। इसके साथ ही टीबी रोगियों को पोषण किट भी प्रदान की गई। इस अवसर पर सीएमओ डॉ संजय कुमार,सीएचसी अधीक्षक डॉ ए ए श्रीवास्तव, डीएचईआईओ ब्रजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सत्ता परिवर्तन यात्रा को लेकर बिजनौर में हाई वोल्टेज सियासत, सांसद चंद्रशेखर को किया गया नजरबंद

बिजनौर। आजाद समाज पार्टी की प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन यात्रा से पहले गुरुवार को जिले में राजनीतिक माहौल गरमा गया। जिला प्रशासन ने सांसद चंद्रशेखर आजाद को उनके धामपुर स्थित निवास पर सवेरे ही नजरबंद कर दिया था, कई घण्टे चली वार्ता के बाद चन्द्रशेखर को बिजनौर में सभा करने की बात पर सहमति बनी जिसके बाद सासंद चन्द्रशेखर आजाद नहटौर होते हुए बिजनौर जनसभा स्थल इन्दिरा बाल भवन पर काफिले के साथ पहुंचे। उन्होंने सभा की अनुमति न मिलने पर सरकार को जमकर कोसा। गौरतलब है कि आसपा द्वारा पदयात्रा के रूप में पदयात्रा निकालने की घोषणा कई दिनों पहले की गई थी पर जिला प्रशासन ने पदयात्रा की अनुमति प्रदान नहीं की थी। इसके बावजूद चंद्रशेखर आजाद के बिजनौर पहुंचने से पहले ही प्रशासन ने विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। वहीं आजाद समाज पार्टी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर अपने नेता के समर्थन में नारेबाजी की। धामपुर,चांदपुर किरतपुर और बिजनौर में जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच बहस और हल्की नोकझोंक की स्थिति भी देखने को मिली। हालांकि प्रशासन की सूझबूझ से शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। सीओ संग्राम सिहं व एसडीएम सदर ऋतु रानी लगातार स्थिति पर नजर रखे रहें।

## जौनपुर में रसोई गैस सिलेंडर का रेगुलेटर बदलते समय हादसा, पांच झुलसे

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शिवापार गांव में गुरुवार दोपहर रसोई गैस लीक होने से एक ही परिवार के पांच सदस्य झुलस गए। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज चल रहा है। घायलों में बिजेंद्र यादव (38), उनकी पत्नी अनीता (35), बेटियां वर्तिका (11) और कृतिका (14) तथा बेटा श्रेयांश (8) शामिल हैं। यह सभी घटना के समय रसोईघर में मौजूद थे।बिजेंद्र यादव रसोईघर में गैस सिलेंडर का रेगुलेटर बदल रहे थे। इसी दौरान गैस लीक हो गई। जैसे ही उन्होंने माचिस जलाई, लीक हुई गैस ने आग पकड़ ली। इससे परिवार के पांचों सदस्य झुलस गए। आशंका है कि गैस पहले से ही लीक हो रही थी। घटना के बाद, आनन-फानन में परिवार के सदस्यों को निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है। सभी की हालात स्थिर है। कोई जानमाल की हानि नहीं है। वहीं इस मामले में थानाध्यक्ष लाइन बाजार ने बताया कि घायलों को हॉस्पिटल में उपचार के लिय भर्ती कराया गया है। सभी ठीक हैं। घर से सिलेंडर हटा दिया गया है।

## गोसाईगंज में तमसा नदी पर आकार ले रहा सेतु

अयोध्या।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल कोहडौरा घाट तमसा नदी पर दीर्घ सेतु निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। इस महत्वपूर्ण पुल के बनने से गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और आवागमन सुगम हो जाएगा।

मोहम्मदपुर अरती से ग्यासपुर कोहडौरा घाट को जोड़ने वाला यह सेतु क्षेत्रवासियों के लिए लंबे समय से चली आ रही परेशानी का समाधान साबित होगा। तमसा नदी पर बन रहे इस पुल की कुल लंबाई 91.230 मीटर है। इसके अलावा मुख्य पहुंच मार्ग की लंबाई 200+200 मीटर तथा अतिरिक्त पहुंच मार्ग की लंबाई 325+115 मीटर रखी गई है। कुल मिलाकर यह एक आधुनिक और मजबूत संरचना के रूप में तैयार हो रहा है। 14.11 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा यह परियोजना संचालित की जा रही है। कार्य की शुरूआत 1 लजून 2025 को हुई थी और निर्धारित समयावधि के अनुसार 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। वर्तमान में पुल के सुपर स्ट्रक्चर व पहुंच मार्गों का कार्य प्रगति पर है। अब तक 64 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की जा चुकी है। स्थानीय विधायक और जनप्रतिनिधियों ने भी इस परियोजना को क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस परियोजना को तेजी दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में तमसा नदी पार करना बेहद जोखिम भरा होता था। अब इस पुल के बनने से न केवल दूरी कम होगी बल्कि साल भर सुगम आवागमन संभव हो सकेगा। खासकर कृषि उत्पादों के परिवहन, छात्रों की स्कूल पहुंच और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी। यह सेतु क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। आसपास के गांवों के किसान अपने माल को बाजार तक जल्दी और सस्ते में पहुंचा सकेंगे। साथ ही क्षेत्र में छोटे-मोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। सामाजिक दृष्टि से भी यह पुल महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रामीण क्षेत्र मुख्यधारा से जुड़ेंगे। सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक रोहित अग्रवाल ने बताया कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। अब तक 64 फीसदी निर्माण हो चुका है। सुपर स्ट्रक्चर व पहुंच मार्ग प्रगति पर है। पुल के डिजाइन को भूकंपरोधी और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कोहडौरा घाट पुल का निर्माण अयोध्या में चल रहे समग्र विकास कार्यों का हिस्सा है।

# डीएलए पर मेडिकल लाइसेंस के लिए धन मांगने का आरोप, जिलाधिकारी से की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। दवाओं की बिक्री में मोटा मुनाफा होने के चलते मेडिकल स्टोर खोलने के लिए आवेदकों की लंबी कतार दफ्तर में लग रही है। मेडिकल स्टोर खोलने के लिए पहले लाइसेंस बनवाना जरूरी है, जिसके लिए आवेदकों से हजारों रुपये की धन उगाही की जा रही है।दलालों के माध्यम से इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है, जिसको लेकर कुछ आवेदकों ने डीएम समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की है।यूथ फार्मासिस्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष रोहित मिश्रा की ओर से जिलाधिकारी को शिकायती पत्र में डीएलए कार्यालय पर आवेदन के निस्तारण में अनियमितता एवं कथित धनमांगने का आरोप लगाया गया है शिकायतकर्ता आलोक यादव ने बताया कि उन्होंने अपने प्रतिष्ठान ''मां शांति मेडिकल स्टोर'' के लिए आठ अप्रैल को ऑनलाइन आवेदन किया था। आरोप है कि 22 अप्रैल को आवेदन में संशोधन के लिए वापस किया गया,जबकि संशोधन की निर्धारित अवधि साठ दिन थी। शिकायत के अनुसार 22 मई को संशोधित आवेदन जमा करने के बावजूद 27 मई को यह कहते हुए पुनः अस्वीकृत कर दिया गया कि आवेदन संशोधन अवधि के बाद जमा किया गया है।शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि कार्यालय के एक नोटिस नंबर पर संपर्क करने के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा तीस हजार रुपये की मांग की गई।आरोप है कि शिकायतकर्ता ने गूगल पे के माध्यम से दस हजार रुपये भेज भी दिए,लेकिन शेष बीस हजार रुपये न देने पर आवेदन निरस्त कर दिया गया।वही यूथ फार्मा सिस्ट फाउंडेशन ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच होने पर लाइसेंस प्रक्रिया में व्याप्त कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है।फिलहाल शिकायत पत्र के आधार पर मामला स्वास्थ्य एवं औषधि विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान महामंत्री राकेश शुक्ला,उपाध्यक्ष संजय अवस्थी,बृजेश शुक्ला, सनत कुमार पांडे,अंकित तिवारी,आलोक यादव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि विशेष अभियान 30 जून तक चलेगा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत जनपद में 1 जून से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स और उनके परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। परियोजना अधिकारी डूडा निधि बाजपेयी ने बताया कि अभियान के दौरान जनपद स्तर पर स्वनिधि महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें लाभार्थियों की सफलता की कहानियां साझा की जाएंगी। नगर निकाय स्तर पर लोक कल्याण मेले, बैंकर्स और स्ट्रीट वेंडर्स की बैठकें भी आयोजित होंगी। इन कार्यक्रमों में वेंडर्स को ऋण, क्रेडिट कार्ड, डिजिटल भुगतान और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी नगर निकायों के साथ-साथ सेंसस टाउन क्षेत्रों में भी विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में नए स्ट्रीट वेंडर्स की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ा जाएगा। स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, पीएम जनधन योजना, वन नेशन-वन राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृ वंदना योजना तथा श्रम विभाग में पंजीकरण जैसी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

# गोंडा में दिल्ली जैसे अग्निकांड का खतरा, बेसमेंट के रेस्टोरेंट, सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । भले ही यह होटल गली में नहीं है लेकिन य हां अग्निशमन व्यवस्था के नाम पर केवल खाना पूर्ति हो रही है।बेसमेंट में संचालित रेस्त्रां में मात्र एक निकलने का रास्ता है, अगर दक्षिणी दिल्ली स्थित लेमन ग्रीन रेस्त्रां में आग लगने जैसी घटना हो जाए तो हादसा बड़ा हो सकता है।शहर के बड़े भवनों के बेसमेंट में दर्जनों से अधिक रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा है। रेस्टोरेंट संचालकों के पास भले ही फायर एनओसी हो लेकिन अगर आ ग लगने की घटना हो जाए तो वहां फंसे लोगों को बाहर निकलने का रास्ता तलाशना मुश्किल हो जा एगा।गोंडा में भी हालत यह है कि गोंडा - लखनऊ रोड अंबेडकर चौराहा के पास एक प्रतिष्ठित रेस्टो रेंट मेल्टिंग मोमेंट्स,एलबीएस चौराहे के पास एक बेसमेंट में राजा डोसा, नगर कोतवाली के सामने दुखांदनाथ मंदिर के पास मार्केट में बेसमेंट में देवां पीपल चौराहे के पास बेसमेंट में जय माता दी रे स्टोरेंट,स्वातिक रेस्टोरेंट का संचालन बेसमेंट में किया जा रहा है।शहर में दर्जनों से अधिक रेस्टोरेंट संचालकों के पास फायर की एनओजी नहीं है।इस के बाद भी इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।नई दिल्ली स्थित लेमन ग्रीन रेस्त्रां में बुधवार सुबह आ ग लगने जैसी घटना को देखते हुए अब जिला प्र शासन ने को शहर के बड़े भवनों के बेसमेंट में चल ने वाले होटल,रेस्टोरेंट को बंद कराना चाहिए।जिस से कि भविष्य में दिल्ली जैसी घटना जिले में न हो सके।शहर के चौक बजार जय माता दी रेस्टोरेंट में और एलबीएस चौराहे के पास राजा डोसा बेसमेंट में चल रहा है,जिसमें अंदर जाने व बाहर आने का रास्ता भी लगभग एक ही है। भले ही इनके पास फायर एनओसी हो लेकिन अगर आगजनी की घ टना हो गई तो लोगों को बाहर निकले में काफी परेशानी होगी। वैवाहिक घर,होटल जो कि तीन मं जिला तक संचालित हो रहे हैं उनमें भी अगर आ गजनी की घटना हो गई तो कमरों में ठहरे लोग बा हर नहीं निकल सकते हैं।इनमें शहर में कई होटल शामिल हैं जिले में सैकड़ो वैवाहिक घरों में लगभ ग कुछ ही के पास है एनओसी है।शहर में दर्जनों से अधिक बड़े होटल चल रहे हैं।निजी कार्यालय सरकारी भवन, माल, होटल, अस्पताल,सिनेमा घर फैक्ट्री व वेयर हाउस में फायर से फ्टी सिट्म अव श्य होना चाहिए।हर बड़े भवन में फायर एग्जिट और अलार्म सिस्टम लगाना जरूरी है।कर्मचारियों को फायर ड्रिल और सेफ्टी ट्रेनिंग समय-समय पर विभाग द्वारा दी जानी चाहिए।होटलों व वैवाहिक घरों में इमरजेंसी लाइटिंग और सेफ्टी साइन बोर्ड लगना है जरूरी।होटलों में लगे बिजली के तारों पर कभी भी अधिक लोड न डालें।

## 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डीएम ने की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में 15 जून से 21 जून 2026 तक 'योग सप्ताह' हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने हेतु जनपद/ब्लाक स्तरीय समस्त अधिकारियों को आवष्यक दिषा निर्देष दिये गये। 15 जून 2026 को इसका उद्धाटन समारोह महाराजा सुहेल देव स्मारक स्थल पर एवं मुख्य कार्यक्रम/समापन कार्यक्रम इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच मे आयोजित कराने के निर्देश दिये गये। योग सप्ताह में ज्यादा से ज्यादा जनमानस कि सहभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु समस्त तहसील, ब्लाक, ग्राम पंचायत स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित कराए जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार सहित अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी डा. सरोज शंकर राम, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी नोडल अधिकारी डॉ पियूष नायक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डा. प्रभात मिश्र वं ब्रह्मकुमारीज, आरोग्य भारती के सदस्य सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# घरेलू गैस सिलिंडरों दुकानों, कैंटीन होटलों में हो रहा बेखौफ प्रयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । सिलेंडर नही मिलने से घरेलु उपभोक्ताओं हाहाकार मचा है।लेकिन होटल व ढाबा में खुल्ले आम घरेलु गैस का इस्तेमाल हो रहा है।रोडवेज बस स्टॉप के पास नामी रेस्टोरेंट में खुले आम घरे लू गैस सिलेंडर का प्रयोग हो रहा है।ऐसे ही सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला बैंक ऑफ़ इंडिया के पास

संचालित हो रही कई मिठाई के दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग हो रहा है।ऐसे ही शहर के लगभग हर होटल में खुल्लेआम घरेलु गैस का इ स्तेमाल हो रहा है।प्रशासन की अनदेखी के कारण आम उपभोक्ताओं में यह परेशानी बढ़ती जा रही है।लेकिन होटल संचालकों पर रसोई गैस सिलेंडर के किल्लत का तनिक भी असर नही पड़ रहा है। यह प्रशासन के सजगता का पोल खोल रहा है। म गर हैरान करने वाली बात यह है कि इतने किल्लत के बाद भी आखिर होटल व ढाबा में घरेलु गैस सि लेंडर की आपूर्ति कौन कर रहा है।हालांकि इस मा मलें में एजेंसी संचालक भी मालामाल हो रहे है।फोन का

**कोई रिस्पांस नही दे रहे संचालक :** गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं की बात एजें सी संचालक नही सुन रहे है।फोन का रिस्पांस न ही दे रहे है। कोई गैस एजेंसी संचालक फोन नही उठा रहे है तो किसी का स्वीच ऑफ मिल रहा है। फोन का रिस्पांस नही मिलने से उपभोक्ताओं में हताश की स्थिति उत्पन्न होने लगी है।मजबूर लोग लकड़ी पर खाना बनाने को विवश है।कोई इलेक्ट्रि क चुल्हा पर खाना बना अपनी भूख मिटा रहे है। कोई लकड़ी से खाना बना रहा है।वही होटलों पर घरेलू सिलेंडर जलने कि जानकारी मोबाइल फोन पर लेने की कोशिश की गई तो उनका फोन नेटव र्क क्षेत्र से बाहर बताया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद भर में चलेगा सघन वृक्षारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पर्यावरणविदों एवं समाजसेवियों ने सहभागिता की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न चिन्हित स्थलों पर सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाएं तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग सक्रिय भागीदारी करेंगे।

प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद की विभिन्न विभागीय नर्सरियों में पर्याप्त संख्या में पौधे उपलब्ध हैं, जिन्हें आवश्यकता के अनुसार कृषकों एवं संबंधित विभागों को उपलब्ध कराया जाएगा।महामना मालवीय मिशन (अवध) के अध्यक्ष एवं पर्यावरणविद संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि स्वयंसेवी संस्थाओं, धार्मिक संगठनों तथा विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त प्रयास से पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण एवं संरक्षण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि 5 जून को सायंकाल सरयू नदी तट स्थित झिंगहा घाट के हनुमान मंदिर परिसर में पर्यावरण एवं जल संरक्षण चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जहां पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुशील कुमार धनवंता, महाराजा सुहेलदेव सेवा समिति के संयोजक हरिश्चंद्र गुप्ता, सचिव दिलीप कुमार अर्जुन, इनर व्हील क्लब की सचिव ज्योति बंसल, पर्यावरणविद राकेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. अनीता जायसवाल, कृष्ण मोहन गोयल, नन्हे लाल लोधी, योगाचार्य सुशील बाजपेई, डॉ. पंकज श्रीवास्तव, रामरूप मिश्र एडवोकेट सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी संजीव श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र गुप्ता, दिलीप कुमार, ज्योति बंसल, रामचंद्र सिंह तथा कृष्ण मोहन गोयल सहित अन्य लोगों को जिलाधिकारी द्वारा महाराजा सुहेलदेव का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मालवीय नगर अग्निकांड में घायलों से मिले विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया ने नई दिल्ली के मालवीय नगर में हुए दुखद अग्निकांड में घायल लोगों,जिनमें कई विदेशी नाग रिक भी शामिल हैं,उनका हालचाल जानने के लिए साकेत स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का दौरा किया।अस्पताल में भर्ती पीड़ितों से मुला कात के बाद उन्होंने कहा कि वह सभी उपचाराधी न घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही जिन परिवारों ने इस हादसे में अपने प्रिय जनों को खोया है,उनके प्रति उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की।उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय संबंधित दूतावासों के साथ लगातार संपर्क में है और प्रभा वित विदेशी नागरिकों को हरसंभव सहायता उपल ब्ध कराई जा रही है।उन्होंने डॉक्टरों,नर्सों तथा अ स्पताल के कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सरा हना करते हुए कहा कि उनकी समय पर और उ त्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के कारण अनेक लोगों की जान बचाई जा सकी है तथा घायलों का प्रभावी उ पचार सुनिश्चित हो रहा है।श्री सिंह ने कहा कि ह मारे जांबाज पुलिसकर्मियों ने अपनी जान की पर वाह किए बिना आग में फंसे लोगों को सुरक्षित बा हर निकालने का साहसिक कार्य किया।सरकार उ नकी देखभाल और आवश्यक सहायता सुनिश्चित करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।उन्होंने ब ताया कि मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भ र्ती लोगों में बांग्लादेश, नेपाल, अफ्रीकी देशों तथा भारत के नागरिक शामिल हैं।उन्होंने स्वयं अस्पता ल में भर्ती पीड़ितों से मुलाकात की है और सरकार उनकी समुचित चिकित्सा एवं देखभाल के लिए ल गातार प्रयासरत है।इस अवसर पर उन्होंने स्थानी य विधायक सतीश उपाध्याय तथा भाजपा कार्यक र्ताओं द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों में दी गई त्वरि त सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों तक तत्काल मदद पहुंचा ने और राहत कार्यों को गति देने में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है।वही इस अग्निकांड में जान गंवा ने वाले प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्र धानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी, जबकि घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक स हायता दी जाएगी।

# विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कपिल देव अग्रवाल

एजेंसी



बिजनौर। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को अपराह्न कलेक्ट्रेट सभागार में बिजनौर जनपद के विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की हुई।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण कराया जाए।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर जनता को उनका लाभ उपलब्ध कराया जाए। साथ ही विभागीय अधिकारी फील्ड भ्रमण कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का सत्यापन करें तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में मंत्री द्वारा सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, कृषि, नगर विकास, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण एवं अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।इस अवसर पर विधायक नहटौर ओम कुमार, जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह, महिला आयोग सदस्या संगीता जैन, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### उम्मीद पोर्टल पर 05 जून तक दुरूस्त किया जा सकता है वक्फ सम्पत्तियों का विवरण

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि वक्फ बोर्ड में रजिस्ट्रेशन की तारीख, वक्फ के कियेशन की तारीख, वक्फनामा/धारा-37/सम्पत्ति से सम्बन्धित राजस्व अभिलेख न अपलोड किया जाना उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों का रिजेक्ट होने का मुख्य कारण है। श्री खालिद ने सुन्नी एवं शिया वक्फ सम्पत्तियों के मुतवल्लियों को सुझाव दिया है कि जनपद स्तर पर ही अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर को लाग-इन कराकर की गयी त्रुटि को 05 जून 2026 तक प्रत्येक दशा में सही कराया जाना सुनिश्चत करें, जिससे कि वेरिफायर/अप्रूवर के स्तर पर अन्तिम कार्यवाही की जा सके। उन्होंने बताया कि वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर फीड कराये जाने के सम्बन्ध में कार्यालय स्तर पर हेल्पडेस्क स्थापित की गयी है जिसमें सहायक सर्वे आयुक्त वक्फ, बहराइच मो.न. 9758072117 एवं वक्फ निरीक्षक बहराइच मो.न. 8299415241 को डेस्क प्रभारी नामित किया गया है।

### गुण्डा एक्ट के तहत 03 अपराधी हुए जिला बदर

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी द्वारा 03 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 11 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह आगामी 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना बौण्डी अन्तर्गत खरगीपुरवा दा. मंझारा तौकली नि. रामतेज यादव, राजेश यादव व संजय यादव पुत्रगण तीरथ यादव को 06 माह के जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना कोतवाली नानपारा अन्तर्गत बलहा नि. मुन्ना, रहीस, महमूद व सैय्यद पुत्रगण दुलारे, थाना रूपईडीहा के बक्शीगांव दा. माधवपुर निदौना नि. हीरालाल उर्फ गुल्ले पुत्र कुरकुट, थाना मोतीपुर के झाला नि. सरफुद्दीन पुत्र कलीम, थाना रानीपुर के राधानगर दा. रामपुर नि. रामकुमार उर्फ भाई व माधवराज उर्फ माधव पुत्रगण शंकर, थाना दरगाह शरीफ (हालपता जी.आई.सी. स्कूल के निकट) मो. धनकुट्टीपुरा थाना कोतवाली नगर नि. तौहीद अहमद पुत्र कादिर शाह, थाना सुजौली के सीतारामपुरवा दा. बाजपुर बनकटी नि. ज्ञानी पुत्र चुन्नीलाल तथा थाना नवाबगंज के नन्दागांव नि. धर्मरात वर्मा पुत्र जगतराम वर्मा को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है।

### विश्व पर्यावरण दिवस : डुमराव बाग अस्सी के तुलसी पार्क में पौधरोपण,पौधों के संरक्षण पर जोर

वाराणसी। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर गुरूवार को सामाजिक संस्था नई सुबह एक उम्मीद ने एक पौधा उम्मीद का, एक कदम हरियाली से जलवायु परिवर्तन की ओर'' थीम के अंतर्गत नगवा वार्ड में जन जागरूकता अभियान चलाया। वार्ड के अस्सी डुमराव बाग कॉलोनी स्थित तुलसी पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अलख भी जगाई। पौधरोपण अभियान में भाजपा की पार्षद माधुरी सिंह, पूर्व पार्षद रविंद्र सिंह ने भी भागीदारी की। पूर्व पार्षद रविन्द्र सिंह ने लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 05 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस हमें याद दिलाता है कि धरती का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस वर्ष की थीम ''भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा प्रतिरोध'' के अनुरूप संस्था ने हरियाली बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने का संकल्प लिया है। संस्था अध्यक्ष ममता ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत अगस्त माह तक शहर के कई स्थानों पर 1100 पौधे लगाए जाएंगे ।

# गोंडा पहुंची मध्यांचल की एमडी,चार एसडीओ को चार्जशीट, दो अभियंता को दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । एक दिवसीय दौरे पर मध्यांचल विद्युत वितर ण की एमडी रिया केजरी वालने बिजली विभाग की कार्यशैली की समीक्षा करने गुरुवार को मनका पुर पहुंचीं मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटे ड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने अधिका रियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मुहया कराई जाए।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मन

कापुर आइटीआइ गेस्ट हाउस के सभागार में आ योजित समीक्षा बैठक में उन्होंने बेहतर राजस्व व सूली पर जनपद जिले की टीम की सराहना की। दूसरी आरे अधूरे कार्यों और शिथिल कार्यप्रणाली पर कई अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए चेतावनी,चार्जशीट और विभागीय कार्रवाई के निर्दे श दिए।बैठक में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, सौभाग्य योजना फ़ेस तीन के अंतर्गत चयनित मजरों में क राए जा रहे विद्युतीकरण कार्य की प्रगति,तथा माह मई-2026 में आए आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हुई विद्युत लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों को बदलकर आपू र्ति सामान्य करने के कार्यों की समीक्षा हुई। बिज नेस प्लान के अंतर्गत वितरण परिवर्तकों (ट्रांसफा मरों) की क्षमता वृद्धि एवं उनके प्रोटेक्शन के कार्य पूर्ण न होने पर अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाते हुए मनकापुर और नवाबगंज के अधिशासी अभि यंताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए पंद्रह दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।जबकि कार्य में लापरवाही बरतने के दृष्टिगत मनकापुर, गौरा चौकी,नवाबगंज, तरबगंज और वजीरगंज के उपखंड अधिकारियों को चार्जशीट देने के निर्देश जारी किए गए।वहीं बिना अवकाश स्वीकृत कराए मुख्यालय से बाहर रहने तथा महत्वपूर्ण समीक्षा बै ठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर ज वाब मांगा।उपखंड अधिकारी कटरा बाजार कैला श यादव तथा धानेपुर के उपखंड अधिकारी शेषम णि त्रिपाठी के बिना अवकाश स्वीकृत कराए मु ख्यालय से बाहर रहने और बैठक में शामिल न हो ने पर प्रबंध निदेशक ने कड़ी नाराजगी जताई।का र्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में निदेशक तकनीकी हरीश बंसल,निदेशक वाणिज्य रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता यदुनाथ यथार्थ मौजूद रहे।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की 26 जून को मुरादाबाद पहुंचेगी गोरक्षा व हिंदू सुरक्षा यात्रा

मुरादाबाद । जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज की गोरक्षा और हिंदू सुरक्षा को लेकर निकाली जा रही यात्रा 26 जून को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद पहुंचेगी। महानगर व अन्य तहसीलों में शिव सैनिकों की ओर से भगवा ध्वज लगाकर धर्म सभाओं का आयोजन किया जाएगा। तैयारियों को लेकर गुरुवार को शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि 26 जून को जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज की यात्रा का आगमन जिले में होगा। यात्रा धर्म सभाओं की तैयारी के लिए शिवसेना (युवा) के पदाधिकारियों की बैठक महानगर के साथ-साथ ठाकुरद्वारा, कंाठ व बिलारी आदि तहसीलों में भी जाएगी। जहां-जहां यात्रा जाएगी, वहां शिव सैनिकों के संयोजन में धर्मसभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रमुख ने आगे कहा कि शिवसेना अब मुरादाबाद महानगर के नाम को बदलकर राजा राम सिंह नगर रखने की मांग को प्रमुखता से उठाएगी।

# सुल्तानपुर में गरजे प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सुल्तानपुर के नव नियुक्त प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने गुरुवार को जिले के अपने पहले दौरे पर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत के बीच मंत्री यादव ने समाजवादी पार्टी के पीडीए नारे को लेकर तीखा कटाक्ष किया और इसे सामाजिक न्याय नहीं बल्कि परिवार डेवलपमेंट एसोसिएशन करार दिया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी केवल एक परिवार की राजनीति तक सीमित होकर रह गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सैफई खानदान का विकास ही सपा का असली एजेंडा है, जबकि भाजपा सबका साथ-सबका विकास की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब केंद्र और प्रदेश में समाजवादी पार्टी समर्थित सरकारें थीं, तब पिछड़े वर्ग को संवैधानिक अधिकार और सम्मान क्यों नहीं मिला। मंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही पिछड़े वर्ग को वास्तविक अधिकार और सम्मान प्राप्त हुआ है। दलित समाज के मुद्दे पर भी प्रभारी मंत्री ने विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा दलित और वंचित समाज को सम्मान देने का कार्य किया है। मायावती को पहली बार मुख्यमंत्री बनाने में भाजपा की अहम भूमिका रही, जबकि सपा शासनकाल में लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड जैसी घटनाओं ने दलित समाज को अपमानित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर से जुड़े स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया, वहीं रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर दलित और आदिवासी समाज को सर्वोच्च सम्मान देने का कार्य किया। अखिलेश यादव द्वारा प्रदेश के गृह मंत्रालय को अंडरग्राउंड बताए जाने के आरोपों पर भी मंत्री ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। चाहे अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, कानून से ऊपर कोई नहीं है।

# मैन ऑफ द मैच से सम्मानित हुए समाजसेवी के पुत्र बाबर खान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के नवाबों गांव शेरपुर कला में आयोजित स्वर्गीय हाजी सईद खां क्रिकेट टूर्नामेंट में सपा नेता व समाजसेवी मोहम्मद जैगम रजा खां के 11 वर्षीय पुत्र बाबर खान ने शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा। खिलाड़ी बाबर खान ने पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने के साथ सबसे ज्यादा विकेट भी लिए। इस दोहरे प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में बाबर की घातक गेंदबाजी के सामने दूसरी टीम 40 रनों पर ही सिमट गई और उनकी टीम ने खिताब अपने नाम कर लिया।बाबर खान इससे पहले भी मिलेनियम स्कूल, सेंट जोसेफ और पूवायां के स्कूलों में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शेरपुर कला का नाम रोशन कर चुके हैं। कम उम्र में ही उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की तकनीक की कोच भी सराहना कर रहे हैं।बाबर की इस उपलब्धि पर सिकंदर खां, सुधीर मिश्रा, मनोज राठौर, इनातुल्ला मंसूरी, मुसव्वर अंसारी, बातुनशाह समेत सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है। पिता वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद जैगम रजा खां ने कहा कि बेटे की मेहनत और लगन से पूरे परिवार का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। ग्रामीणों ने बाबर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि गांव के बच्चे अगर ऐसे ही मेहनत करें तो क्षेत्र का नाम प्रदेश देश विदेश के खेलो के मैदान में भी चमकेगा।

# प्रतियोगिताओं में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही पूरनपुर में स्थित द क्लाइमेक्स लाइब्रेरी सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का एक प्रमुख केंद्र बन चुकी द क्लाइमेक्स लाइब्रेरी सेंटर जो कि पूरनपुर के घुंघचिहाई चौराहा सुपर मार्केट में स्थित है।इस लाइब्रेरी की विशेषताएं एसी स्टडी हॉल,आरओ पानी की व्यवस्था, वाई फाई की सुविधा,पीसफुल एनवायरनमेंट है।इस लाइब्रेरी ने अपने तीसरे शैक्षणिक वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इस इस शुभ अवसर पर लाइब्रेरी के संरक्षक सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि दो वर्ष पहले शुरू हुई हमारी शैक्षणिक यात्रा को छात्रों एवं अभिभावकों का भरपूर्ण सहयोग व विश्वास प्राप्त हो रहा है। हमारी लाइब्रेरी का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्थित तैयारी भी उपलब्ध कराना है।विद्यार्थियों के लिए यूपी लेखपाल,बैंक,नीट, यूपी एसआई,यूपी होमगार्ड सहित अन्य विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।हमारे यहां छात्रों को आधुनिक और बेहतर शिक्षण पद्धति के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है।जिससे वे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर सकें।उन्होंने आगे बताया कि हमारे संस्थान में विद्यार्थी अपने विषयों में गहन ज्ञान की परिभाषा प्रदर्शित करते हैं।इतना ही नहीं विद्यार्थियों को समय-समय पर विशेष सत्रों और डाउट-क्लासेस के माध्यम से उनकी शंकाओं का समाधान भी किया जाता है।आज के समय में छात्रों के सामने सबसे बड़ी चुनौती किताबी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बीच संतुलन बनाए रखने की होती है।इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमारी लाइब्रेरी छात्रों को एक ऐसा समग्र और प्रतिस्पर्धात्मक शैक्षणिक वातावरण प्रदान करती है। जहां पर वे बोर्ड परीक्षाओं के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एक साथ प्रभावी ढंग से कर सकें।हमारे संस्थान का प्रयास है कि प्रत्येक छात्र अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे और अपने निर्धारित समय तक लक्ष्य को प्राप्त करे।लाइब्रेरी के संरक्षक सुनील कुमार ने जनपद के सभी अभिभावकों से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर करियर निर्माण के लिए एक बार द क्लाइमेक्स लाइब्रेरी सेंटर पर अवश्य पहुंचे और यहां पर उपलब्ध शैक्षणिक कार्यक्रमों संबंधी सुविधाओं को देखें।

# दु:ख दूरियां कार्यक्रम संपन्न, 251 महिलाओं ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के तत्वावधान में गुरुवार को गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के बनमई गांव में दुःख दूरियां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी सहयोग तथा जनकल्याण की भावना को बढ़ावा देना रहा। आयोजन का नेतृत्व संस्था से जुड़े राज देव वर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर राम जीत वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और पारस्परिक सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनने की प्रेरणा मिलती है, जिससे समाज अधिक सशक्त और संवेदनशील बनता है। कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। उन्होंने कहा कि संस्था का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग और संवेदनशीलता का भाव पहुंचाना है, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने गुड़, चना और लाई का प्रसाद ग्रहण किया तथा श्रद्धापूर्वक अवसान माता की कथा का श्रवण किया। धार्मिक एवं सामाजिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही और गीता देवी, मंजू देवी, किरन वर्मा, अनिता, सुमन, संगीता तथा ज्योति सहित कुल 251 महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के समापन पर समाज की सुख-समृद्धि, क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण की कामना की गई। आयोजकों ने सभी उपस्थित ग्रामीणों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# सुलतानपुर में सूदखोरों का आतंक, 5 लाख के बदले वसूल लिए 11 लाख, फिर भी मांग रहे 8 लाख, परिवार को जान से मारने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। अवैध सूदखोरी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति को कर्ज के ऐसे जाल में फंसाया गया कि मूलधन से दोगुने से भी ज्यादा रकम चुकाने के बावजूद उसकी मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। सूदखोरी का यह खेल अब खुलेआम गरीब और मजबूर लोगों की जिंदगी तबाह करने लगा है, लेकिन प्रशासन की सख्ती अब तक केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है। कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के इमिलियाकला निवासी शिवबहादुर यादव ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उन्होंने 18 जनवरी 2022 को सिरवारा रोड निवासी संजय सिंह से 6 प्रतिशत ब्याज पर ?5 लाख उधार लिए थे। हैरानी की बात यह है कि कर्ज देते समय ही आरोपी ने ?50 हजार एडवांस ब्याज के नाम पर काट लिए। यानी गरीब आदमी की मजबूरी का सौदा उसी दिन शुरू हो गया था। पीड़ित का कहना है कि वह अब तक बैंक खाते और नकद के जरिए कुल ?11,35,000 चुका चुका है, जो मूलधन से दोगुने से भी अधिक है। लेकिन इसके बावजूद आरोपी का लालच कम नहीं हुआ और अब वह ?8 लाख की अतिरिक्त मांग कर रहा है। पैसे न देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आरोप है कि 9 अप्रैल को आरोपी पीड़ित के घर पहुंचा और परिवार के सामने धमकी दी। इतना ही नहीं, 26 मई को एक भंडारे के कार्यक्रम में भी आरोपी ने सार्वजनिक रूप से पीड़ित को अपमानित किया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने जबरन दो हस्ताक्षरित चेक और एक सादे स्टांप पेपर पर दस्तखत कराकर अपने कब्जे में रख लिए हैं।

अब सवाल यह है कि आखिर कब तक सूदखोर गरीबों की मजबूरी को अपना धंधा बनाते रहेंगे। क्या प्रशासन केवल शिकायतें लेने तक सीमित रहेगा या ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई भी होगी? गांव और कस्बों में सक्रिय सूदखोर आज कानून से ज्यादा खौफनाक बन चुके हैं। जरूरत है कि पुलिस और प्रशासन ऐसे मामलों में तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करे, ताकि कोई और परिवार इस कर्ज और खौफ के दलदल में न धकेला जाए। फिलहाल पीड़ित परिवार दहशत में है और न्याय की उम्मीद लगाए पुलिस प्रशासन की ओर देख रहा है।

# अमहट में जश्न ए ईद ए गदीर मनाया जायेगा आज


कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शिया बाहुल्य क्षेत्रों अमहट गोराबारिक तुराबखानी हसनपुर मनियारपुर जूडूपुर प्रतापपुर मनियारी भाईं लौहर दक्षिण खैराबाद सैदपुर हयातनगर कोटवा सुरौली मूंगर बेलहरी प्यारेपुर कादीपुर सैदखानपुर चुनहा करौंदिया वलीपुर कारीभीत इसौली में पहले इमाम हजरत अली अलैहिस्सलाम की ताजपोशी यौमे जश्ने गदीर के मौके पर महफिल का आयोजन करके जश्न मनाया जायेगा। जामा मस्जिद गोराबरिक अमहट में सुबह 10बजे आमाले गदीर होगा और अमहट गेट के बगल स्टाल लगाकर फल व मिठाई बांटी जायेगी। रात में 8 बजे जामा मस्जिद गोराबरिक अमहट के सामने तनजीमे हैदरी गोराबारिक अमहट की तरफ से एक महफिल का आयोजन किया गया है। जिसमें मौलाना फरमान अली तलावते कलाम पाक से शुरूआत केंरेंगे। तकरीर मौलाना अब्बास इरशाद नकवी लखनऊ संचालन अहमद रजा बिजनौरी करेंगे और मारूफ सिरसवी बेताब हल्लौरी नदीम असगर बिजनौरी नगमी केरतपुरी तकी नौगवी अपना कसीदा सुनायेंगे। यह कार्यक्रम लगभग 1बजे समाप्त होगा याद रहे गदीर के ही दिन मोहम्मद साहब ने अपने अन्तिम हज के वापसी में खुदा के हुक्म से गदीरे खुम के मैदान में सवा लाख हाजियों के सामने हजरत अली अलैहिस्सलाम को अपना उत्तराधिकारी बनाया था उसी याद में यह जश्न मनाया जाता है। इसी दिन हजरत अली अलैहिस्सलाम की ताजपोशी की गयी थी। यह जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुल्तानपुर ने दी है।

# बढ़ती महंगाई, बिजली संकट और नीट पेपर लीक के खिलाफ सपा युवा संगठनों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। समाजवादी पार्टी के युवा संगठनों ने बढ़ती महंगाई, चरमराई बिजली व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर लीक समेत विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद और युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिव मंगल तिवारी ने किया। ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनता और छात्रों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो समाजवादी पार्टी और यूथ ब्रिगेड बड़ा जनआंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन में पांच प्रमुख मांगें उठाई गईं। इनमें पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों पर रोक लगाने, गैस वितरण में कथित कालाबाजारी, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर कार्रवाई करने की मांग शामिल रही। इसके अलावा प्रदेश में अघोषित विद्युत कटौती समाप्त कर 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी नीति लागू करने की मांग भी की गई। सपा नेताओं ने नीट सहित हालिया प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक मामलों की उच्च स्तरीय न्यायिक या सीबीआई जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने की भी मांग उठाई। मीडिया से बातचीत में मोहम्मद शहजाद ने आरोप लगाया कि प्रदेश में होने वाले बड़े अपराधों के पीछे सत्तापक्ष के लोगों की भूमिका या संरक्षण रहता है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में जनता ने पीडीए की ताकत दिखा दी है, जिससे भाजपा बौखलाई हुई है। शहजाद ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर की अपनी कोई राजनीतिक हैसियत नहीं है और उनसे इस तरह के बयान दिलवाए जा रहे हैं।

# दुर्गा धाम देवनगर में उमड़ा रामभक्तों का जनसैलाब

## पांच दिवसीय रामकथा का हवन-पूजन एवं भव्य भंडारे के साथ हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। कन्हाइन समिति, खानपुर पिलाई कोट के सौजन्य से जनपद सुल्तानपुर के पूर्वी छोर स्थित ब्लॉक अखंडनगर तथा पड़ोसी जनपदों अंबेडकरनगर, आजमगढ़ एवं जौनपुर में निवास करने वाले कछवाहा वंशी क्षत्रियों एवं रक्त संबंधियों की कुलदेवी जमवाय माता मंदिर, दुर्गा धाम देवनगर में भव्य रामकथा का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय रामकथा का शुभारंभ 29 मई को हुआ, जिसका समापन 2 जून को कथा पूर्णाहुति तथा 3 जून को हवन-पूजन एवं भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ। अयोध्या धाम से पधारीं पूज्य देवी सुनैना कृष्णा जी ने श्रद्धालुओं को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की दिव्य एवं प्रेरणादायी कथा का रसपान कराया। समिति के सदस्यों द्वारा क्षेत्र के लगभग 52 गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर श्रद्धालुओं से रामकथा में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया तथा देवी जी के श्रीचरणों में श्रद्धापूर्वक प्रणाम अर्पित किया। इस धार्मिक आयोजन में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, डॉ. जय प्रकाश दूबे (आरके हॉस्पिटल, शाहगंज), पंकज वर्मा पुत्र सीताराम वर्मा (विधायक लंभुआ), गिरिजेश सिंह, पंचदेव सिंह (प्रधानाचार्य, इंटर कॉलेज रुद्रपुर खटीमा), जय प्रकाश सिंह (पूर्व प्रवक्ता), जितेंद्र सिंह (प्रवक्ता), अद्या प्रसाद सिंह (प्रवक्ता), डॉ. महारुद्र सिंह (प्रवक्ता) सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष बाबू सुरेश सिंह के नेतृत्व में बाबू अनिल सिंह, प्रेमचंद सिंह, सीताराम वर्मा (प्रधान), जेठू सिंह, अशोक सिंह, विनोद सिंह, सुनील सिंह, राजेश सिंह, दुर्गा प्रताप सिंह, दिलीप दुबे, पिंटू मिश्रा, संतराम मौर्य, नाटे उस्ताद, गामा, यशवंत सिंह, पुनीत सिंह तथा गट्टू जी, जतिन, दाऊ, रीबू, कृष्णा, डुग्गू, स्वतंत्र और मनोज प्रभाकर सिंह ने विशेष योगदान प्रदान किया। समिति के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।

## भीषण गर्मी में अनाथ बच्चों के लिए फरिश्ता बने समाजसेवी शिवम सिंह भदौरिया, नया कूलर पहुंचाकर दी राहत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इस भीषण गर्मी में जहां लोग अपने घरों में भी परेशान हैं, वहीं अनाथ आश्रम में रह रहे अनाथ एवं मंदबुद्धि बच्चों की स्थिति बेहद दयनीय हो गई थी आश्रम का कूलर खराब हो जाने के कारण बच्चे केवल छत के पंखों के सहारे गर्मी झेलने को मजबूर थे तपती छत और उमस भरे माहौल में बच्चों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही थी बताया जाता है कि आश्रम के गार्ड ने जब इस समस्या की जानकारी समाजसेवी एवं गौसेवा प्रेमी ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया को दी, तो उन्होंने बिना देर किए अपने सहयोगियों को याद किया इसके बाद मृणाल गुप्ता, प्रज्वल तोमर, आशु यादव और सिद्धांत जादौन के सहयोग से तत्काल एक नया कूलर अनाथ आश्रम पहुंचाया गया कूलर लगने के बाद बच्चों और आश्रम कर्मचारियों ने राहत की सांस ली इस सेवा कार्य की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है लोगों का कहना है कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो बनाकर दिखावा करने वालों की कमी नहीं है, लेकिन वास्तविक सेवा वही है जो जरूरतमंदों के काम आए कई लोग केवल प्रचार के लिए तस्वीरें खिंचवाते हैं, जबकि ऐसे सेवा कार्यों में अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है राष्ट्रीय बजरंग दल एवं गौसेवा से जुड़े ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया की इस मानवता भरी पहल की लोगों ने जमकर सराहना की क्षेत्रवासियों का कहना है कि सेवा दिखावे से नहीं, बल्कि सच्चे मन और संवेदनशीलता से होती है अनाथ आश्रम में बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान ने यह साबित कर दिया कि इंसानियत आज भी जिंदा है और समाज में ऐसे लोग मौजूद हैं जो बिना किसी स्वार्थ के जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आते हैं।

## चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की पहल बनी राहत का सहारा, भीषण गर्मी में पूरनपुर को मिला शीतल जल का सहारा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए सराहनीय पहल की गई है पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में नगर के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर शीतल पेयजल केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां राहगीरों, मजदूरों और आम नागरिकों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है नगर पालिका प्रशासन ने गर्मी से बचाव के लिए आधुनिक व्यवस्था करते हुए हरियाणा से विशेष टेंट मंगवाए हैं इन टेंटों में बड़े कूलर लगाए गए हैं, जिससे लोगों को तेज धूप और लू से राहत मिल रही है भीषण गर्मी के इस दौर में यह व्यवस्था लोगों के लिए किसी राहत केंद्र से कम नहीं दिखाई दे रही पालिका कर्मी दिन-रात इन केंद्रों पर तैनात रहकर राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध करा रहे हैं खास बात यह है कि पेयजल केंद्रों पर स्वच्छता और पानी की निरंतर उपलब्धता का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि नगरवासियों और राहगीरों को हीटवेव और लू से बचाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था शुरू की गई है उन्होंने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति गर्मी के कारण परेशान न हो और लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर राहत मिल सके उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त पानी पिएं और नगर पालिका द्वारा स्थापित शीतल पेयजल केंद्रों का लाभ उठाएं स्थानीय लोगों ने भी नगर पालिका की इस पहल की जमकर सराहना की है लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में ठंडे पानी और विश्राम की यह व्यवस्था राहगीरों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रही है तथा चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता का यह प्रयास जनहित की सोच को दर्शाता है।

## लापरवाही: तेज आंधी बनी जानलेवा: उड़ती टीन ने बाइक सवार दंपति को किया लहूलुहान, डगा पुल निर्माण कार्य की सुरक्षा पर उठे सवाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर-खटीमा मार्ग पर डगा पुल के पास गुरुवार को एक बेहद दर्दनाक हादसा हो गया, जिसने राहगीरों को झकझोर कर रख दिया तेज आंधी के चलते पुलिया निर्माण कार्य स्थल पर लगाई गई भारी टीन अचानक उखड़कर सड़क पर जा गिरी और बाइक से गुजर रहे दंपति को गंभीर रूप से घायल कर दिया जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के नानकमत्ता निवासी मनदीप सिंह (35) पुत्र बलबीर सिंह अपनी पत्नी रमनदीप कौर (30) के साथ किसी निजी कार्य से पूरनपुर आए थे कार्य निपटाने के बाद दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे तभी डगा पुल के पास निर्माणाधीन पुलिया स्थल पर लगी टीन तेज हवा के कारण अचानक उड़कर उनकी बाइक से जा टकराई प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भयावह था कि टीन सीधे दोनों के पेट में घुस गई और गंभीर जख्म करते हुए निकल गई हादसे में दोनों की आंतें बाहर आने से मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों में अफरा-तफरी फैल गई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल दंपति को तत्काल सीएचसी माधौटांडा पहुंचाया गया प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया इस हादसे के बाद निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही और सुरक्षा इंतजामों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था यदि टीन और अन्य सामग्री को मजबूती से बांधा गया होता तो इतना बड़ा हादसा टाला जा सकता था फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है, वहीं हादसे ने क्षेत्र में निर्माण कार्यों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

## घुंघचाई के उदरहा तिराहे पर दर्दनाक सड़क हादसा दो की मौत बच्चों समेत कई घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर-मैगलगंज हाईवे पर गुरुवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया घुंघचाई क्षेत्र के उदरहा तिराहे पर पानीपत से मजदूरों को लेकर आ रही तेज रफ्तार बस ने सामने से आ रहे सवारियों से भरे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी हादसा इतना भीषण था कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए इस दर्दनाक दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब पांच बजे अमन ट्रैवल्स की बस हरियाणा के पानीपत से मजदूरों को लेकर घुंघचाई बायां मैगलगंज हाईवे होते हुए पूरनपुर की ओर जा रही थी उसी दौरान पूरनपुर के मोहल्ला राजीवनगर निवासी ई-रिक्शा चालक महबूब सवारियों को लेकर बलरामपुर जा रहा था जैसे ही ई-रिक्शा घुंघचाई के उदरहा तिराहे के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार बस ने उसे सामने से रौंद दिया भीषण टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े हादसे में ई-रिक्शा चालक महबूब (50), सूरज (38) पुत्र गबधू निवासी कदैया कनपारा, बाबूराम (52) पुत्र पूरनलाल निवासी बलरामपुर, विवेक (13) पुत्र सुरेंद्र और उसकी बहन मीनाक्षी (9) गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ई-रिक्शा में फंसे घायलों को बाहर निकाला सूचना मिलते ही पुलिस और पीआरबी मौके पर पहुंच गई सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया गंभीर रूप से घायल बाबूराम समेत अन्य चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन बाबूराम ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया बताया जा रहा है कि बाबूराम कुछ दिन पहले दिल्ली में नौकरी कर रहे अपने बेटे सुरेंद्र के पास गए थे और गुरुवार सुबह अपने पोते विवेक व पोती मीनाक्षी के साथ घर लौट रहे थे वहीं मृतक सूरज करीब एक माह पहले रिश्तेदारों के साथ हरियाणा मजदूरी करने गया था और आज वापस अपने गांव लौट रहा था, लेकिन घर पहुंचने से पहले ही हादसे का शिकार हो गया घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है बस में सवार यात्रियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आज आएंगे जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं जनपद पीलीभीत के प्रभारी कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख आज जनपद के दौरे पर आ रहे हैं। उनके कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और भाजपा संगठन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख सबसे पहले लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में कोर कमेटी की बैठक में प्रतिभाग करेंगे। बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। लंबित योजनाओं को गति देने और नई परियोजनाओं पर चर्चा होगी।विधायक और पार्टी पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहेंगे।इसके बाद प्रभारी मंत्री 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम एक गौशाला में आयोजित किया जाएगा। वहां वे गौवंश के संरक्षण और संवर्धन की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण करेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रभारी मंत्री का यह दौरा जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ताओं में उनके आगमन को लेकर उत्साह है। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों को मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी मंत्री जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लेकर सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत भी परखेंगे।

## सम्पादकीय

# नशे पर शिकंजा

निस्संदेह, नशे का निरंतर फैलता काला कारोबार एक राष्ट्रीय संकट है। देश के विभिन्न भागों में करोड़ों-अरबों रुपये मूल्य के विदेशों से आने वाले नशीले पदार्थों की बरामदगी भयावह संकट की तसवीर उकेरती है। संगठित विदेशी अपराधियों की साजिशों और देश में फैले नशा तस्करों का गठजोड़, इस नशीले जहर के कारोबार को चला रहा है। आज जरूरत इस बात की है कि देश की तमाम खुफिया एजेंसियां व राज्य के विशेष पुलिस बल योजनाबद्ध ढंग से नशा कारोबारियों की कमर तोड़ें। लेकिन फिर भी कई राज्यों द्वारा चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान बिगड़ते हालात सुधारने में किसी हद तक मददगार साबित हो सकते हैं। पिछले दिनों पंजाब में भी ऐसा अभियान चलाया गया। अब सीमावर्ती जम्मू-कश्मीर में वर्षों से गहराते नशे के संकट के खिलाफ अभियान शुरू किया जा रहा है। सवाल यह है कि राज्य में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू करने में इतना वक्त क्यों लगा? अब भले ही देर से ही सही, यह पहल शुरू करना वक्त की जरूरत है। नशे के नश्तर से हमारी युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और कई घरों के चिराग असमय बुझ रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, बीस जिलों का दौरा करके सौ दिवसीय नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। वहीं इस अभियान का सुखद पहलू यह है कि दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में, इस कोशिश को प्रतिबंधित संगठन जमाते-ए-इस्लामी के एक गुट का भी समर्थन मिला है। कहना कठिन है कि इस समर्थन का हकीकत में असर कितना होगा। लेकिन इस घोषणा ने सकारात्मक संदेश जरूर दिया है कि समाज के विभिन्न वर्गों के सामूहिक प्रयासों से ही इस भयावह होते संकट का मुकाबला किया जा सकता है। सही मायने में समाज में व्याप्त तमाम वैचारिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए, सामूहिक व निरंतर प्रयासों से ही नशा मुक्ति की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है। वास्तव में नशा विरोधी अभियान के मार्ग में बाधा पैदा करने वाली जटिलताओं के मुकाबले के लिये कुछ दिन, कुछ माह के अभियान के बजाय साल में 365 दिन चलने वाली रणनीति अपनाने की जरूरत है। कभी-कभार चलाए जाने वाले अभियान इसके लक्ष्य को पाने में ज्यादा मददगार साबित नहीं हो सकते। इस संकट के समाधान के लिये नशे की लत के सामाजिक पहलुओं की भी व्यापक पड़ताल जरूरी है। कारगर समाधान हेतु सामाजिक स्तर पर रणनीति बनाने की जरूरत होती है। निस्संदेह, नशे की लत के तमाम कारण हमारे समाज में विद्यमान हैं। जिनके निराकरण की दिशा में भी कदम उठाने की जरूरत है। मसलन इस व्यसन के मूल में समाज में व्याप्त बेरोजगारी, निराशा, सामाजिक व आर्थिक असमानताएं, बुरी संगत का असर तथा मादक पदार्थों की समाज में आसान उपलब्धता आदि कारक निहित हैं। चिंताजनक है कि नशा अब स्कूल-कालेजों तक को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। कई राज्यों में नशे की आपूर्ति में बच्चों को इस्तेमाल करने के चिंताजनक उदाहरण सामने आए हैं। वहीं यदि नशा मुक्ति के लिये चलाये जा रहे पुनर्वास कार्यक्रमों में शिथिलता अपनायी जाती है तो सख्ती से हासिल होने वाली उपलब्धियां व्यर्थ हो जाती हैं। यह सत्य है कि नशा एक ऐसा रोग है, जिसका कोई आसान इलाज उपलब्ध नहीं है। जहां एक ओर नशीले पदार्थों की आपूर्ति पर अंकुश लगाना जरूरी है, तो दूसरी ओर इसकी तलब को काबू करने के लिये भी प्रयास जरूरी हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि नशे की डोज जुटाने के लिये कुछ छात्र व युवा अपराध की राहों में फिसल जाते हैं। इसलिये जरूरी हो जाता है कि नियमित रूप से नशा तस्करों और ड्रग पेडलरों की गिरफ्तारी करके तुरंत सजा दी जाए। वहीं दूसरी ओर नशे की खरीद-फरोख्त में संलिप्तता पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने, पासपोर्ट निरस्त करने से भी जहरीले कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है। साथ ही सीमावर्ती संवेदनशील राज्यों में, जहां सीमा पार से नशे की तस्करी आतंकवाद को जिंदा रखने के लिये की जा रही है, वहां अतिरिक्त सावधानी की भी जरूरत है। नशा तस्करों की गिरफ्तारी के तुरंत बाद सजा देना, इस अभियान में मददगार साबित होगा।

# मालवीय नगर अग्निकांड: जवाबदेही और सुधार से बचेगी ज़िंदगी

**हर बड़ी दुर्घटना के बाद कुछ दिन तक शोक, संवेदना, जांच और मुआवजे की घोषणाएं होती हैं। फिर धीरे-धीरे मामला सार्वजनिक स्मृति से ओझल हो जाता है। लेकिन मालवीय नगर की यह त्रासदी केवल शोक व्यक्त कर भुला देने योग्य घटना नहीं है। यह उन गहरे संरचनात्मक दोषों की ओर संकेत करती है जो भारत के महानगरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के साथ और अधिक खतरनाक रूप धारण कर चुके हैं। यह हादसा हमें मजबूर करता है कि हम पूछें- क्या हमारी इमारतें वास्तव में सुरक्षित हैं? क्या अग्नि सुरक्षा नियम केवल कागजों तक सीमित हैं? क्या प्रशासन की भूमिका केवल दुर्घटना के बाद राहत बांटने तक सीमित रह गई है? किसी भी बहुमंजिला इमारत में आग लगने की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण तत्व होता है- सुरक्षित निकास, अग्निशमन उपकरण और समय पर बचाव।**

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में 3 जून को लगी भीषण आग ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस दर्दनाक हादसे में 21 लोगों की मौत और अनेक लोगों के घायल होने की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। आग की लपटों से बचने के लिए लोगों को ऊँची इमारत से कूदते हुए देखा गया। सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों में प्रसारित हुए दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए अत्यंत पीड़ादायक थे। यह केवल एक दुर्घटना नहीं थी; यह उस व्यवस्था की विफलता का भयावह प्रमाण थी जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। हर बड़ी दुर्घटना के बाद कुछ दिन तक शोक, संवेदना, जांच और मुआवजे की घोषणाएं होती हैं। फिर धीरे-धीरे मामला सार्वजनिक स्मृति से ओझल हो जाता है। लेकिन मालवीय नगर की यह त्रासदी केवल शोक व्यक्त कर भुला देने योग्य घटना नहीं है। यह उन गहरे संरचनात्मक दोषों की ओर संकेत करती है जो भारत के महानगरों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के साथ और अधिक खतरनाक रूप धारण कर चुके हैं। यह हादसा हमें मजबूर करता है कि हम पूछें- क्या हमारी इमारतें वास्तव में सुरक्षित हैं? क्या अग्नि सुरक्षा नियम केवल कागजों तक सीमित हैं? क्या प्रशासन की भूमिका केवल दुर्घटना के बाद राहत बांटने तक सीमित रह गई है? किसी भी बहुमंजिला इमारत में आग लगने की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण तत्व होता है- सुरक्षित निकास, अग्निशमन उपकरण और समय पर बचाव। यदि किसी भवन में मौजूद लोगों को अपनी जान बचाने के लिए खिड़कियों और बालकनियों से छलांग लगानी पड़े, तो इसका अर्थ है कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी थी। आग केवल भवन को नहीं जलाती, वह सुरक्षा संबंधी दावों और प्रशासनिक तैयारियों की वास्तविकता भी उजागर कर देती है। मालवीय नगर की घटना में यही हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, होटल में कई विदेशी नागरिक भी ठहरे हुए थे। यह तथ्य इस त्रासदी को और गंभीर बना देता है। भारत की राजधानी दुनिया भर के पर्यटकों, व्यापारियों और निवेशकों का स्वागत करती है। ऐसे में यदि राजधानी में ही सुरक्षा मानकों की स्थिति इतनी कमजोर हो कि विदेशी नागरिक भी असुरक्षित महसूस करें तो यह केवल स्थानीय प्रशासन की विफलता नहीं बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी प्रश्नचिह्न है। आधुनिक महानगर की पहचान केवल ऊँची इमारतों और चमकदार होटलों से नहीं होती बल्कि वहाँ उपलब्ध सुरक्षा और आपदा प्रबंधन प्रणाली से होती है। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शोक व्यक्त किया तथा मृतकों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की। ऐसी संवेदनाएं आवश्यक हैं और संकट की घड़ी में पीड़ित परिवारों को सहायता मिलनी भी चाहिए। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि मुआवजा किसी खोए हुए जीवन को वापस नहीं ला सकता। आर्थिक सहायता दुख की तीव्रता को कम नहीं कर सकती। किसी परिवार का सदस्य, किसी बच्चे का पिता, किसी माता-पिता की संतान या किसी व्यक्ति का जीवनसाथी एक रकम से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। इसलिए वास्तविक प्रश्न मुआवजे का नहीं बल्कि रोकथाम का है। दिल्ली पुलिस द्वारा होटल मालिक के विरुद्ध गैर-इरादतन हत्या से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया जाना यह संकेत देता है कि जांच एजेंसियां इस घटना को केवल दुर्घटना नहीं मान रही हैं। यदि सुरक्षा नियमों की अनदेखी हुई, अग्निशमन मानकों का पालन नहीं किया गया या भवन निर्माण में नियमों का उल्लंघन हुआ, तो यह केवल प्रशासनिक त्रुटि नहीं बल्कि आपराधिक लापरवाही है। ऐसे मामलों में जिम्मेदारी तय करना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि जवाबदेही के अभाव में नियम केवल औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। दोष केवल भवन मालिक का नहीं हो सकता। हमें यह भी देखना होगा कि निरीक्षण करने वाले अधिकारी कहाँ थे? क्या अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र समय-समय पर नवीनीकृत किए गए थे? क्या किसी निरीक्षण में कमियां सामने आई थीं? यदि आई थीं तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? यदि नहीं आई थीं तो क्या निरीक्षण सही तरीके से हुए थे? इन प्रश्नों के उत्तर केवल इस मामले के लिए नहीं बल्कि पूरे शहरी प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझने के लिए आवश्यक हैं। भारत के अधिकांश महानगर आज अव्यवस्थित शहरीकरण की समस्या से जूझ रहे हैं। संकरी गलियां, अवैध निर्माण, क्षमता से अधिक भीड़, पार्किंग की अव्यवस्था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी लगभग हर शहर में सामान्य दृश्य बन चुके हैं। जब तक सबकुछ सामान्य रहता है, तब तक इन कमियों पर ध्यान नहीं जाता। लेकिन जैसे ही कोई आपदा आती है, यही कमियां जानलेवा साबित होती हैं। मालवीय नगर की तंग गलियों में दमकल वाहनों के पहुंचने में आई कठिनाइयों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि शहरी योजना और आपदा प्रबंधन के बीच समन्वय का गंभीर अभाव है। दिल्ली अकेली नहीं है। मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और अन्य महानगर भी इसी तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अनेक इमारतें ऐसी हैं जहां अग्निशमन यंत्र या तो मौजूद नहीं हैं या वर्षों से उनकी जांच नहीं हुई। आपातकालीन निकास मार्ग अक्सर बंद रहते हैं। कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान अतिरिक्त लाभ कमाने के लिए सुरक्षा मानकों से समझौता कर लेते हैं। दुखद यह है कि कई बार प्रशासन भी इन उल्लंघनों के प्रति उदासीन बना रहता है। अग्नि सुरक्षा केवल भवन निर्माण का तकनीकी विषय नहीं है; यह नागरिक जीवन की रक्षा का मूल आधार है। विकसित देशों में अग्नि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन गंभीर अपराध माना जाता है। वहां नियमित निरीक्षण, अनिवार्य मॉक ड्रिल और कठोर दंड व्यवस्था लागू होती है। भारत में भी नियम मौजूद हैं, लेकिन समस्या उनके प्रभावी क्रियान्वयन की है। जब तक नियमों के उल्लंघन पर त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक कागजी प्रावधान वास्तविक सुरक्षा में नहीं बदल सकते। इस त्रासदी ने एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है- क्या आम नागरिक अग्नि सुरक्षा के प्रति पर्याप्त रूप से जागरूक हैं? अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि आग लगने पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं। घबराहट, अफवाह और गलत निर्णय अक्सर जान-माल के नुकसान को बढ़ा देते हैं। विद्यालयों, कॉलेजों, कार्यालयों, होटलों और आवासीय परिसरों में नियमित अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण तथा मॉक ड्रिल अनिवार्य किए जाने चाहिए। सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है; यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। आवश्यकता इस बात की है कि इस घटना को केवल एक समाचार बनाकर न छोड़ दिया जाए। सभी बहुमंजिला होटलों, गेस्ट हाउसों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का विशेष सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। जिन भवनों में नियमों का उल्लंघन पाया जाए, उन्हें तत्काल बंद किया जाए। अग्निशमन विभाग को आधुनिक तकनीक, पर्याप्त संसाधन और प्रशिक्षित मानवबल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही स्थानीय निकायों और नगर नियोजन एजेंसियों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी ताकि भविष्य में आपातकालीन वाहनों को रास्ता मिल सके। सरकारों को यह समझना होगा कि विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं बल्कि पूरक हैं। केवल नई इमारतें बनाना विकास नहीं है। सुरक्षित इमारतें बनाना ही वास्तविक विकास है। केवल पर्यटन को बढ़ावा देना पर्याप्त नहीं है; पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। केवल निवेश आकर्षित करना महत्वपूर्ण नहीं है; नागरिकों और आगंतुकों के जीवन की रक्षा करना उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। मालवीय नगर अग्निकांड एक चेतावनी है। यह चेतावनी केवल दिल्ली के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए है। यदि आज भी हम नहीं चेते, तो कल किसी अन्य शहर, किसी अन्य होटल, अस्पताल, विद्यालय या आवासीय भवन में इसी तरह की त्रासदी दोहराई जा सकती है। तब फिर वही शोक संदेश होंगे, वही मुआवजे की घोषणाएं होंगी और वही प्रश्न अनुत्तरित रह जाएंगे। मृतकों को वापस नहीं लाया जा सकता। उनके परिवारों की पीड़ा को पूरी तरह कम नहीं किया जा सकता लेकिन यदि इस घटना से सबक लेकर सुरक्षा व्यवस्था में वास्तविक सुधार किए जाएं, जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाए और अग्नि सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए, तो भविष्य में अनेक जानें बचाई जा सकती हैं। यही इस त्रासदी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। **-डॉ. सत्यवान सौरभ**



# जीवन का आधार है पर्यावरण

विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

**रमेश सर्राफ धमोरा**

दुनिया में हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन लोगों को कई कार्यक्रमों के जरिये प्रकृति को संरक्षित रखने, पेड़-पौधे लगाने, हरे पेड़ न काटने, नदियों को साफ रखने और प्रकृति से खिलवाड़ न करने जैसी चीजों के लिए जागरुक किया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस एक अभियान है। जिसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। विश्व स्तर पर इसकी शुरुआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम है- जलवायु के लिए अभी। यह थीम जलवायु परिवर्तन की तात्कालिकता और इसके वास्तविक, ठोस समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करती है। पर्यावरण दो शब्दों परि और आवरण से मिलकर बना है। परि का अर्थ होता है हमारे आसपास या हमारे चारों ओर। आवरण का अर्थ होता है हम चारों ओर जिससे घिरे हैं। अर्थात पर्यावरण का अर्थ हमारे आसपास के वातावरण से है। पर्यावरण पेड़-पौधों, वायु हमारे आसपास की सभी चीजों से मिलकर बनता है। पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता है। मानव और पर्यावरण एक-दूसरे से संबंधित तथा एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। पर्यावरण प्रदूषण जैसे पेड़ों का कम होना, वायु प्रदूषण आदि मनुष्य के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालता हैं। मानव की अच्छी बुरी आदतों का प्रभाव सीधा पर्यावरण पर पड़ता है। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मानव जाति को पर्यावरण के प्रति सचेत करना हैं। उसका उद्देश्य पूरी प्रकृति व पर्यावरण की सुरक्षा करना है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की मेकिंग पीस विद नेचर रिपोर्ट पृथ्वी पर मंडरा रहे तीन बड़े पर्यावरणीय संकटों जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का नुकसान और प्रदूषण से निपटने के लिए एक वैज्ञानिक खाका प्रदान करती है। रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि और प्रदूषण तीनों आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। ये मानव अस्तित्व के लिए एक स्व-निर्मित खतरा हैं। प्रदूषण के कारण हर साल लगभग 90 लाख लोग असामयिक रूप से अपनी जान गंवाते हैं। लगभग 10 लाख प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। मानवता ने पिछले 50 वर्षों में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक और अस्थिर दोहन किया है जिससे हमारी पृथ्वी की जीवन-समर्थन क्षमता कमजोर हो गई है। सतत भविष्य के लिए जरूरी है कि अर्थव्यवस्थाओं और वित्तीय प्रणालियों को इस तरह से बदला जाए जो प्रकृति को नुकसान पहुंचाने के बजाय उसे बहाल करने में निवेश करें। पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 2030 तक कार्बन डाइऑक्साइड के वैश्विक उत्सर्जन में 2010 की तुलना में 45% की कमी और 2050 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना अनिवार्य है। भोजन, ऊर्जा और सामग्री के उत्पादन के वर्तमान तरीकों में सुधार करना होगा ताकि पृथ्वी के संसाधनों का अधिक न्यायसंगत और सुरक्षित उपयोग हो सके। सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जलवायु, जैव विविधता और प्रदूषण से जुड़ी नीतियों को एक साथ लागू करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट इस निष्कर्ष पर जोर देती है कि आने वाले दशकों में प्रकृति के साथ शांति स्थापित करना मानवता के लिए सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक कार्य है। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। मगर देश में लाकडाउन के चलते बिना कुछ खर्च किए नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी, उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगा का पानी साफ होने की वजह पानी में घुले डिसाल्वड की मात्रा में आई 500 प्रतिशत की कमी थी।

## सेहत मंत्र

# मधुमेह को दूर रखने के लिए करें यह योगासन, जरूर होगा लाभ


भारत में आज लगभग हर घर में आपको कोई न कोई मधुमेह का रोगी मिल ही जाएगा। वैसे तो आमतौर पर लोग इस बीमारी को कोई खास तवज्जो नहीं देते लेकिन एक बार इस बीमारी की जद में आ जाने के बाद इससे छुटकारा पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। साथ ही यह एक ऐसी बीमारी है कि जिसके बाद मनुष्य को बहुत सी चीजों से किनारा करना पड़ता है। इतना ही नहीं, कुछ समय पहले तक जहां यह एक उम्र के बाद ही लोगों को अपनी चपेट में लेता था, वहीं गलत खान?पान व जीवनशैली के कारण वर्तमान में कम उम्र के लोग भी इससे पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में यह बेहद आवश्यक है कि कुछ ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे आपका शुगर कंट्रोल में रहे। मधुमेह को नियंत्रित रखने में योग आपके काफी काम आ सकता है। तो आईए जानते हैं मधुमेह को कंट्रोल करने वाले कुछ योगासनों के बारे में- पश्चिमोत्तानासन- इस आसन से शरीर का पाचनतंत्र मजबूत होता है और शरीर में रक्त का संचार तेजी से होता है, जिससे व्यक्ति को डायबिटीज से लड़ने में आसानी होती है। यह आसन करने के लिए पैर सीधे फैलाकर बैठ जाएं। फिर दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और सांस भरते हुए पैरों के तलवे को पकड़ने की कोशिश करें। घुटने से माथा सटना चाहिए। फिर सांस छोड़ते हुए हाथ ऊपर करके सामान्य हो जाएं। इस प्रक्रिया को दो से तीन पर बार दोहराएं। सर्वांगासन- यह शरीर का संपूर्ण व्यायाम है। इसे करने से थॉयराइड और पैराथॉयराइड ग्रंथियों को मजबूती मिलती है। इसे करने के पहले सीधे लेट जाएं, फिर पैरों को धीरे?धीरे उठाते हुए 90 डिग्री का कोण बनाएं। हाथों से कमर को सहारा दें। इस आसन में शरीर का सारा भार गर्दन पर पड़ना चाहिए। पैरों को सीधा रखें। अर्ध मत्स्येन्द्रासन- यह आसन यकृत व मूत्राशय को सक्रिय बनाता है। जिन लोगों के शरीर के भीतर इंसुलिन का उत्पादन नहीं होता या जिन्हें मधुमेह की बीमारी होती है, यह अभ्यास उनके शरीर में अग्नाशय को सक्रिय बनाकर इंसुलिन के उत्पादन में सहयोग देता है, इसलिए यह मधुमेह के उपचार के लिए रामबाण दवा है।

## धर्म मंत्र

# मंगलवार को सूर्योदय और सूर्यास्त दोनों समय हनुमान जी की करें पूजा

मंगलवार को सभी हनुमान जी की पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं। यदि इस दिन शाम को भी बजरंगबली का पूजन किया जाये तो वे सभी मनोकामनायें पूर्ण करते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ऐसी मान्यता है कि मंगलवार का व्रत करने वालों की कुंडली में मंगल ग्रह निर्बल होने ने के चलते होने वाले कष्ट दूर होते हैं और शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दिन हनुमान जी की पूजा और व्रत करने से हनुमान जी की असीम कृपा मिलती है। इसके अतिरिक्त मंगलवार का व्रत सम्मान, बल, साहस और पुरुषार्थ में भी वृद्धि करता है। सुयोग्य संतान प्राप्ति के लिए भी है यह व्रत बहुत लाभकारी माना जाता है। साथ ही इस व्रत के फलस्वरूप पापों से मुक्ति मिलती है और भय, भूत-प्रेत की बाधा और, काली शक्तियों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए भी ये व्रत करने की सलाह दी जाती है। मंगलवार को हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए व्रत वाले दिन सूर्योदय से पहले स्नान करें। फिर घर के ईशान कोण में किसी एकांत स्थान पर हनुमानजी की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। लाल वस्त्र पहनें और हाथ में जल ले कर व्रत का संकल्प करें। अब केसरीनंदन के सामने घी का दीपक जलाएं और फूल माला या फूल चढ़ाएं। रुई में चमेली के तेल लेकर उनके सामने रखें या हल्के से छीटे डाल दें। इसके बाद मंगलवार व्रत कथा का पाठ करें, फिर हनुमान चालीसा और सुंदर कांड का पाठ करें। सबसे अंत में आरती करके भोग लगायें। सबको प्रसाद बांटकर, खुद भी लें। दिन में सिर्फ एक बार ही भोजन करें। ऐसा कहते हैं कि यह व्रत 21 मंगलवार तक करने से विशेष लाभ होता है।

## पर्यटन



# उत्तराखंड और हिमाचल से कम खूबसूरत नहीं है कर्नाटक के हिल स्टेशन, एक बार तो जरूर घूमें

ज्यादातर लोग ऐसे होते हैं, जो हिलस्टेशन पर घूमने के लिए उत्तराखंड या हिमाचल जाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इन दोनों राज्यों से अलग कहीं ओर हिलस्टेशन पर घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो कर्नाटक के खूबसूरत हिल स्टेशनों पर घूम सकते हैं। आइए, जानते हैं यहां के मशहूर हिल स्टेशनों के बारे में। नंदी हिल्सः कर्नाटक का सबसे मशहूर और ऐतिहासिक हिल स्टेशन है- नंदी हिल्स। नंदी हिल्स पहाड़ की ऐसी चोटी है जहां एक प्राचीन किला भी है। प्राकृतिक रूप से मनोहर और बेहद शांत होने के साथ ही नंदी हिल्स, ऊबड़-खाबड़ और घुमावदार रास्ते की वजह से बाइकर्स के बीच भी काफी मशहूर है। कुर्गः कर्नाटक के सबसे खूबसूरत और वर्ल्ड फ़ेमस हिल स्टेशन्स में से एक है कुर्ग। प्राकृतिक सुंदरता, चारों तरफ हरियाली और पहाड़ की चोटी से घिरा है कुर्ग। शहर की भागदौड़ और तनाव से कुछ दिन का ब्रेक चाहते हैं तो कुर्ग आपके लिए परफ़ेक्ट डेस्टिनेशन है. कुर्ग जाएं तो ऐबे फॉल्स, इरुप्पु फॉल्स, बारापोल नदी में राफ्टिंग और क्वाड बाइकिंग करना न भूलें। चिकमगलुरः मुल्लयान्गिरी श्रृंखला की तलहटी में बसा है चिकमगलुर जो चारों तरफ से पहाड़ और खूबसूरत दृश्यों से भरा है। तेज हवाओं के बीच साइकल चलाना, पहाड़ की चोटी तक ट्रेकिंग करते हुए जाना और तारों की छांव में खुले आसमान के नीचे कैंपिंग करना। ये कुछ यादगार पल हैं जिनका लुत्फ आप चिकमगलुर में उठा सकते हैं। इसके अलावा श्रृंगेरी मठ और हनुमान गुंडी फॉल्स जाना न भूलें। अगुंबे : कर्नाटक के उडुपी से 45 किलोमीटर दूर है अगुंबे जिसे दक्षिण भारत का चेरापूंजी भी कहा जाता है क्योंकि यहां बारिश बहुत होती है। कर्नाटक का यह बेस्ट हिल स्टेशन अपने वर्षा वन यानी रेनफॉरेस्ट और ढलान के लिए मशहूर है। कोडाक्षाद्री : समुद्र तल से 1300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित कोडाक्षाद्री, कर्नाटक के सबसे मशहूर ट्रेकिंग डेस्टिनेशन्स में से एक है।

# आईजीआरएस से शुरू हुई लड़ाई, नए जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से पहुंची अंजाम तक, भू-माफियाओं पर गुंजिता ने चलाया अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। सदर तहसील क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और भू-माफियाओं के खिलाफ वर्तमान में चल रही प्रशासनिक कार्रवाई के पीछे एक लंबी शिकायत प्रक्रिया और लगातार जनदबाव की कहानी जुड़ी हुई है। सूत्रों के अनुसार इस मामले में समाजसेवी महंत बी.पी. दास ने सबसे पहले शिकायत दर्ज की थी, जिसमें अवैध प्लाटिंग, कृषि भूमि के अनधिकृत उपयोग और भू-माफियाओं की गतिविधियों की जांच की मांग की गई थी।

बताया जाता है कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने तत्कालीन उपजिलाधिकारी श्री तिवारी (वर्तमान में एसडीएम रामनगर) को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। इसके लिए संबंधित पत्राचार भी हुआ, लेकिन शिकायतकर्ता के अनुसार निर्देशों के बावजूद धरातल पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और मामला फाइलों तक सीमित रह गया।

समय बीतने के बाद भी अवैध प्लाटिंग का सिलसिला जारी रहने पर समाजसेवी महंत बी.पी. दास ने हार नहीं मानी और नए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्हें पूरे प्रकरण से संबंधित दस्तावेजों सहित एक स्मरण पत्र सौंपा। स्मरण पत्र में पूर्व में हुई शिकायतों, प्रकरणों और कार्रवाई न होने के आरोपों का उल्लेख करते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई।

सूत्रों के मुताबिक जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से आईजीआरएस के तहत रिपोर्ट तलब की और जांच के निर्देश दिए। इसके बाद सदर तहसील प्रशासन सक्रिय हुआ तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में अवैध प्लाटिंग और भू-माफियाओं के खिलाफ अभियान शुरू किया गया। हाल के दिनों में कई स्थानों पर की गई कार्रवाई को इसी शिकायत श्रृंखला का परिणाम माना जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पंजी दर्ज शिकायतों और बाद में दिए गए स्मरण पत्रों पर समय रहते कार्रवाई हो जाती, तो अवैध प्लाटिंग का दायरा इतना नहीं बढ़ता। फिलहाल प्रशासन की सक्रियता से क्षेत्र में भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त संदेश गया है।

यह मामला इस बात का भी उदाहरण बनकर सामने आया है कि आईजीआरएस के माध्यम से उठाई गई जन शिकायतें और नागरिकों की लगातार पैरवी अंततः प्रशासन को कार्रवाई के लिए बाध्य कर सकती हैं।

# 12 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर, 5 से 21 जून तक होंगे विविध कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक गुरुवार को प्रभारी मंत्री सुरेश राही की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि रात्रि चौपाल, जनकल्याण शिविर, विकास प्रदर्शनी और विकसित भारत संकल्प सम्मेलनों में अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि अभियान की शुरुआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर ह्लएक पेड़ मां के नामङ्क वृक्षारोपण कार्यक्रम से होगी। इसके बाद जनजागरूकता अभियान, स्वास्थ्य मेले, बहु-विभागीय जनकल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, विकास प्रदर्शनी और किसान कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। अभियान का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रमों के साथ होगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, एसपी अर्पित विजयवर्गीय, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, सीडीओ अन्ना सुदन सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

## नींद की झपकी बनी हादसे की वजह, डिवाइडर से टकराई एंबुलेंस

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ-गोंडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर के पास तेज रफ्तार से जा रही एक एंबुलेंस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना सुबह करीब 4 बजे हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चालक को नींद की झपकी आने से वाहन का संतुलन बिगड़ गया, जिसके चलते एंबुलेंस सीधे डिवाइडर से जा भिड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

ग्रामीणों ने एंबुलेंस में सवार लोगों की कुशलक्षेम जानने के साथ ही वाहन से बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए राजमार्ग पर यातायात प्रभावित रहा।

गनीमत रही कि दुर्घटना के समय सड़क पर अधिक भीड़ नहीं थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर चालक को नींद आने के कारण हादसा होना बताया जा रहा है।

## बंद पड़ी हवेली का ताला तोड़कर चोरी, पुराने बर्तन व पंखे ले उड़े चोर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय थाना क्षेत्र के मरकामऊ गांव स्थित एक बंद पड़ी पुरानी हवेली में चोरी की घटना से ग्रामीणों में चर्चा का माहौल है। अज्ञात चोरों ने हवेली का ताला तोड़कर अंदर रखा सामान पार कर दिया। जानकारी के अनुसार मरकामऊ गांव में स्थित यह हवेली राजेंद्र प्रसाद खरे की है, जो कई वर्षों से अपने परिवार के साथ लखनऊ में रह रहे हैं। हवेली की देखरेख की जिम्मेदारी गांव निवासी सोहन को सौंपी गई है। गुरुवार सुबह जब केयरटेकर सोहन हवेली पहुंचे तो उन्होंने कमरे का ताला टूटा हुआ देखा। अंदर जाकर निरीक्षण करने पर सामान बिखरा पड़ा मिला और पुराने बर्तन, दो पंखे समेत कुछ अन्य सामान गायब था। घटना की सूचना तत्काल हवेली मालिक राजेंद्र प्रसाद खरे को दी गई। सूचना मिलने पर राजेंद्र प्रसाद खरे दोपहर में गांव पहुंचे और कोतवाली बदोसराय में घटना की जानकारी दी। मामले की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली बदोसराय के प्रभारी निरीक्षक राम अवतार सरोज ने बताया कि पुराने बर्तन और दो पंखे चोरी होने की सूचना मिली है। अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस टीम को मौके पर भेजकर जांच-पड़ताल कराई जा रही है। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, पति समेत चार पर मुकदमा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के गदमानपुर गांव की एक विवाहिता ने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गदमानपुर निवासी शिल्पी पत्नी ऋषभ वर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह तीन वर्ष पूर्व हुआ था। विवाह के समय उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। पीड़िता का कहना है कि जब उसके मायके पक्ष ने इतनी बड़ी धनराशि देने में असमर्थता जताई तो उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि एक जून को ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। साथ ही चेतावनी दी कि जब तक वह पांच लाख रुपये लेकर नहीं आएगी, उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आंगनबाड़ी सहायिका चयन पर उठे सवाल, अभ्यर्थी ने जांच की मांग की

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड निंदूरा की ग्राम पंचायत रसलपुर में आंगनबाड़ी सहायिका चयन प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। चयन प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थी आरती देवी ने चयन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता आरती देवी का कहना है कि उन्होंने ग्राम पंचायत रसलपुर में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन किया था, लेकिन चयन प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी कर अपात्र अभ्यर्थी का चयन कर लिया गया। उनका आरोप है कि चयनित अभ्यर्थी ने बीपीएल श्रेणी का लाभ लेने के लिए ऐसा आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें वार्षिक आय मात्र 42 हजार रुपये दर्शाई गई है, जबकि परिवार की वास्तविक आय लगभग छह लाख रुपये प्रतिवर्ष है। आरती देवी ने यह भी आरोप लगाया कि चयनित अभ्यर्थी के परिवार की एक सदस्य पूर्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के पद पर कार्य कर चुकी हैं। वहीं उन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता और मेरिट के आधार पर स्वयं को चयन के लिए अधिक पात्र बताया है।

शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से पूरे चयन प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, मेरिट सूची एवं चयन अभिलेखों की समीक्षा करने तथा अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। अब मामले को लेकर विभागीय जांच और प्रशासनिक कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# सौ शैय्या अस्पताल को मिले नए सीएमएस, चिकित्सकों ने किया स्वागत



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में गुरुवार को डॉ. अजय कुमार सिंह ने नए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने मरीजों को बेहतर उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराना अपनी प्राथमिकता बताया।

इस अवसर पर डॉ. ताहिर, डॉ. फातिमा, डॉ. नीरज वर्मा, डॉ. अविनाश उपाध्याय सहित अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. सिंह ने अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा स्टाफ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

# टोल प्लाजा पर भड़के किसान, धरने के बाद खुला शौचालय और मिली एंबुलेंस



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शहाबपुर टोल प्लाजा पर व्याप्त अनियमितताओं के विरोध में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। किसानों की भीड़ और बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता की। किसानों ने टोल प्रबंधन पर तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण कराने, सार्वजनिक शौचालय बंद रखने, सर्विस रोड बाधित करने, धर्म कांटा बंद रखने तथा आपातकालीन सुविधाओं के अभाव जैसे गंभीर आरोप लगाए। वार्ता के दौरान प्रशासन ने तत्काल बंद पड़े सार्वजनिक शौचालय को चालू कराया तथा टोल प्लाजा पर एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। अन्य मांगों पर जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। धरने में मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष संजय वर्मा, सचिव अश्वेन्द्र सिंह, तहसील अध्यक्ष मुकुंदीलाल समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# लोखड़िया गांव को मिली नई सौगात, 7.32 लाख की लागत से बने सीसी मार्ग का लोकार्पण


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बनीकोडर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए जिला पंचायत द्वारा 7.32 लाख रुपये की लागत से निर्मित 110 मीटर लंबे लोखड़िया संपर्क मार्ग से लोखड़िया गांव तक के सीसी मार्ग का लोकार्पण भाजपा नेता जवाहर वर्मा एवं जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता जवाहर वर्मा ने कहा कि एक अच्छी सड़क किसी भी क्षेत्र की जीवन रेखा होती है। सड़क निर्माण से गांव का मुख्य मार्गों से सीधा और सुगम संपर्क स्थापित हुआ है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से न केवल यात्रा का समय बचेगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच भी अधिक आसान हो जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन राजेश वर्मा द्वारा किया गया। लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से नीरज मौर्या, संतोष वर्मा, ओम प्रकाश सिंह, किशोरी लाल मौर्या, राजेंद्र वर्मा, मनोज वर्मा, कन्हैया लाल रावत, शिव शंकर शर्मा, आशा रावत, राम सागर वर्मा, राम दई रावत, विद्या लूधर महाराज, राम पाल विश्वकर्मा तथा रज्जन लाल चौरसिया सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य के लिए जिला पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## रामनगर में खुलेआम बिक रहा 'मीठा जहर', बिना जांच धड़ल्ले से बिक रही आइसक्रीम और शरबत

रामनगर बाराबंकी। भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र में आइसक्रीम, रंगीन बर्फ और शरबत के नाम पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। मुख्य बाजारों और चौराहों पर बिना किसी गुणवत्ता जांच के खाद्य पदार्थ खुलेआम बेचे जा रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर अस्वच्छ वातावरण में तैयार की गई आइसक्रीम और बर्फ बच्चों व आम नागरिकों को बेची जा रही है। वहीं गन्ने के रस की दुकानों पर भी साफ-सफाई का अभाव देखने को मिल रहा है। खराब गन्ने का प्रयोग, खुले में रखी बर्फ और मक्खियों से घिरे ठेले लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने खाद्य सुरक्षा विभाग से अभियान चलाकर जांच कराने और मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

# शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति: सेवानिवृत्त शिक्षक होली प्रसाद शुक्ल का निधन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर के सेवानिवृत्त शिक्षक होली प्रसाद शुक्ल का गुरुवार तड़के चार बजे निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।

निधन की सूचना मिलते ही उनके शिष्यों, सहकर्मी शिक्षकों और क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बाद में मुक्तिधाम में हजारों लोगों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने उन्हें एक समर्पित शिक्षक, अनुशासनप्रिय व्यक्तित्व और समाज के मार्गदर्शक के रूप में याद किया। उनके निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया।

## गल्ला व्यापारी के घर हुई लाखों की चोरी, खुलासे के लिए एसओजी समेत चार टीमें सक्रिय

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र के बड़ागांव क्रॉसिंग के निकट गल्ला व्यवसायी महेंद्र कुमार जैन के घर हुई लाखों रुपये की चोरी का खुलासा करने के लिए पुलिस ने एसओजी, सर्विलांस और थाना स्तर की टीमों सहित चार विशेष टीमें लगा दी हैं।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात अज्ञात चोर घर के पीछे लगी खिड़की की सरिया उखाड़कर अंदर घुस गए और करीब ढाई लाख रुपये की नकदी समेत सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह परिजनों को घर का सामान बिखरा मिला, जिसके बाद घटना की जानकारी हुई।

प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किए जाने की उम्मीद है।

# बाराबंकी में फिर चर्चा का विषय बने डीपीआरओ नीतेश भोंडोले, मुख्यालय संबद्ध किए जाने के बाद सियासी गलियारों में तेज हुई चर्चाएं

बाराबंकी। जिला पंचायत राज विभाग एक बार फिर चर्चाओं के केंद्र में है। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) नीतेश भोंडोले का पुनः मुख्यालय से संबद्ध किए जाने का आदेश सामने आने के बाद जिले के प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। सरकारी आदेश अपनी जगह है, लेकिन इसके पीछे के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं तैर रही हैं। जानकार बताते हैं कि कुछ समय पूर्व भी उनका तबादला हुआ था, लेकिन मजबूत संपर्कों और प्रभावशाली पैरवी के चलते वह आदेश ज्यादा दिन प्रभावी नहीं रह सका। उस समय जिले में यह चर्चा आम थी कि ''साहब की पहुंच इतनी मजबूत है कि आदेश पहले निकलता है और निरस्त बाद में नहीं, बल्कि पहले से तय होकर आता है।''

सूत्रों की मानें तो पंचायत विभाग के भीतर लंबे समय से कार्यशैली को लेकर असंतोष पनप रहा था। कर्मचारियों के बीच चर्चा रही कि विभागीय फैसलों में पारदर्शिता से अधिक व्यक्तिगत पसंद-नापसंद का प्रभाव दिखाई देता था। कई पंचायत सचिवों और कर्मचारियों के बीच यह भी चर्चा रही कि छोटी-छोटी प्रशासनिक प्रक्रियाएं भी कई बार अनावश्यक दबाव का माध्यम बन जाती थीं। विभागीय सूत्र बताते हैं कि ब्लॉकों में तैनाती को लेकर भी लंबे समय से सवाल उठते रहे। कर्मचारियों के बीच यह चर्चा आम थी कि ''मनपसंद ब्लॉक'' और ''कमाऊ ब्लॉक'' जैसे शब्द सरकारी दफ्तरों की फाइलों से ज्यादा चाय की दुकानों पर सुनाई देने लगे थे। हालांकि इन चर्चाओं की कभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई, लेकिन विभागीय गलियारों में यह विषय हमेशा चर्चा में बना रहा।

कई कर्मचारियों का कहना है कि किसी का वेतन रोकना, किसी गांव की विकास फाइल तलब करना या पुराने अभिलेखों की अचानक जांच शुरू कर देना अक्सर दबाव बनाने के औजार के रूप में देखा जाता था। पंचायत विभाग के कुछ कर्मचारियों का तो यहां तक कहना है कि ब्लॉकों में ऐसे लोगों का एक अनौपचारिक नेटवर्क सक्रिय था जो विभागीय गतिविधियों की सूचनाएं ऊपर तक पहुंचाता था और इसके आधार पर कार्रवाई की रणनीति तय होती थी।

दिलचस्प बात यह भी रही कि हाल ही में ब्लॉकों में तैनात सचिवों से वर्षों पुराना तैनाती विवरण मांगे जाने की चर्चा ने कर्मचारियों को हैरान कर दिया था। कर्मचारियों का सवाल था कि जब स्थानांतरण नीति पहले से निर्धारित है तो अचानक पुराने रिकॉर्ड खंगालने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई?

इधर राजनीतिक गलियारों में भी एक तस्वीर को लेकर खूब चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान प्रदेश सरकार के एक मंत्री, स्थानीय विधायक और भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ खिंचवाई गई तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। राजनीतिक जानकार इस तस्वीर और उसके कुछ घंटों बाद सामने आए स्थानांतरण आदेश को जोड़कर देखने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर दोनों घटनाओं का कोई संबंध स्थापित नहीं किया गया है।

फिलहाल डीपीआरओ के मुख्यालय संबद्ध किए जाने के बाद जिले में चर्चाओं का दौर जारी है। सरकारी दफ्तरों से लेकर चौराहों तक एक ही सवाल पूछा जा रहा है कि आखिर वह कौन-सी वजह रही जिसने कुछ समय पहले रुक गया तबादला अब फिर से प्रभावी कर दिया?

जिले के लोगों की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि पंचायत विभाग में आने वाले दिनों में प्रशासनिक व्यवस्था में क्या बदलाव देखने को मिलते हैं और क्या लंबे समय से उठ रहे सवालों का कोई आधिकारिक जवाब भी सामने आएगा।

# रेड कार्पेट स्वागत पर डीएम का बड़ा एक्शन, सीएमओ कार्यालय की कार्यशैली फिर सवालों के घेरे में

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। जनपद में नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. रंजन गौतम के पदभार ग्रहण करने के दौरान हुए शाही स्वागत पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। सरकारी कार्यालय में रेड कार्पेट बिछाकर और फूलों की वर्षा कर किए गए स्वागत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। बुधवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचने पर कर्मचारियों ने डॉ. गौतम का भव्य स्वागत किया। सरकारी कार्यालय में हुए इस आयोजन ने वीआईपी संस्कृति और सरकारी तंत्र में दिखावे की प्रवृत्ति को लेकर बहस छेड़ दी। मामला सामने आते ही जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए जांच समिति गठित कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डॉ. रंजन गौतम ने विवाद पर सफाई देते हुए कहा कि उन्हें इस तरह के स्वागत की पूर्व जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने भावनात्मक रूप से ऐसा किया, लेकिन वह स्वयं वीआईपी संस्कृति के विरोधी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार के आयोजन न हों, इसके लिए संबंधित कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता की सेवा के लिए होते हैं, दिखावे और तामझाम के लिए नहीं। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों का वातावरण पूरी तरह सादगीपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने निर्देश जारी किए कि जनपद में किसी भी अधिकारी का तड़क-भड़क वाला स्वागत नहीं किया जाएगा और न ही अनावश्यक रूप से गाड़ियों के बड़े काफिले का प्रदर्शन होगा। डीएम के इस सख्त रुख से प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। पुराने विवादों की भी फिर होने लगी चर्चा सीएमओ कार्यालय की कार्यशैली पहले भी कई बार विवादों में रही है। विभाग के पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी का लंबा कार्यकाल और उनके प्रभाव को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे। सीएमओ आवास से जुड़ी बहुमूल्य सरकारी भूमि के कब्जे के मामले में भी कई बार शिकायतें सामने आईं। आरोप यह भी लगते रहे कि प्रशासनिक स्तर पर होने वाली संभावित कार्रवाई की जानकारी संबंधित पक्षों तक पहले ही पहुंच जाती थी, जिससे कार्रवाई प्रभावी नहीं हो पाती थी। नवागत सीएमओ के स्वागत विवाद के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और पुराने मामलों की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। अब सभी की निगाहें जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट होगा कि सरकारी कार्यालय में हुए इस आयोजन की जिम्मेदारी किसकी थी और आगे क्या कार्रवाई की जाएगी।

# विराट कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय बल्लेबाजी के सुपरस्टार विराट कोहली हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण सोमवार को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए।

तीन मैचों की श्रृंखला 13 जून को धर्मशाला में शुरू होगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''कोहली हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अपनी शानदार फिटनेस के लिए मशहूर 37 वर्षीय कोहली ने हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था। आईपीएल में उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने लगातार दूसरी बार खिताब जीता था। कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में नाबाद अर्धशतक लगाकर विजयी रन बनाया था। अपने टी20 खेल में कुछ बदलाव करने वाले कोहली ने आरसीबी के विजय



अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक सहित 675 रन बनाए। कोहली के बाहर हो जाने से आगामी वनडे श्रृंखला की चमक भी फीकी पड़ गई है। भारत का यह पूर्व कप्तान अब केवल वनडे प्रारूप में ही खेलता है लेकिन अब भी वह दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कोहली की शानदार फिटनेस को देखते हुए ऐसा कभी कभार ही हुआ है जब वह चोटिल होने के कारण किसी मैच या श्रृंखला से बाहर हो गए हों। अब यह देखना बाकी है कि रोहित शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ पूरी श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं। वह भी कोहली की तरह अब केवल वनडे प्रारूप में ही भारत की तरफ से खेलते हैं। आईपीएल के दौरान रोहित की हैमस्ट्रिंग में भी खिंचाव आ गया था और उन्हें कुछ मैच से बाहर रहना पड़ा था। उन्हें फिटनेस के आधार पर ही टीम में शामिल किया गया है। कोहली और रोहित दोनों ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद से ही उनके वनडे करियर को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। अगला वनडे विश्व कप अगले साल अक्टूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका में होगा। कोहली और रोहित को उनकी फॉर्म और फिटनेस के आधार पर ही विश्व कप की टीम में जगह मिलेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा वनडे 17 जून को लखनऊ में और तीसरा वनडे 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा। भारत इसके बाद अपना अगला वनडे इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई को खेलेगा। तब भारतीय टीम तीन वनडे मैच की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी।

# पंत को अपने शॉट पर नियंत्रण रखकर ऑफ साइड में ज्यादा खेलना चाहिए: कोच देवेंद्र शर्मा

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऋषभ पंत के बचपन के कोच देवेंद्र शर्मा ने इस भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज को आड़े शॉट खेलने से बचने और ऑफ-साइड पर अधिक खेलने की सलाह दी है। पंत के लिए आईपीएल का लगातार दूसरा सत्र निराशाजनक रहा, जिसके बाद उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी छोड़ दी। अब वह भारत के लिए केवल टेस्ट क्रिकेट में खेलते हैं जहां हाल में उन्हें उप कप्तान पद से भी हटा दिया गया था। शर्मा ने कहा, ''वह जरूरत से ज्यादा कोशिश कर रहा है और बहुत अधिक आड़े शॉट खेल रहा है। वह खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहा है। उसे अधिक सीधे शॉट खेलने चाहिए, इससे उसे अधिक सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, ''जब मैंने उससे आखिरी बार बात की थी, तो मैंने उसे फॉर्म में वापसी करने के लिए अधिक से अधिक सीधे शॉट खेलने का सुझाव दिया था। जब आप रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हो



तो आपको 'बेसिक्स' पर ध्यान देना चाहिए। पंत अब शनिवार से मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलते हुए नजर आएंगे। शर्मा ने कहा, '''मैं उसे थोड़ा अलग तरीके से खेलने और अलग रणनीति अपनाने की सलाह दूंगा, क्योंकि टेस्ट और टी20 क्रिकेट में बहुत अंतर होता है। पिछली बार जब वह भारत के लिए टेस्ट खेला था, तब उसने मैच विजेता पारी खेली थी। मुझे पूरा यकीन है कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा, ''उसे संयमित आक्रामकता दिखानी चाहिए। उसे ऑन-साइड की बजाय ऑफ-साइड पर ज्यादा खेलना चाहिए।

# दुबे पर टिकी हैं अश्विन की निगाहें

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को उम्मीद है कि बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से मुल्लांपुर में होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से खेल के इस बड़े प्रारूप में पदार्पण करेंगे क्योंकि उन्होंने घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। दुबे और मानव सुथार के बीच भारतीय टीम में एक जगह के लिए मुकाबला है जबकि कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर जैसे अनुभवी स्पिनरों को अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद है। अश्विन ने जियोस्टार से कहा, ''मेरी नज़रें हर्ष दुबे पर टिकी हुई हैं और मैं यह जानने के लिए उत्सुक हूं कि उन्हें मौका मिलता है या नहीं। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि टीम मानव सुथार को चुनती है या हर्ष दुबे को। लेकिन दुबे ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और इसलिए मेरी उनमें विशेष दिलचस्पी



है। उन्होंने कहा, ''दुबे ने आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया था और इसलिए उनका पलड़ा भारी नजर आता है। मैं वास्तव में दुबे को पदार्पण करते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। पूर्व भारतीय स्पिनर ने कप्तान शुभमन गिल से भी उम्मीद जताई है कि वे घरेलू मैदान पर भी विदेशों में किए गए अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन को दोहराएंगे। उन्होंने कहा, ''गिल ने इंग्लैंड के दौरे में एक कप्तान और बल्लेबाज के रूप अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने वहां मुश्किल परिस्थितियों में रन बनाए और दबाव को अच्छी तरह से झेला। मुझे उम्मीद है कि वह घरेलू श्रृंखला में भी कप्तान और बल्लेबाज के रूप में अपनी विशेष छाप छोड़ेंगे।

# प्रारूप बदलना आसान नहीं, इसलिए नेट पर जमकर अभ्यास किया: कुलदीप

एजेंसी

मुल्लांपुर। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि कम समय में टी20 क्रिकेट से टेस्ट प्रारूप में खेलना आसान नहीं होता है क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को समाप्त हुए अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता है और भारतीय टीम को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी करनी पड़ रही है। आईपीएल में कुलदीप की फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही और उनका खुद का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। उन्होंने 12 मैचों में सिर्फ 10 विकेट लिए। अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले कुलदीप ने पीटीआई से विशेष साक्षात्कार में कहा कि पिछले दो सप्ताह से वह क्रिकेट के सबसे बड़े प्रारूप में ढलने के लिए नेट पर अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''आईपीएल में खेलने के तुरंत बाद लाल गेंद की क्रिकेट खेलना आसान नहीं



होता है। इसके लिए अच्छी तैयारी बेहद जरूरी होती है। सौभाग्य से मुझे समय मिल गया। मैंने कम से कम 10 से 15 दिन लाल गेंद से अभ्यास किया। 'जियोहॉटस्टार' के सहयोग से किए गए इस साक्षात्कार में कुलदीप ने कहा, ''टी20 में आप हमेशा आक्रामक रहते हैं। आप हमेशा बल्लेबाज के खिलाफ हमलावर तेवर अपनाते हैं और इसी सोच के साथ खेल में बने रहते हैं। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में ऐसा नहीं होता। बल्लेबाज के पास काफी समय होता है। उन्होंने कहा, ''कुछ खिलाड़ी आईपीएल फाइनल के तुरंत बाद यहां आए हैं। उनके पास तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं है। मुझे उम्मीद है कि उन्होंने अच्छी तैयारी की होगी लेकिन निश्चित तौर पर यह बड़ी चुनौती है। कुलदीप ने टेस्ट मैच की तैयारी के लिए उसके महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान दिया जिनमें धैर्य बनाए रखना भी शामिल है। उन्होंने कहा, ''लगातार अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी करना महत्वपूर्ण होता है। यह बड़ी चुनौती होती है। रणनीति बहुत मायने रखती है। आप किस कोण से गेंदबाजी कर रहे हैं, क्रीज की किस स्थिति का उपयोग कर रहे हैं, यह सभी बातें बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। अगर कुलदीप शनिवार से शुरू होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र मैच में खेलते हैं, तो अपने करियर में पहली बार उनके साथ न तो रविचंद्रन अश्विन (संन्यास ले चुके हैं) और ना ही रवींद्र जडेजा (आराम दिया गया) होंगे। कुलदीप ने स्वीकार किया कि इस मैच में जडेजा और यहां तक ??कि अक्षर पटेल की कमी महसूस की जाएगी, लेकिन उन्होंने विश्वास जताया कि मानव सुथार और हर्ष दुबे इस मौके का फायदा उठाएंगे। उन्होंने कहा, ''जड्डू भाई (रवींद्र जडेजा) टीम में नहीं हैं। वह नियमित टेस्ट खिलाड़ी हैं। टेस्ट मैच में हमें अक्षर पटेल की कमी भी खलेगी। लेकिन हमारी तैयारियां अच्छी चल रही हैं। कुलदीप ने कहा, ''टीम में कुछ युवा खिलाड़ी है जैसे हर्ष और मानव। वाशिंगटन सुंदर भी नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। किसी भी टीम में सीनियर खिलाड़ी की जिम्मेदारी अधिक होती है और कुलदीप इसे अच्छी तरह समझते हैं, लेकिन एक पारंपरिक मेंटोर (मार्गदर्शक) बनने के बजाय वह युवा खिलाड़ियों सुथार और दुबे के 'सहयोगी' के रूप में नजर आ रहे हैं। यह 31 वर्षीय खिलाड़ी यह सुनिश्चित करना चाहता है कि नए खिलाड़ी टीम में सहज महसूस करें और जरूरत पड़ने पर उनसे सलाह लें। कुलदीप ने कहा, '''जब भी कोई नया खिलाड़ी टीम में आता है, तो आपका काम उसे सहज महसूस कराना होता है। हम चाहते हैं कि वह आपको एक सहयोगी के रूप में देखे। उसके लिए ऐसा माहौल तैयार किया जाना चाहिए कि अगर उसे किसी तरह की समस्या हो तो वह आपसे बात करने में संकोच नहीं करे। आपको उसकी मदद के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अभी दो-तीन युवा खिलाड़ी टीम से जुड़े हैं और उनका साथ पाकर अच्छा लग रहा है।

# विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से हारकर सिंधू इंडोनेशिया ओपन से बाहर

एजेंसी

जकार्ता। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को लगातार दूसरे सप्ताह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सिंधू पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी से हार गई थीं। सिंधू ने इंडोनेशिया ओपन के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिर में 17-21, 14-21 से हार गईं। इस हार से सिंधू की ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ हार का सिलसिला 10 मैच तक बढ़ गया। भारतीय खिलाड़ी अभी तक आन के खिलाफ एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई है। पहले गेम के शुरू में दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। एक समय स्कोर 10-10 पर बराबर था। इस दौरान




सिंधू ने अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई और कोरियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाने में कामयाब रहीं। सिंधू अपने आक्रामक स्ट्रोकप्ले के दम पर 15-14 से आगे निकल गई, लेकिन आन ने अपने खास अंदाज में जवाब देते हुए लगातार अंक हासिल किए और 19-16 की बढ़त बना ली। इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी ने लगातार दो अंक जीते और पहला गेम अपने नाम कर लिया। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच 41 शॉट की रैली भी देखने को मिली। आन ने दूसरे गेम में आक्रामक शुरुआत की और 13-6 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बावजूद प्रत्येक अंक के लिए संघर्ष जारी रखा। उन्होंने इस बीच कुछ महत्वपूर्ण अंक भी हासिल किये। लेकिन आन का कोर्ट कवरेज अच्छा था और उन्हें मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

# पैरा एथलीट की हत्या की सीबीआई जांच चाहती है पीसीआई, खेलमंत्री को लिखा पत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय पैरालम्पिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया ने पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या की सीबीआई जांच की मांग करते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर कहा है कि इस घटना से देश का पैरा खेल जगत सकते में है। त्यागी 30 मई को गाजियाबाद में साई उपवन के समीप मृत पाये गए थे । उत्तर प्रदेश के मुरादनगर के बसंतपुर सेथली गांव के रहने वाले त्यागी राष्ट्रीय स्तर के स्वर्ण पदक विजेता थे और इस साल होने वाले पैरा एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई कर चुके थे । पुलिस ने बताया कि उनकी गोली मारकर हत्या की गई और एक अन्य पैरा एथलीट यश खटिक को इस मामले में हिरासत में लिया गया है । झाझडिया ने तीन जून को खेलमंत्री को लिखे पत्र में कहा ,''मैं उत्तर प्रदेश के क्लास टी12 (दृष्टिबाधित) पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या की ओर आपका त्वरित ध्यान आकर्षित करने के लिये पत्र लिख रहा हूं जिससे समूचा पैरा खेल जगत सकते में है। पत्र में लिखा गया ,'' उनकी मौत से जुड़े हालात गंभीर चिंता पैदा करते हैं, जिनकी निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए। मामले की गंभीरता और न्याय-प्रक्रिया में जनता का विश्वास बनाए रखने की जरूरत को देखते हुए पीसीआई आपसे विनम्र अनुरोध करती है कि आप चिराग त्यागी की हत्या की सीबीआई जांच की सिफारिश करने के लिए हस्तक्षेप करें। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने हालांकि कहा कि कानून और व्यवस्था प्रदेश का मसला है और उत्तर प्रदेश सरकार को इस पर फैसला लेना होगा। सूत्र ने कहा ,'' कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है। खेल मंत्रालय ऐसी कोई सिफारिश नहीं कर सकता। पुलिस जांच में पता चला है कि दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान त्यागी ने खटिक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी । इसके बाद खटिक की पात्रता रद्द कर दी गई जिससे वह बदला लेना चाहता था।

# केंद्र सरकार ने एनएचपीसी में अपनी हिस्सेदारी बेचकर जुटाए 4,300 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र का 'नवरत्न' उपक्रम एनएचपीसी लिमिटेड में बिक्री पेशकश (ओएफएस) के आखिरी दिन बुधवार को अपनी हिस्सेदारी बेचकर लगभग 4,300 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 60.27 करोड़ शेयरों के बिक्री पेशकश (ओएफएस) के मुकाबले कुल 151.33 करोड़ शेयरों के लिए बोली प्राप्त हुई। इस ओएफएस में सरकार की तीन फीसदी हिस्सेदारी की पेशकश शामिल थी, जबकि तीन फीसदी ग्रीन शू विकल्प यानी अतिरिक्त बोली आने पर उसे अपने पास रखने का विकल्प रखा गया था। सरकार ने सोमवार को घोषणा की थी कि वह एनएचपीसी लिमिटेड में छह फीसदी तक की हिस्सेदारी 'ऑफर फॉर सेल' ओएफएस के जरिए बेचेगी। इसके लिए

एनएचपीसी NHPC

न्यूनतम मूल्य ब्रिकी मूल्य 71 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में किसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी का यह तीसरा ओएफएस था। पिछले हफ़्ते सरकार ने ओएफस के जरिए कोल इंडिया में 2 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर 5,542 करोड़ रुपये जुटाए। वहीं, मई में उसने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 8.08 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर 2,266 करोड़ रुपये जुटाए थे। इस तरह कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अब तक विनिवेश से सरकार को मिली रकम 7,808 करोड़ रुपये है।

# लगातार तीसरे दिन सपाट स्तर पर सर्राफा बाजार सोना और चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन आज सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में बदलाव नहीं होने के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 1,56,210 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,58,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना भी आज बुधवार के भाव पर ही यानी 1,43,190 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,79,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,56,360



प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,56,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,56,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,58,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,56,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,56,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,56,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,43,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## बीसीबी के चुनावों से पहले आईसीसी प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश का दौरा किया

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सात जून को होने चुनाव से पहले स्थिति की समीक्षा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां का दौरा किया। बीसीबी का संचालन वर्तमान में पूर्व सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल की अध्यक्षता वाली अंतरिम समिति कर रही है। इससे पहले राष्ट्रीय खेल परिषद ने बड़े पैमाने पर कथित अनियमितताओं के आरोप में अमीनुल इस्लाम के नेतृत्व वाले बीसीबी प्रशासन को भंग कर दिया था। आईसीसी में बयान ने कहा, ''आईसीसी के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से जुड़े घटनाक्रमों की समीक्षा करने और विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत करने के लिए बांग्लादेश का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल में आईसीसी बोर्ड के निदेशक मोहम्मद एएस मूसाजी (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) और तावेंगवा मुकुहलानी (जिम्बाब्वे क्रिकेट) शामिल थे। बयान के अनुसार, ''आईसीसी यह स्पष्ट करना चाहता है कि प्रतिनिधिमंडल उचित समय पर आईसीसी बोर्ड को अपने निष्कर्ष से अवगत कराएगा और इस मामले पर मीडिया में कोई टिप्पणी नहीं करेगा। अमीनुल इस्लाम के कार्यकाल में ही बीसीबी ने भारत में खेले गए टी20 विश्व कप से हटने का फैसला किया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 की अपनी टीम से हटाने का निर्देश दिया था जिसके बाद बीसीबी ने यह कदम उठाया था।

## तमिलनाडु में 18,600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी एलएंडटी, समझौते पर हस्ताक्षर

**चेन्नई।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने तमिलनाडु सरकार के साथ 18,600 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन परियोजनाओं के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए। इससे 8,000 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, एलएंडटी और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों ने सचिवालय में इस पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय और एलएंडटी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. एन. सुब्रह्मण्यन भी उपस्थित रहे। विजय के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद यह पहला औद्योगिक समझौता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तमिलनाडु में एलएंडटी की भविष्य की वृद्धि एवं विस्तार योजनाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग और निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। कांचीपुरम जिले में डेटा सेंटर विस्तार, कोयंबटूर में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल सिस्टम विनिर्माण इकाई की स्थापना और कट्टुपल्ली में एलएंडटी शिपयार्ड के विस्तार से जुड़ी तीन परियोजनाएं राज्य में शुरू की जाएंगी। विज्ञप्ति के अनुसार, 15,000 करोड़ रुपये के निवेश वाली डेटा सेंटर विस्तार परियोजना से लगभग 500 नौकरियां सृजित होंगी। कोयंबटूर में 2,500 करोड़ रुपये के निवेश वाली इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल सिस्टम विनिर्माण परियोजना से लगभग 2,000 नौकरियां उत्पन्न होंगी। इसी प्रकार, 1,100 करोड़ रुपये के निवेश से कट्टुपल्ली एलएंडटी शिपयार्ड विस्तार से लगभग 5,700 नौकरियां सृजित होंगी। इसमें कहा गया कि ये बहु–क्षेत्रीय निवेश मुख्यमंत्री के 2036 तक तमिलनाडु की अर्थव्यवस्था को 1500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने के अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## चांदी की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने की तैयारी पर अध्ययन जारी: डीजी

**नयी दिल्ली।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) चांदी के आभूषण और कलाकृतियों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने के लिए आवश्यक नियामकीय ढांचे एवं बुनियादी तैयारियों का अध्ययन कर रहा है। चांदी की हॉलमार्किंग 2005 से स्वैच्छिक है और सितंबर 2025 से हॉलमार्क किए गए चांदी के उत्पादों पर हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर होता है जिससे खरीदार शुद्धता की पुष्टि कर सकते हैं। बीआईएस के महानिदेशक संजय गर्ग ने यहां उद्योग निकाय फिक्की के कार्यक्रम से इतर बातचीत में कहा, '' चांदी की हॉलमार्किंग सोने की तुलना में अधिक जटिल है, प्रक्रिया के कारण नहीं बल्कि इसके बाजार के स्वरूप के कारण। गर्ग ने बताया कि सोने के विपरीत, चांदी के आभूषण और वस्तुएं छोटी व बड़ी दोनों तरह की दुकानों में बिकती हैं। इसमें चांदी के 'फर्नीचर' जैसी श्रेणियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, '' हम इसे लागू करने की प्रक्रिया का अध्ययन कर रहे हैं। गर्ग ने बताया कि बीआईएस में हॉलमार्किंग का पूरा संचालन केवल पांच लोगों द्वारा किया जाता है जबकि बाकी कार्यबल निजी या 'आउटसोर्स' होता है।

# अर्थव्यवस्था पर दहशत फैला रहे हैं राहुल : शहजाद पूनावाला

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आर्थिक संकट को लेकर दी गयी चेतावनी के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को तीखा पलटवार करते हुए विपक्ष के नेता पर अर्थव्यवस्था के संबंध में 'दहशत' फैलाने का आरोप लगाया।

श्री पूनावाला ने श्री गांधी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ''एलओपी का मतलब 'लीडर ऑफ प्रोपेगैंडा' (प्रचार का नेता) है, न कि 'लीडर ऑफ अपोजिशन' (विपक्ष का नेता)। वह अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बारे में उन दावों के ज़रिए दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे थे, जो बेबुनियाद हैं।''



श्री पूनावाला ने आपातकाल जैसी स्थिति की संभावना पर श्री गांधी की टिप्पणियों का ज़िक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास खुद आपातकाल से जुड़ा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों पर दूसरों को उपदेश देने की उनकी विश्वसनीयता बहुत कम है। उन्होंने दावा किया कि असली ''संस्थागत पतन'' कांग्रेस पार्टी के भीतर हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वंशवादी राजनीति और आंतरिक लोकतंत्र की कमी को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने सरकार के आर्थिक रिकॉर्ड का बचाव करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है और देश की आर्थिक बुनियाद मज़बूत बनी हुई है। श्री पूनावाला ने श्री गांधी पर भारतीय संस्थाओं को बार-बार निशाना बनाने और अपने राजनीतिक बयानों के ज़िरये देश की छवि खराब करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। भाजपा नेता की ये टिप्पणियां श्री गांधी के उस वीडियो के एक दिन बाद आईं, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में श्री गांधी ने बढ़ती कीमतों और आर्थिक दबावों का हवाला देते हुए कहा कि देश की ओर एक ''आर्थिक सुनामी'' बढ़ रही है। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया था कि संस्थागत नियंत्रण और संतुलन कमज़ोर हो रहे हैं और दावा किया था कि व्यवस्था के विभिन्न हिस्सों के अधिकारी विपक्ष के साथ जानकारी साझा कर रहे हैं। वीडियो में, गांधी ने आगे यह भी कहा कि आर्थिक मुद्दों पर बढ़ता जन दबाव और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर चिंताएं व्यवस्था के कामकाज को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शायद एक साल के भीतर अपने पद पर न रहें, और इसे अपना व्यक्तिगत आकलन बताया।

# मोदी से मिलीं सिटी बैंक की अध्यक्ष एवं सीईओ

## भारत के विकास की प्राथमिकताओं, सहयोग के अवसरों पर की चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के प्रसिद्ध बैंकिंग संस्थान सिटी बैंक के संचालक मंडल की प्रमुख और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) जेन फ्रेज़र ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और भारत के आर्थिक विकास में सहयोग देने की अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

सिटी अगले वर्ष भारत में अपने परिचालन के 125 साल पूरे करने जा रहा है। सिटी बैंक की ओर से गुरुवार को हुई इस मुलाकात पर जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के साथ सिटी की सीईओ की कल हुई बातचीत में देश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने, विदेशों में भारतीय कंपनियों को बढ़ावा देने और वैकल्पिक ऊर्जा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में अवसरों की तलाश करने जैसे विषय शामिल थे। बातचीत में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विकास की गति को तेज़ करने और आर्थिक रफ़्तार को बढ़ाने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। चर्चा में कई विषयों को शामिल किया गया, जिनमें भारत में निवेश और पूंजी प्रवाह, विदेशों में भारत के कॉर्पोरेट क्षेत्र के लिए अवसर, वैकल्पिक ऊर्जा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शामिल थे।

उन्होंने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि सिटी किस प्रकार भारत के आर्थिक एजेंडे को और अधिक समर्थन दे सकती है, देश में वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने में मदद कर सकती है, और दुनिया भर में नए बाज़ारों में विस्तार कर रही भारतीय कंपनियों को बढ़ावा दे सकती है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने देश के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास से संबंधित अवसरों पर भी चर्चा की, जिसमें सौर ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे हरित ऊर्जा स्रोत शामिल हैं। बातचीत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विषय भी शामिल था, जिसमें इसके विनियमन की भूमिका और उन क्षेत्रों पर चर्चा हुई जहाँ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए इस तकनीक का उपयोग किया जा सकता है। इस बैठक में फ्रेज़र के साथ सिटी के भारत में कारोबार के प्रभारी सीईओ, बैंकिंग प्रमुख और भारतीय उपमहाद्वीप के सब-क्लस्टर प्रमुख के. बालासुब्रमण्यम भी मौजूद थे।

दोनों ने देश में सिटी की हालिया प्रगति पर चर्चा की और देश तथा अपने ग्राहकों को समर्थन देने की कंपनी की मज़बूत प्रतिबद्धता को दोहराया। सिटी की ओर से कहा गया है कि यह बैठक प्रधानमंत्री मोदी के सुधार के एजेंडे में वैश्विक वित्तीय संस्थानों के विश्वास को दर्शाता है। प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक पहलों ने भारत के बैंकिंग परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है और वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को तेज़ किया है। देश के अग्रणी अंतरराष्ट्रीय बैंक के तौर पर सिटी ने 3-5 जून तक मुंबई में सीटी इंडिया कांफ्रेंस आयोजित किया है जिसमें में 1,500 से ज़्यादा ग्राहक और निवेशक आमंत्रित किये गये हैं। इस सम्मेलन का इस प्लेटफॉर्म का मकसद भारत से जुड़ी चर्चाओं को आगे बढ़ाना और वैश्विक पूंजी के लिए निवेश के अवसरों को उजागर करना है।

# मोदी ट्रम्प के इशारों पर करते हैं काम : राहुल गांधी

एजेंसी

पंतनगर/अल्मोड़ा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नियंत्रण में हैं और उनके कहने पर काम कर रहे हैं।

श्री गांधी आज खराब मौसम के कारण अल्मोड़ा नहीं पहुंच पाये। उन्होंने पंतनगर से मोबाइल के जरिये सिमकनी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। अपने मात्र सात मिनट के संबोधन में उन्होंने केंद्र सरकार खासकर प्रधानमंत्री मोदी पर हमले किये।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नियंत्रण है। श्री गांधी ने कहा श्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए तेल खरीद का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश को रूस और ईरान से तेल लेने के बजाए अमेरिका के राष्ट्रपति के आदेश का इंतजार करना पड़ रहा है क्योंकि श्री ट्रंप के पास एपस्टीन और अडानी की फाइल है।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक ढांचे को तहस नहस कर दिया है। गलत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाकर जहां देश में छोटे व्यवसाय को खत्म कर दिया है वहीं नोटबंदी से आम आदमी की आय और बचत को भी समाप्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा, ''मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहले कह दिया था कि देश में आर्थिक सुनामी आने वाली है लेकिन नरेंद्र मोदी ने गरिबों और किसानों को आर्थिक सुनामी से बचाने के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने धामी सरकार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि उत्तराखंड श्री मोदी के रिमोट कंट्रोल से संचालित हो रहा है। उत्तराखंड को बनाने में यहां के लोगों का सपना था कि यहां के युवाओं और उनका भविष्य बने लेकिन आज राज्य दिल्ली से चलाया जा रहा है। बाहर के लोग यहां की अपार संपदा का फायदा उठा रहे हैं। जनता के अधिकारों पर चंद पूंजीपतियों का कब्जा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह चाहते थे कि अल्मोड़ा आएं लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हैलिकॉप्टर नहीं उतर पाया। उन्होंने कहा कि पायलट से तीन बार निवेदन किया लेकिन पायलट ने खतरे का हवाला देते हुए इनकार कर दिया। उन्होंने लोगों से क्षमा मांगते हुए कहा कि वह जल्द ही अल्मोड़ा आएंगे और लोगों के साथ प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। श्री गांधी की न आने की खबर से लोगों को मायूसी झेलनी पड़ी। श्री गांधी के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस एकजुट नजर आयी।

# गडकरी ने आत्मनिर्भरता के लिए वैकल्पिक ऊर्ज़ा को बताया जरूरी, किया पहली फ्लैक्स ईंधन कार का अनावरण

एजेंसी

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत को ईंधन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम करनी होगी और इसके लिए एथेनॉल, हाइड्रोजन तथा अन्य वैकल्पिक ईंधनों को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है।

श्री गडकरी ने गुरुवार को वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी द्वारा देश की पहली फ्लैक्स फ्यूल कार के अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि फ्लैक्स ईंधन वाहन किसानों, पर्यावरण और देश की अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी हैं तथा इनके व्यापक उपयोग से प्रदूषण कम करने के साथ-साथ ऊर्ज़ा सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनके पास परिवहन मंत्रालय है और उन्हें इस बात पर गहरा दुख है कि देश में लगभग 30 प्रतिशत वायु प्रदूषण के लिए परिवहन क्षेत्र जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि देश आर्थिक रूप से तभी मजबूत होगा जब देश ऊर्ज़ा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति के कारण भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आटोमोबाइल क्षेत्र बन चुका है। श्री गडकरी ने कहा कि वैकल्पिक ऊर्ज़ा विकास का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है और मारुति सुजुकी द्वारा पेश की गई नई फ्लैक्स फ्यूल कार एथेनॉल के साथ-साथ विद्युत ऊर्ज़ा पर भी चलने में सक्षम है। इससे वाहन उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। यह पहल सतत एवं आत्मनिर्भर परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। श्री गडकरी ने कहा कि सरकार लंबे समय से एथेनॉल आधारित ईंधनों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और प्रदूषण घटाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि फ्लैक्स फ्यूल तकनीक हरित एवं टिकाऊ परिवहन व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि देश में करीब 175 वाहन स्क्रैपिंग केंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों को हटाने का काम किया जा रहा है। इससे प्रदूषण नियंत्रण और सड़क सुरक्षा दोनों को लाभ होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है और उनकी स्वयं की हाइड्रोजन आधारित कार 'मिराई' इसका उदाहरण है। उन्होंने बताया कि जापानी भाषा में 'मिराई' का अर्थ 'भविष्य' होता है। उन्होंने कहा कि देश की सड़कों पर अब हाइड्रोजन बसें भी दिखाई देने लगी हैं और पायलट परियोजना के तहत दस मार्गों पर हाइड्रोजन से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि फ्लैक्स फ्यूल, एथेनॉल, इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन आधारित वाहनों के बढ़ते उपयोग से भारत स्वच्छ ऊर्ज़ा, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता के लक्ष्यों को तेजी से हासिल कर सकेगा।

## पंजाब में बड़ी आतंकवादी साजिश नाकाम, आरडीएक्स से लैस आईईडी के साथ दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी), एसएएस नगर ने सीमा पार संचालित आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गंभीर आतंकवादी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने विदेशी हैंडलर से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 2.5 किलोग्राम वजनी आरडीएक्स आधारित इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि बरामद आईईडी पूरी तरह से तैयार अवस्था में थी और इसका इस्तेमाल किसी भी समय किया जा सकता था। समय रहते की गयी कार्रवाई से एसएएस नगर (मोहाली) में महत्वपूर्ण सार्वजनिक ढांचे को निशाना बनाने की साजिश विफल कर दी गयी और बड़े नुकसान को टाल दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनी सिंह (32) निवासी गुज्जरपुरा, अमृतसर और अभिषेक कुमार (28) निवासी गिलवाली गेट, अमृतसर के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और पूरे आतंकवाद नेटवर्क, विदेशी हैंडलरों, सहयोगियों तथा अन्य संपर्कों का पता लगाया जा रहा है। काउंटर इंटेलिजेंस के आईजीपी आशीष चौधरी ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने मोहाली के वाईपीएस चौक के सामने स्थित पार्क के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी अमृतसर से बस के जरिए विस्फोटक उपकरण लेकर मोहाली पहुंचे थे। गिरफ्तारी के दौरान उनके कब्जे से आरडीएक्स से भरी आईईडी बरामद की गयी। उपकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल बम निरोधक दस्ता मौके पर बुलाया गया, जिसने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। आईजीपी चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी मनी सिंह हाल ही में सोशल मीडिया के माध्यम से एक विदेशी हैंडलर के संपर्क में आया था। बाद में उसने अपने साले अभिषेक कुमार को भी उससे मिलवाया।

## अमेरिका का रूस के साथ संबंध बनाए रखना जरूरी: मार्को रुबियो

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यूक्रेन में जारी संघर्ष के बावजूद अमेरिका को रूस के साथ संबंध और बातचीत बनाए रखनी चाहिए। श्री रुबियो ने संसद की विदेश मामलों की समिति की सुनवाई में कहा, कम से कम, हमें रूसियों के साथ संबंध और बातचीत जारी रखनी ही होगी। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने विश्वास जताया कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान होने के बाद अमेरिका-रूस संबंध अधिक दोस्ताना और संभालने में आसान हो जाएंगे। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका-यूक्रेन संघर्ष पर मध्यस्थता के प्रयासों को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। श्री रुबियो से जब पूछा गया कि क्या मध्यस्थता में ट्रंप प्रशासन फिर से शामिल होने के लिए तैयार है, तो उन्होंने जवाब दिया, हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि अमेरिका के अब तक के प्रयास 'कम फलदायी' रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि यूक्रेन में संघर्ष को सुलझाने की बातचीत में अमेरिका 'साफ तौर पर' यूक्रेन के पक्ष में है। उन्होंने समिति से कहा, हम उस युद्ध में निष्पक्ष मध्यस्थ नहीं हैं। हम रूस को हथियार नहीं देते, हम केवल यूक्रेन को हथियार देते हैं। हम यूक्रेन पर प्रतिबंध नहीं लगाते, हम केवल रूस पर प्रतिबंध लगाते हैं, इसलिए हमने स्पष्ट रूप से एक पक्ष लिया है। श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को आवश्यकता सूची (पर्ल) कार्यक्रम के माध्यम से हथियार बेचना जारी रखे हुए है।

## उच्चतम न्यायालय ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणियों को हटाने से किया इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विनेश फोगाट मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि डब्ल्यूएफआई द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिका अब बेमानी हो गई है क्योंकि विनेश फोगाट ने आखिरकार 29 मई को उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद चयन ट्रायल में हिस्सा ले लिया था। पीठ ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ उच्च न्यायालय की टिप्पणियों को हटाने से इनकार करते हुए साफ किया कि विशेष अनुमति याचिका (एसपीएल) के निपटारे को उच्चतम न्यायालय द्वारा उन निष्कर्षों का समर्थन नहीं माना जाना चाहिए।उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने फोगाट को 'निंदनीय' कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए डब्ल्यूएफआई की कड़ी आलोचना की थी और डब्ल्यूएफआई की इस कार्रवाई को बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया था। पीठ ने कहा, ''बाद के घटनाक्रमों को देखते हुए यह एसएलपी अब बेमानी हो गई है।

# पेज एक का शेष

### अफसरशाही की...

समिति का गठन दिसम्बर 2025 में ही किया गया।लगभग दो साल की अत्यधिक देरी के बाद। और वह भी तब, जब इस कोर्ट ने मौजूदा मामले का संज्ञान लिया। हालांकि, बेंच ने इस मामले को और आगे बढ़ाना उचित नहीं समझा और उसने इस मुद्दे को इस उम्मीद और अपेक्षा के साथ छोड़ दिया कि हाईकोर्ट के 2023 के फैसले में दिए गए निर्देशों का भी समय-सीमा के भीतर पालन किया जाएगा। बेंच ने हालांकि यह बात नोट की कि कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने में एक बड़ी रुकावट नौकरशाही के कुछ वर्गों की मानसिकता में है, जिनका रवैया 'समावेशी नहीं' है और जो अपनी मनमानी शक्तियों को बनाए रखने को 'अपने आप में एक लक्ष्य' मानते हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि 'अपनी मनमानी शक्तियों को खोने का यही डर' ही लोक प्रशासन में 'लालफीताशाही' के पीछे मुख्य वजह है। जस्टिस दिवाकर ने राज्य को याद दिलाया कि नियम और कानून ठीक इसी अनियंत्रित शक्ति को सीमित करने और एक नियम-बद्ध संस्कृति को लागू करने के लिए ही बनाए गए हैं। बेंच ने आगे कहा कि फैसला सुरक्षित रखने के बाद उसने हाई-पावर्ड कमेटी द्वारा लिए गए फैसलों की प्रगति के बारे में अपडेट के लिए तीन महीने से ज़्यादा इंतज़ार किया, लेकिन फैसला सुनाए जाने की तारीख तक उसे कोई जानकारी नहीं मिली। इस स्थिति को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए बेंच ने सरकार को याद दिलाया कि मुख्य सचिव राज्य प्रशासन की संरचना की मुख्य कड़ी होते हैं, और जो लोग उनका प्रतिनिधित्व करते हैं, उनसे असाधारण सतर्कता की उम्मीद की जाती है। कोर्ट ने टिप्पणी की, 'एडिशनल एडवोकेट जनरल को यह समझना चाहिए कि मुख्य सचिव, जो कैबिनेट और मंत्रिपरिषद के सचिव के रूप में काम करते हैं, और उस हैसियत से नागरिक प्रशासन, नीति कार्यान्वयन और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय से जुड़े सभी मामलों पर मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के मुख्य सलाहकार के रूप में सेवा करते हैं, एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त पद पर आसीन हैं। साथ ही हर मायने में राज्य प्रशासन की संरचना की मुख्य कड़ी हैं। इसलिए यह अनिवार्य है कि सम्मानित विधि अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय असाधारण सतर्कता, सावधानी और संस्थागत जिम्मेदारी की गहरी भावना के साथ आचरण करें। इसके साथ ही बेंच ने अपने रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया कि वे तुरंत इस फैसले की एक प्रमाणित प्रति उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को भेजें। साथ में यह निर्देश भी दें कि हाई-पावर्ड कमेटी की कार्यवाही समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूरी की जाए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह इस फैसले को सीधे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि वह इसका व्यक्तिगत रूप से अवलोकन कर सकें और कोर्ट की चिंताओं पर उचित विचार कर सकें। मामले के गुण-दोषों के आधार पर कोर्ट ने याचिका स्वीकार की और क्षेत्रीय पासपोर्ट प्राधिकरण, बरेली को निर्देश दिया कि वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार याचिकाकर्ता के पक्ष में पासपोर्ट जारी-नवीनीकृत करें।

### सैन्य कमांडरों के...

मंत्रालय के अनुसार फील्ड कमांडरों की वित्तीय शक्तियों को आखिरी बार 2021 में अधिसूचित किया गया था। सशस्त्र बलों में ऑपरेशन्स पर बढ़े हुए खर्च को पूरा करने के कारण यह बदलाव जरूरी हो गया था। वित्तीय शक्तियों में यह बदलाव अक्टूबर 2025 में अधिसूचित किए गए संशोधित रक्षा खरीद मैनुअल के साथ तेजी से फैसले लेने के साथ रक्षा खरीद को बढ़ावा देगा। इससे सशस्त्र बलों की जरूरतों के हिसाब से समय पर संसाधन मिल सकेंगे। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव संजीव कुमार, रक्षा वित्त विभाग के सचिव विश्वजीत सहाय, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) सुकृति लिखी, वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर, रक्षा लेखा महानियंत्रक अनुग्रह नारायण दास और दूसरे वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### 206 पुलिस...

लखनऊ, विकास कुमार जायसवाल को कमिश्नरेट लखनऊ से मुख्यमंत्री सुरक्षा लखनऊ, मिथलेश कुमार तिवारी को एसडीआरएफ लखनऊ से पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ, पवन कुमार (द्वितीय) को यूपीपीसीएल लखनऊ से सहारनपुर, अनुष्का को कमिश्नरेट लखनऊ से सहायक सेनानायक 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज, अमित सिंह को रायबरेली से हरदोई, शिखर को कमिश्नरेट कानपुर नगर से मंडलाधिकारी गोंडा, सोनम सिंह को उन्नाव से रामपुर, प्रगति यादव को फतेहपुर से कमिश्नरेट कानपुर नगर अमरनाथ गुप्ता प्रतापगढ़ से बांदा, वीरेन्द्र विक्रम को कमिश्नरेट लखनऊ से कमिश्नरेट कानपुर नगर, प्रियंका वाजपेयी को कन्नौज से कमिश्नरेट कानपुर नगर भेजा गया है। इसके अलावा अभिषेक कुमार पांडेय को कमिश्नरेट कानपुर नगर से कमिश्नरेट लखनऊ, अंकित मिश्रा को हरदोई से संभल, राज कुमार सिंह (प्रथम) को कमिश्नरेट लखनऊ से कमिश्नरेट प्रयागराज, जटाशंकर मिश्र को बाराबंकी से मीरजापुर भेजा गया है। ऐसे ही अन्य पुलिस उपाधीक्षकों के भी कार्यक्षेत्र बदले गए हैं।

### बिहार के मुजफ्फरपुर...

कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। इस हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। जिला प्रशासन को घायल मरीजों की सुरक्षा एवं उपचार के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। राहत के कार्य युद्धस्तर पर चलाने के आदेश भी दिये गए हैं। इस घटना की जांच होगी। जिम्मेदारी तय होगी।

### दक्षिण-पश्चिम...

बंगाल की खाड़ी, पश्चिम-मध्य, पूर्व-मध्य तथा उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों सहित पूर्वोत्तर राज्यों में पहुंचने के आसार हैं। केरल में मानसून के आगमन के लिए पिछले दो दिनों से दक्षिण-पूर्व अरब सागर में घने संवहनी बादलों की लगातार बढ़ोतरी देखी गई। निचले स्तरों पर पछुआ हवाओं की रफ्तार करीब 37-46 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के ऊपर पछुआ हवाओं की गहराई समुद्र तल से 4.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है। पिछले 48 घंटों में केरल के अधिकतर हिस्सों में व्यापक और कुछ जगहों पर भारी बारिश दर्ज की गई। पल्लुरूथी (एर्नाकुलम) में 9 सेमी, मट्टनचेरी (एर्नाकुलम) और कोच्चि आई.ए.एफ., चेरथला (अलापुझा) में 8 सेमी, वैकोम (कोट्टायम) में 7 सेमी, अलुवा, कुमारकम, नेय्याट्टिनकारा, पीरमाडे, कलामासेरी, कुरुदामनिल, वदावथुर, कोच्चि सी.आई.ए.एल. में 6 सेमी, थाइकॉटुस्सेरी, इडुक्की, तिरुवनंतपुरम, थोडुपुझा, मुन्नार और कन्नूर समेत कई इलाकों में 3-5 सेमी तक बारिश हुई। पलक्कड़, वायनाड, मलप्पुरम, कासरगोड और कोझिकोड के कई हिस्सों में 1-2 सेमी तक बारिश हुई। उल्लेखनीय है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून आमतौर पर एक जून को केरल पहुंचता है। पिछले वर्ष यानी 2025 में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 24 मई को केरल में दस्तक दी थी। इसके बाद दिल्ली में इसने 29 जून को दस्तक दी थी, जो सामान्य तिथि से 9 दिन पहले था। केरल में दस्तक देने के डेढ़ महीने में यह पूरे देश को कवर कर लेता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है। पिछले 10 साल में यह 7वीं बार है जब मानसून विलंब से आया है।

### दिल्ली में अग्निकांड...

मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। अग्निशमन के सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्धता की क्या स्थिति है । अगर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं हो रहा है तो जरूरी कार्यवाही करते हुए मानकों का पालन कराकर हादसों की रोकथाम को सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में आगे कहा कि अग्निशमन सुरक्षा, पीडब्ल्यूडी आदि विभागों को निर्देश दिए है कि जांच कर फायर सेफ्टी आडिट की जाए। सभी होटलों की स्पेशल जांच कर ऑडिट की जाए। सभी परिसरों में आग बुझाने वाले उपकरणों, आपातकालीन निकास और पानी की उपलब्धता की बारीकी से जांच कर लें। चेकिंग के दौरान जिन भी इमारतों या होटलों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी पाई जाएगी, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर जल्द से जल्द सेफ्टी ऑडिट पूरा करें और कमियों को दूर कराएं। ''जनता की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद प्रशासन और पुलिस बल की कार्रवाई तेज हो गई है।

### पर्यटन को सांस्कृतिक...

विकास तथा सुशासन की अवधारणा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संग्रहालय में मराठा साम्राज्य और उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक संबंधों, काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनरुद्धार में अहिल्याबाई होल्कर की भूमिका, तीर्थस्थलों के संरक्षण, प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता संग्राम के नायकों, ब्रज की संस्कृति को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। नैमिषारण्य के समग्र विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि भारत की वैदिक ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक साधना और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत केंद्र है। इसके विकास में धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि समग्र मास्टर प्लान के अंतर्गत वेद विज्ञान केंद्र, वेदारण्यम वेलनेस एवं वैदिक थीम पार्क, राजघाट रिवरफ्रंट, व्यास गद्दी, सूत गद्दी, हनुमानगढ़ी, देवदेवेश्वर एवं रुद्रावत मंदिर परिसर, नैमिष हाट, तीर्थयात्री आवास, इंटरप्रिटेशन सेंटर तथा आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का विकास प्रस्तावित है। यह भी बताया गया कि इंटरप्रिटेशन सेंटर में वेदों की जन्मस्थली के रूप में नैमिषारण्य की अवधारणा, प्रोजेक्शन मैपिंग, लेजर शो, दशावतार विजुअलाइजेशन तथा पारंपरिक ग्राम्य जीवन के अनुभव को प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्ययोजना को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाए। मिर्ज़ापुर-विंध्याचल क्षेत्र के लिए तैयार किए जा रहे इंटीग्रेटेड मास्टर प्लान की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मां विंध्यवासिनी धाम देश के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है और इसकी विकास योजना भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। बैठक में त्रिकोण परिक्रमा क्षेत्र के विकास पर भी चर्चा हुई। यह भी बताया गया कि वर्ष 2050 तक संभावित श्रद्धालु संख्या को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के शक्तिपीठों के निकट माता सती की पौराणिक कथा का प्रभावी एवं आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया जाए तथा इसके लिए निजी क्षेत्र के सहयोग की संभावनाओं का भी उपयोग किया जाए। बैठक में चित्रकूट स्थित प्राचीन सोमनाथ मंदिर के संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण हमारी साझा जिम्मेदारी है। संरक्षण कार्यों में मूल स्वरूप, ऐतिहासिक प्रामाणिकता और स्थापत्य विशेषताओं को अक्षुण्ण रखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन धरोहरों से प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार में ग्रामीण कार्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव श्री दिवेश सेहरा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आवागमन और संपर्क व्यवस्था बनाये रखने के लिए सड़कों एवं पुलों का निर्माण तथा रख-रखाव जरूरी है। पूर्व से निर्मित ग्रामीण सड़कों का नियमित अनुश्रवण करें तथा आवश्यकता के अनुसार उनका सुदृढ़ीकरण कराया जाए, ताकि ग्रामीण जनता को सुरक्षित एवं सुगम यातायात की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि सड़कों के रख-रखाव की प्रभावी व्यवस्था विकसित करें और किसी भी क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत में अनावश्यक विलंब न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या एवं यातायात की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण सड़कों के चौड़ीकरण की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलती है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक लोगों की पहुंच आसान होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सड़क परियोजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करें तथा जनहित, यातायात की आवश्यकता और क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का चयन करें। प्राथमिकता के आधार पर नई परियोजनाओं को स्वीकृत कर गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करें। बैठक में उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव दिवेश सेहरा, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भारत-पाक सीमा से सटे पठानकोट क्षेत्र में पुलिस-बीएसएफ ने चलाया सर्च ऑपरेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे पठानकोट के सीमावर्ती क्षेत्रों में गुरुवार को जिला पुलिस और बीएसएफ ने संयुक्त रूप से विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सीमावर्ती दरियाओं के किनारों, जंगलों और अन्य सुनसान क्षेत्रों की बारीकी से जांच की गई। इसके अलावा कई लोगों से पूछताछ भी की गई और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी गई। जिला पुलिस प्रमुख एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया यह नियमित सुरक्षा अभियान का हिस्सा है, जिसका मुख्य उद्देश्य कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और समाज विरोधी तत्वों पर अंकुश लगाना है। यह अभियान थाना नरोट जैमल सिंह के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर कुलदीप राज के नेतृत्व में चलाया गया, जबकि डीएसपी ऑपरेशन गुरबख्श सिंह बाजवा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा बलों ने सीमावर्ती गांवों में कई संदिग्ध ठिकानों की गहन तलाशी ली। डीएसपी गुरबख्श सिंह बाजवा ने बताया कि जिला पुलिस प्रमुख के निर्देशों के अनुसार लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर ऐसे सर्च ऑपरेशन चलाए जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी व्यक्ति को किराए पर रखने या मकान किराए पर देने से पहले उसकी पूरी पहचान संबंधी जानकारी पुलिस के साथ अवश्य साझा करें, ताकि अपराधियों और समाज विरोधी तत्वों तक पहुंचना आसान हो सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी को अपने आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई देती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के आपसी सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखा जा सकता है।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया आंतरिक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता


## दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

सुपौल। आगामी चुनावों को लेकर निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुरक्षित एवं सुगम बनाने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सुपौल द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी सुविधाओं तथा उपकरणों के रख-रखाव की गहन समीक्षा की गई। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक माह ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण तथा प्रत्येक तीन माह पर वेयरहाउस खोलकर आंतरिक निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है।

निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा से संबंधित सभी पहलुओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि वेयरहाउस में रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें पूरी तरह सुरक्षित स्थिति में हैं तथा उनके संरक्षण के लिए आवश्यक मानकों का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, भवन की संरचनात्मक स्थिति एवं अग्नि सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुपौल, अग्निशमन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा जिले के सभी राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिवों को भी निरीक्षण प्रक्रिया में शामिल किया गया, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पर सभी पक्षों का विश्वास बना रहे। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। अग्निशमन विभाग को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों को अद्यतन रखने को कहा गया। वहीं विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा भवन प्रमंडल को वेयरहाउस भवन की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को सुरक्षा उपकरणों एवं तकनीकी निगरानी प्रणाली की प्रभावी कार्यप्रणाली बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस निरीक्षण के उपरांत पूर्वाह्न 10:35 बजे जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों की निर्वाचन प्रक्रिया में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करना तथा उन्हें मतदान से संबंधित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना था। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक, दिव्यांगजन कोषांग के सहायक निदेशक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्मार्ट सिटी में 3.40 करोड़ के ई-टॉयलेट घोटाला, ठेकेदार रिशुश्री पर शिकंजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर। मनी लांड्रिंग और टेंडर घोटाले में फंसे रिशु श्री की जांच की आंच भागलपुर तक पहुंच गई है। रिशु श्री की रिलायबल कंपनी ने भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से लाखों-करोड़ों की डील की है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में 3.40 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत वाली 25 यूनिट ई-टायलेट निर्माण का ठेका रिशु श्री की कंपनी रिलायबल इंटरप्राइजेज-रिलायबल इंफ्रा सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। इसमें महज एक टायलेट की लागत 13 लाख रुपये से अधिक बताई गई। हालांकि, स्मार्ट सिटी का सबसे असफल कार्य ई-टायलेट ही रहा। चालू होने के कुछ दिनों में सभी ई-टायलेट कबाड़-ध्वस्त हो गए। जिस समय यह कार्य हुआ उस दौर में उसके नजदीकी डॉ. योगेश सागर नगर निगम के नगर आयुक्त थे। जिनकी भूमिका की जांच कराने पर बड़ा मामला सामने आ सकता है। करीब साढ़े तीन करोड़ में सिर्फ 50 लाख रुपये का भुगतान लंबित है। जिसे स्मार्ट सिटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के आदेश से जब्त कर लिया गया है। उक्त बकाया राशि जब्त करते हुए रिशु श्री की कंपनी का एकरारनामा भी रद्द किया गया है। इस बीच स्मार्ट सिटी द्वारा कई बार पत्राचार भी किया गया। जिसके बाद भी कबाड़ बने ई-टायलेट का रखरखाव नहीं किया गया। राशि जब्त करने के बाद इस वर्ष नौ फरवरी को इशाकचक थाने में रिलायबल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर रिशु श्री पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर अत्याधुनिक ई-टॉयलेट स्थापित करने की योजना बनाई थी। लाजपत पार्क, तिलकामांझी, कचहरी चौक, घंटाघर, कोतवाली चौक, आदमपुर चौक, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड सहित 12 स्थानों पर कुल 25 ई-टॉयलेट लगाए गए थे। परियोजना के तहत ऑटोमैटिक दरवाजे, सेंसर आधारित फ्लशिंग सिस्टम, ऑटो क्लीनिंग तकनीक, स्मार्ट वाटर मीटर और आधुनिक इलेक्ट्रिकल सिस्टम जैसी सुविधाओं का दावा किया गया था। उद्देश्य था कि शहरवासियों और बाहर से आने वाले यात्रियों को स्वच्छ और आधुनिक शौचालय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। लेकिन कुछ ही वर्षों में यह महत्वाकांक्षी योजना दम तोड़ती नजर आ रही है।

# पंजाब के पांच मंदिरों और पंजाब सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

चंडीगढ़। पंजाब के पांच प्रसिद्ध मंदिरों और चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। धमकी भरी ई-मेल में दावा किया गया कि दोपहर 1:11 बजे से 3:11 बजे के बीच धमाके किए जाएंगे। ई-मेल में अमृतसर के दुर्ग्याणा मंदिर, पठानकोट के मुक्तेश्वर मंदिर, जालंधर के देवी तालाब मंदिर, बठिंडा के मैसरखाना मंदिर और पटियाला के काली देवी मंदिर का नाम शामिल किया गया है। इसके अलावा चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय को भी निशाना बनाने की धमकी दी गई है। ई-मेल मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ते और अन्य सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। संबंधित मंदिरों और सचिवालय परिसर के आसपास विस्तृत तलाशी अभियान चलाया गया। हालांकि शुरुआती जांच में किसी भी स्थान से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

# पंचकूला के सेक्टर 5 में क्लब के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग, दो घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पंचकूला। पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित एक क्लब के बाहर बुधवार देर रात हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में सनसनी फैल गई। हमलावरों ने दो युवकों को निशाना बनाते हुए करीब 12 से 15 राउंड गोलियां चलाईं, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बुधवार रात करीब 1 बजे रतन लुबाना और ललित (दोनों निवासी एमडीसी) सेक्टर-5 स्थित एक क्लब से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे कुछ हमलावरों ने उन पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जान बचाने के लिए दोनों युवकों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन हमलावर लगातार गोलियां चलाते रहे। फायरिंग की आवाज से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। गोलीबारी में रतन लुबाना के पेट में गोली लगी, जबकि ललित के कंधे में गोली लगी। दोनों को तुरंत उपचार के लिए सेक्टर-6 स्थित सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। सेक्टर-5 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर उसकी जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार हमलावरों की पहचान और वारदात के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश समेत अन्य संभावित कारणों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है।

# पंजाब रोडवेज और पीआरटीसी के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के आदेशों पर हाई कोर्ट की रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंजाब रोडवेज और पेप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने से जुड़े आदेशों पर फिलहाल रोक लगा दी है। डिवीजन बेंच ने मामले में नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई 31 अगस्त के लिए तय की है। अदालत ने अपने अंतरिम आदेशों में कहा है कि अगली सुनवाई तक कर्मचारियों की मौजूदा सेवा स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यानी फिलहाल कर्मचारियों को नियमित करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी। दरअसल, उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने 22 अप्रैल को पीआरटीसी को निर्देश दिए थे कि कच्चे कर्मचारियों को छह सप्ताह के भीतर नियमित किया जाए। अदालत ने यह भी साफ किया था कि अगर तय समय में आदेश लागू नहीं किए गए, तो कर्मचारियों को अपने आप नियमित माना जाएगा। इस आदेश को चुनौती देते हुए पीआरटीसी ने उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी। सुनवाई के दौरान निगम के वकीलों ने दलील दी कि कर्मचारियों के नियमितीकरण से जुड़ा यही मुद्दा पहले से ही एक अन्य केस में उच्च न्यायालय के सामने विचाराधीन है। वकीलों ने अदालत को बताया कि 21 मई को भी इसी तरह के मामले में अंतरिम आदेश जारी हुए थे और उस केस की सुनवाई भी 31 अगस्त को तय है। इसके बाद डिवीजन बेंच ने मौजूदा केस को भी उसी तारीख के लिए सूचीबद्ध कर दिया। उच्च न्यायालय ने अंतरिम राहत देते हुए यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। इसका मतलब है कि फिलहाल न तो कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा और न ही उनकी मौजूदा सेवा शर्तों में कोई बदलाव होगा। अब इस मामले पर अगला फैसला 31 अगस्त को होने वाली सुनवाई के बाद ही सामने आएगा। तब तक कर्मचारियों के नियमितीकरण पर रोक जारी रहेगी।

# सीएम धामी ने 9.74 लाख लाभार्थियों के खातों में जारी की 176.59 करोड़ की पेंशन, नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक जागरूकता एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मई 2026 की पेंशन राशि लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने वन क्लिक प्रणाली के माध्यम से 9 लाख 74 हजार 338 लाभार्थियों को कुल 176 करोड़ 59 लाख 24 हजार रुपये की पेंशन राशि जारी की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और देखभाल की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि सामाजिक कल्याण योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक पात्र व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव व देरी के योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। वहीं मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, स्टैंड-अप इंडिया और राष्ट्रीय आजीविका मिशन जैसी योजनाओं ने स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सामाजिक न्याय को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। अंत्योदय परिवारों को प्रतिवर्ष तीन निशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि स्वयं सहायता समूहों को 'लखपति दीदी योजना' और कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना, वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम और अपणि सरकार पोर्टल के माध्यम से विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रेल और हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है। राष्ट्रीय खेलों, जी-20 बैठकों और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से राज्य को नई पहचान मिली है। साथ ही केदारखंड-मानसखंड मंदिर माला मिशन, शारदा कॉरिडोर, ऋषिकेश-हरिद्वार कॉरिडोर, यमुना कॉरिडोर, विवेकानंद कॉरिडोर और गोल्ज्यू कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री आवास में बनेगा 3-बी गार्डन, कृष्णा वट का पौधा लगाकर धामी ने किया शुभारंभ

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर स्थित राजकीय उद्यान, सर्किट हाउस देहरादून में विकसित किए जा रहे 3-बी गार्डन (बी-फ्रेंडली, बटरफ्लाई-फ्रेंडली एवं बर्ड-फ्रेंडली गार्डन) के निर्माण कार्य का शुभारंभ कृष्णा वट पौधे का रोपण कर किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से मधुमक्खी पालन को बढ़ावा मिलने के साथ जैव विविधता संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही यह उद्यान पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित की ओर से इस अवधारणा पर कार्य शुरू किया गया था। उद्यान में जामुन, शहतूत, सहजन, कदम्ब, कपूर, गुड़हल, अमरूद, नीम, बांस, बॉटल ब्रश, तुलसी, लैवेंडर, सूरजमुखी, रोजमेरी, पुदीना सहित अनेक पौधों का मिश्रित रोपण किया जा रहा है, जो मधुमक्खियों, तितलियों और पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करेंगे।

# लुधियाना में प्रेशर कुकर फटने से घर की दीवार गिरी, मां-बेटे समेत 3 गंभीर घायल

लुधियाना। लुधियाना के जमालपुर इलाके में गुरुवार सुबह एक घर में प्रेशर कुकर फटने से घर की एक दीवार गिर गई और कमरे में आग लग गई। आग की चपेट में आने से टीवी, बेड और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हादसे के समय घर में मौजूद विनोद, उसकी पत्नी रीमा और 14 वर्षीय बेटा मलबे के नीचे दब गए और आग में झुलस गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा जमालपुर के विचित्र नगर में सुबह करीब 6:30 बजे हुआ। परिवार जिस कमरे में सोता था, उसी कमरे में रसोई भी बनी हुई थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि रात के समय परिवार ने खाना बनाते हुए प्रेशर कुकर गैस पर रखा था। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की और तीनों घायलों को मलबे से बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने के कारण उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। फिलहाल विनोद और उसकी पत्नी रीमा की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि बेटा भी डॉक्टरों की निगरानी में उपचाराधीन है। पड़ोसी खुर्शीद आलम ने बताया कि सुबह अचानक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। बाहर आकर देखा तो पीछे वाले कमरे की दीवार टूटी हुई थी और अंदर आग लगी हुई थी। इसके बाद लोगों ने मिलकर घायलों को बाहर निकाला। थाना जमालपुर के एसएचओ प्रमोद राज ने बताया कि हादसे के असल कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। यह भी जांच की जा रही है कि धमाका प्रेशर कुकर फटने से हुआ या गैस लीक होने के कारण।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063